3 राजधानी
सीएम आवास के सौंदर्यीकरण पर सियासी घमासान

6 अभिमत
प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता

10 विदेश
चिनफिंग ने जेलेंस्की से फोन पर बात की

12 स्पोर्ट्स
कोलकाता ने रॉयल चैलेंजर्स को हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 170
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 27 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने सत्ता के लिए मजहब का इस्तेमाल किया
राष्ट्रीय-11

# नक्सली हमले में 10 पुलिसकर्मी शहीद

## नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी समेत विभिन्न नेताओं ने जवानों की शहादत पर दुख जताते हुए दी श्रद्धांजलि

- घटना में चालक की भी मौत, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में हुई घटना, माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन से लौट रहे सुरक्षाकर्मियों के वाहनों के काफिले पर घात लगाकर किया हमला, आईईडी का इस्तेमाल

**एजेंसी** । दंतेवाड़ा



दंतेवाड़ा में पुलिस वाहन पर नक्सली हमले के बाद घटनास्थल पर तैनात सुरक्षा बलों के जवान

**छत्तीसगढ़** के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाकर्मियों को लेकर जा रहे काफिले में शामिल एक वाहन को नक्सलियों ने विस्फोट कर उड़ा दिया, जिसमें 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गए। घटना में वाहन चालक की भी मौत हो गई। नक्सलियों ने हमले में आईईडी का इस्तेमाल किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा राहुल गांधी समेत विभिन्न नेताओं ने सुरक्षाकर्मियों की शहादत पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हेंश्रद्धांजलि दी। एक अधिकारी ने बताया कि पिछले दो सालों में सुरक्षा बलों पर नक्सलियों का यह सबसे बड़ा हमला है। धमाके में 40 किलो विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराजन पी ने बताया कि यह घटना अरणपुर पुलिस थानांर्गत दोपहर एक से डेढ़ बजे के बीच हुई, जब राज्य पुलिस की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम नक्सल विरोधी ऑपरेशन में भाग लेने गई थी। आमतौर पर डीआरजी कर्मी स्थानीय आदिवासी समुदाय से भर्ती किए जाते हैं तथा उन्हें माओवादियों से मोर्चा लेने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। कई बार आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को भी डीआरजी में भर्ती किया जाता है। घटनास्थल प्रदेश की राजधानी रायपुर से करीब 450 किलोमीटर दूर है। आईजीपी ने कहा कि वाहन में 10 डीआरजी जवान सवार थे और नक्सलियों ने इस वाहन को अरणपुर तथा सामेली गांव के बीच विस्फोट से उड़ा दिया।

घटना में सभी 10 जवानों और एक नागरिक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने वाहन को किराये पर लिया था। घटना के तुरंत बाद मौके पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भेजा गया तथा मृतकों के शवों को दंतेवाड़ा ले आया गया। आईजीपी ने कहा कि इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। दंतेवाड़ा में तैनात एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दरबा में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद मंगलवार की रात दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय से करीब 200 सुरक्षाकर्मी रवाना हुए थे। नाम न उजागर करने की शर्त पर उन्होंने बताया कि बुधवार की सुबह अरणपुर के पास नहादी गांव में पेट्रोलिंग टीम और नक्सलियों के बीच गोलीबारी हुई, जिसके बाद दो संदिग्ध नक्सलियों को पकड़ लिया गया। उन्होंने कहा कि इसके बाद वाहनों के काफिले में सुरक्षाकर्मी मुख्यालय लौट रहे थे। वाहनों के बीच 100-150 मीटर का फासला था और नक्सलियों ने काफिले के दूसरे वाहन को निशाना बनाया। विस्फोट के बाद काफिले में शामिल आगे और पीछे के वाहनों ने पोजीशन ले ली तथा दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। घटनास्थल की तस्वीरों से पता चलता है कि विस्फोट से करीब 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया। वाहन पूरी तरह से नष्ट हो गया था।

वीडियो में प्लास्टिक की शीट से ढंके शव भी दिखाई दे रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि ऐसा लगता है कि करीब 40 किलो विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। मौके पर फोरेंसिक टीम भी पहुंच गई है। छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने एंटी नक्सल ऑपरेशन तथा राज्य खुफिया शाखा से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक कर हालात का जायजा लिया। घटना में हुई मौतों पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नक्सवाद के खिलाफ जंग अपने आखिरी चरण में है तथा नक्सलियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि हम समन्वय से काम करेंगे तथा नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे। बघेल को शाम को चुनावी राज्य कर्नाटक में प्रचार अभियान के लिए जाना था लेकिन उन्होंने अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। वे गुरुवार को दंतेवाड़ा में शहीद जवानों ( शेष पेज 9 )

# भारतीयों का पहला जत्था सूडान से वतन पहुंचा

**ऑपरेशन कावेरी**

- ऑपरेशन कावेरी के तहत हिंसाग्रस्त देश से अब तक 534 भारतीय नागरिकों को निकालकर जेद्दा लाया गया, वहां भारत के लिए उड़ान भर रहे हैं विमान

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



ऑपरेशन कावेरी के तहत 360 भारतीयों का पहला जत्था बुधवार देर रात नई दिल्ली पहुंचा

**गृहयुद्ध** से घिरे अफ्रीकी देश सूडान से भारतीयों का पहला जत्था बुधवार देर रात नई दिल्ली पहुंच गया। इन लोगों को पहले हिंसा प्रभावित देश से निकालकर सऊदी अरब के जेद्दा लाया गया। वहां से 360 लोगों के साथ विमान ने दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। भारतीय वायु सेना के दो परिवहन विमानों के जरिए हिंसाग्रस्त सूडान से अब तक कम से कम 534 नागरिकों को निकाल लिया गया है। वायुसेना के सी-130जे सैन्य परिवहन विमानों के जरिए पहली उड़ान सूडान के पोर्ट से जेद्दा के लिए भरी जिसमें 256 भारतीय नागरिक सवार थे। इससे पहले ( शेष पेज 9 )

### उत्तर प्रदेश सरकार ने बनाई हेल्प डेस्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सूडान में फंसे प्रदेश के लोगों के लिए दिल्ली में हेल्प डेस्क बनाई है। लखनऊ में अपर स्थानिक आयुक्त सौम्य श्रीवास्तव ने बयान जारी कर बताया कि अफ्रीकी देश सूडान में उत्पन्न संकट और हालात के मद्देनजर वहां फंसे उत्तर प्रदेश के निवासियों के लिए नई दिल्ली स्थित राज्य के ( शेष पेज 9 )

## यूपी छात्रवृत्ति घोटाला: ईडी ने हाइजिया समूह के प्रवर्तक सहित तीन को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाइजिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मुख्य प्रवर्तक सहित तीन लोगों को 75 करोड़ रुपए के छात्रवृत्ति कोष का गबन करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया। आरोप है कि समूह ने उत्तर प्रदेश के कुछ संस्थानों के आर्थिक रूप से कमजोर, अल्पसंख्यकों और दिव्यांग छात्र को दी जाने वाली छात्रवृत्ति की राशि का गबन किया। एजेंसी ने यहां जारी बयान में कहा कि इजहार हुसैन जाफरी, अली अब्बास जाफरी और रवि प्रकाश गुप्ता को गिरफ्तार किया गया और धनशोधन निषेध अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से अदालत ने तीनों को पांच दिनों की ईडी की ( शेष पेज 9 )

## बंगाल के स्कूल में पुलिस ने बंधक संकट टाला, बंदूकधारी गिरफ्तार

**भाषा** । मालदा

**पश्चिम** बंगाल में मालदा जिले के एक उच्च विद्यालय की कक्षा में बुधवार को एक हथियारबंद व्यक्ति घुस गया, लेकिन पुलिस ने उसे काबू करने के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस संकट को टालने के लिए पुलिस की प्रशंसा की।

घटना के समय वह (ममता) कोलकाता में एक प्रशासनिक बैठक कर रही थीं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिले के ओल्ड मालदा इलाके में स्थित मुचिया आंचल चंद्रमोहन उच्च विद्यालय के छात्रों के बीच उस वक्त दहशत फैल गई, जब हाथ में पिस्तौल लिए एक अज्ञात व्यक्ति कक्षा में घुस गया। अधिकारी ने बताया, वह व्यक्ति आठवीं कक्षा ( शेष पेज 9 )

### दिल्ली के स्कूल में बम की अफवाह से अफरा-तफरी

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में मथुरा रोड पर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के प्रबंधन को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए परिसर में बम होने की धमकी मिली। इससे प्रबंधन के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में पुलिस को मामले की सूचना दी गई। खबर मिलते ही स्कूल परिसर ( शेष पेज 9 )

# भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी, चाहे विरोधी कितना भी बड़ा गठबंधन क्यों न बना लें: प्रधानमंत्री

**भाषा** । नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द मोदी ने बुधवार को कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई से कुछ लोग नाराज हैं, लेकिन वह भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ इस लड़ाई में पीछे नहीं हटेंगे। मोदी ने एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि जो लोग नाराज हैं और शोर मचा रहे हैं, वे पिछले नौ साल में उनकी सरकार द्वारा बनाई गई ईमानदार व्यवस्था को नष्ट करना चाहते हैं, लेकिन वे अपनी साजिशों में सफल नहीं होंगे, क्योंकि विरोधियों की लड़ाई उनके साथ नहीं, बल्कि आम लोगों के खिलाफ है।

उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब विपक्षी दल 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ हाथ मिलाने के लिए फिर से कवायद कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दलों ने उनके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करने और लोकतांत्रिक संस्थानों को कमजोर करने का केंद्र सरकार पर आरोप भी लगाया है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से सरकारी योजनाओं और अन्य खर्चों में हजारों करोड़ रुपए की लीकेज खत्म हो गई है, जिससे कुछ लोगों के लिए भ्रष्टाचार का स्रोत रुक गया है।

उन्होंने कहा कि ऐसे में वे उन्हें गाली नहीं देंगे तो और क्या करेंगे? यह उल्लेख करते हुए कि उनकी सरकार द्वारा जन धन बैंक खाते, आधार और मोबाइल फोन के इस्तेमाल से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी बाहर हो गए, प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर ऐसे लोगों को धन भेजने का आरोप लगाया, जिनका अस्तित्व ही नहीं था और जिनकी संख्या दिल्ली, पंजाब और हरियाणा की संयुक्त आबादी से बड़ी थी। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार का स्रोत था और अब इसे रोक दिया गया है। मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में अब कोई आधा उपाय और अलग-थलग दृष्टिकोण नहीं है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि अब इस लड़ाई में एक एकीकृत और संस्थागत तंत्र मौजूद है। उन्होंने कहा, वे (विरोधी) कितना भी बड़ा गठबंधन कर लें...सभी भ्रष्ट लोगों और सभी परिवारवादी को मंच पर आने दें... मोदी अपने रास्ते से पीछे हटने वाला नहीं है। मैंने देश को भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद से मुक्त करने का संकल्प लिया है और यह जारी रहेगा। मैं आपका आशीर्वाद चाहता हूं। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने कुछ लोगों के लिए भ्रष्टाचार के जरिए पैसा बनाने के साधन बंद ( शेष पेज 9 )

# आप की शैली ओबेरॉय फिर चुनी गईं दिल्ली की महापौर



नवनिर्वाचित महामौर शैली ओबरॉय एवं उप महापौर आले मोहम्मद इकबाल।

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

- आले मोहम्मद इकबाल भी दोबारा चुने गए उपमहापौर, भाजपा उम्मीदवारों ने वापस लिया नामांकन

**आम** आदमी पार्टी (आप) की शैली ओबेरॉय बुधवार को निर्विरोध दिल्ली की महापौर चुन ली गईं, क्योंकि चुनाव में उन्हें टक्कर दे रहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार शिखा राय ने अपना नामांकन ऐन वक्त पर वापस ले लिया।

इसी के साथ, ओबेरॉय को महापौर का एक और कार्यकाल मिल गया। अपना नामांकन वापस लेने वाली भाजपा उम्मीदवार राय ने सदन को बताया कि उन्होंने स्थाई समिति का चुनाव नहीं होने के कारण यह कदम उठाया है। मौजूदा उप-महापौर आले मोहम्मद इकबाल भी दोबारा इस पद के लिए चुन लिए गए, क्योंकि भाजपा उम्मीदवार सोनी पाल ने अपना नामांकन वापस ले लिया। दिल्ली में महापौर पद के चुनावों में ओबेरॉय और ( शेष पेज 9 )

# धर्म आधारित आरक्षण असंवैधानिक: योगी

- कर्नाटक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने चुनावी रैली में कांग्रेस पर साधा निशाना

**भाषा** । मांडया



कर्नाटक में एक चुनावी सभा में लोगों का अभिवादन करते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कर्नाटक में अपनी पहली चुनावी रैली में धर्म आधारित आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि यह संविधान के खिलाफ है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि मजबूत डबल इंजन सरकार के कारण पिछले छह वर्षों में उत्तर प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ। आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा के नेतृत्व वाले जनता दल (सेक्युलर) के गढ़ में एक चुनावी रैली के दौरान कहा, कांग्रेस पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का तुष्टिकरण करती है और धर्म आधारित आरक्षण देती है, जो भारतीय संविधान के खिलाफ है।

इस इलाके में वोक्कालिगा समाज के लोगों की बहुलता है।योगी अन्य पिछड़ा ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### क्वाड व जी7 की बैठकों में भाग लेंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 मई को सिडनी में क्वाड समूह के शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन तथा आस्ट्रेलिया और जापान के अपने समकक्ष नेताओ केसाथ हिस्सा लेंगे। बैठक में यूक्रेन संघर्ष और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र की सम्पूर्ण स्थिति पर चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आस्ट्रेलिया की यात्रा पर जाने से पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जापान के शहर हिरोशिमा की यात्रा करने की संभावना है, जहां वह विकसित अर्थव्यवस्थाओ के जी7 समूह की शिखर बैठक में शामिल होंगे। यह बैठक 19 से 21 मई तक होने का कार्यक्रम है। पिछले महीने भारत की यात्रा पर आए जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने प्रधानमंत्री मोदी को जी7 समूह की बैठक में हिस्सा लेने का न्यौता दिया था। क्वाड चार देशों का एक सुरक्षा संवाद समूह है, जिसमे भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल है। यह पहली बार होगा, जब ऑस्ट्रेलिया क्वाड देशों के नेताओ की मेजबानी करेगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को चंडीगढ़ में पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रहे प्रकाश सिंह बादल को शिरोमणि अकाली दल के कार्यालय में पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। दिग्गज नेता रहे बादल का आज अंतिम संस्कार किया जाएगा

# देश में खुलेंगे 157 सरकारी नर्सिंग कालेज

**भाषा** । नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने देश में 157 सरकारी नर्सिंग कॉलेज खोलने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी जिस पर 1570 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मांडविया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि इसके तहत देश में 157 सरकारी नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे तथा इन्हें अगले 24 महीने में पूरा करके राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इसके लिए 1570 करोड़ रुपए मंजूर किए गए ( शेष पेज 9 )

# मन की बात संवाद और प्रेरणा का अहम माध्यम

## अमित शाह और आमिर खान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सराहा

- शाह बोले, 99 कड़ियों में एक भी राजनीतिक मुद्दे का जिक्र नहीं, आमिर ने कहा- आम आदमी से जुड़ाव का जरिया

**पीएनएस/एजेंसी** । नई दिल्ली





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के 100 एपिसोड पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह और अभिनेता आमिर खान

**गृहमंत्री** अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात आकाशवाणी को युवा पीढ़ी तक ले गई और इस कार्यक्रम की खूबी यह है कि प्रधानमंत्री ने इसकी 99 कड़ियों में एक भी राजनीतिक मुद्दे का जिक्र नहीं किया। वहीं अभिनेता आमिर खान ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम है जिसके जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम नागरिकों से जुड़ते हैं। अभिनेता ने मन की बात कार्यक्रम के 100 एपिसोड पूरे होने के मौके पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन से इतर यह बात कही। प्रधानमंत्री के इस रेडियो कार्यक्रम की 100वीं कड़ी का प्रसारण 30 अप्रैल को किया जाएगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे।

अमित शाह ने मन की बात के 100 सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जन संवाद के जरिए लोगों तक बराबर मन की बात पहुंचाई और आकाशवाणी को माध्यम बनाया व लोगों से जोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि देश की शक्ति को संगठित करने का काम इस मंच (मन की बात) के जरिए किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा योगदान जाति की राजनीति, भाई-भतीजावाद, तुष्टिकरण की समाप्ति और पद्म पुरस्कारों का लोकतंत्रीकरण करना है शाह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम की आधे घंटे की कड़ी करोड़ों लोगों को राष्ट्र के प्रति योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हर चुनौती को अवसर में बदलते हैं। वहीं आमिर खान ने कहा, यह संवाद का एक बहुत ही महत्वपूर्ण माध्यम है जिसके जरिए देश के नेता आम लोगों के साथ बातचीत करते हैं, महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हैं, अपने विचार रखते हैं, सुझाव देते हैं... उन्होंने कहा, इस तरह आप संचार के माध्यम से नेतृत्व करते हैं। आप ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 27 अप्रैल, 2023



# नोएडा में 100 से ज्यादा स्कूलों पर 1 लाख जुर्माना

## कोरोना काल से जुड़ा मामला, प्रशासन के आदेश के बाद भी 15 फीसदी फीस नहीं लौटाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्रशासन ने प्राइवेट स्कूलों पर बड़ा एक्शन लिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद फीस वापस नहीं करने पर 100 से ज्यादा स्कूलों पर 1.1 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया गया है।

डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि स्कूलों के पास 30 दिन का समय है, अगर अभिभावकों को फ ीस वापस नहीं की गई तो यही जुर्माना 5.5 लाख रुपए कर दिया जाएगा। इसकी वसूली भी स्कूलों से होगी। बता दें कि 2 दिन पहले उत्तराखंड पब्लिक स्कूल पर फ ीस को लेकर प्रिंसिपल और अभिभावकों के बीच गहमा-गहमी हो चुकी है। बकाया के चलते स्कूल सील की कार्रवाई हुई है।

ये पूरा मामला कोरोना कॉल में सत्र 2021-22 में ली गई फ ीस से जुड़ा हुआ है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने



नोएडा में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बैठक कर जिले के 100 से अधिक निजी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश जारी किया।

आदेश दिया था कि सभी स्कूल कोरोना काल सत्र 2021.22 में ली गई फ ीस का 15: अभिभावकों को वापस करेंगे। आदेश के बाद भी स्कूल प्रबंधन पालन नहीं कर रहा था। कुछ स्कूलों ने जवाब में कहा है कि कोरोना काल में उन्होंने अभिभावकों को स्वयं अपनी तरफ से 20 से 30: की छूट दी थी, ऐसे में उस छूट को न्यायालय के आदेश में शामिल किया जाए। इस संबंध में जिलाधिकारी ने शासन को पत्र लिखकर जानकारी मांगी। एपीजे स्कूल नोएडा ने वर्तमान शैक्षिक सत्र में 35: फ ीस बढ़ोतरी किए जाने से पहले जिला शुल्क नियामक समिति के तहत 60 दिन के अंदर न तो वेबसाइट पर अपलोड किया। न ही समिति के पास अनुमोदन किया। ऐसे में स्कूल प्रबंधन पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक को ये भी निर्देश दिए गए कि शासन की ओर से अनुमन्य फीस से अधिक कोई भी स्कूल फ ीस बढ़ोतरी न कर पाए। शासनादेश का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

छात्र और अभिभावकों को पुस्तकें, जूतेए मोजे एक ही दुकान से खरीदने पर बाध्य नहीं किया जा सकता है। अब ये मामला डीएम के एक आदेश के बाद गरमा गया है। इसमें आदेश के बाद भी जिन स्कूलों ने अभिभावकों को 15: पैसा वापस नहीं किया था। उसमें से लगभग 100 से अधिक स्कूलों पर एक.एक लाख का जुर्माना लगाया गया है। जिलाधिकारी ने आदेश में कहा कि स्कूलों को हाईकोर्ट के आदेश का पालन करना चाहिए।

### शीर्ष 10 स्कूल जिन पर लगा जुर्माना

1. शिवनाडर स्कूल नोएडा
2. रायन स्कूल सेक्टर.39
3. फादर एग्नल स्कूल नोएडा
4. जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल स्वर्ण नगरी ग्रेटर नोएडा
5. गगन पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा
6. मार्डन पब्लिक स्कूल सेक्टर-11 नोएडा
7. बिल्ला बोंग हाईइंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-34 नोएडा
8. रामज्ञा पब्लिक स्कूल सेक्टर-50 नोएडा
9. द मिलेनियम स्कूल सेक्टर-50
10. लोटस वेली ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन

## लेडी डॉन की गिरफ्तारी पर पांच लाख का इनाम

नोएडा। जनपद गौतमबुद्धनगर में हुए अरबों के बाइक बोट घोटाले के मामले में फरार चल रही दीप्ति बहल की गिरफ्तारी पर उत्तर प्रदेश सरकार ने 5 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। वह यूपी की टॉप डॉन लेडी में शुमार हो गई है।

माफिया डान अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशा अंसारी दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं।

## पार्ट टाइम नौकरी के नाम पर नौ लाख रु. की ठगी

नोएडा। नोएडा में सेक्टर-113 थानाक्षेत्र के सेक्टर 72 में एक युवती को पार्ट टाइम जॉब के नाम पर अज्ञात साइबर ठगों ने कथित रूप से उससे 8 लाख 77 हजार रुपए ठग लिए।

थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 72 की स्नेहा तोमर ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, व्हाट्सएप पर पार्ट टाइम जॉब का एक मैसेज आया था।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री की बेटी ने विधायक प्रतिनिधि पर किया केस

गाजियाबाद। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं गाजियाबाद के सांसद जननल वीके सिंह की बेटी मृणालिनी सिंह ने थाना विजयनगर में शहर सीट से बीजेपी विधायक अतुल गर्ग के प्रतिनिधि अजय राजपूत पर एफआईआर कराई है। ये व्यक्ति उन पर ये आरोप लगा रहा है कि निकाय चुनाव में पैसे लेकर टिकट बांटे गए हैं। एफआईआर में मृणालिनी सिंह ने लिखा. अजय राजपूत नाम के व्यक्ति ने अपने फ ोन के स्टेटस पर मेरे लिए पैसे लेकर टिकट देने के आरोप लगाए हैं। इससे समाज में मेरी छवि खराब हुई है और मानसिक तौर पर परेशानी हो रही है।

### सुरजीत सिंह बादल का निधन अपूरणीय क्षति : अरोड़ा



गाजियाबाद। शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख और पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रहे प्रकाश सिंह बादल के निधन पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के चेयरमैन डॉ पी एन अरोड़ा गहरा शोक जताया है। डा. अरोड़ा ने कहा कि बादल का निधन मेरे लिए निजी अपूर्णीय क्षति है। उनके साथ बिताए हुए पलों को याद करते हुए डॉ अरोड़ा ने कहा कि वह बहुत ही महान व्यक्ति थे और बहुत ही सरल स्वभाव के थे।

### गाजियाबाद में वकीलों ने हेड कांस्टेबल को पीटा

गाजियाबाद। गाजियाबाद न्यायालय परिसर में एक वकील ने अपनी कार वहां खड़ी कर दी, जहां न्यायाधीशों की गाड़ियां खड़ी होती हैं। आपत्ति जताने पर वकीलों ने इकट्ठा होकर ट्रैफिक पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल को पीट डाला और मोबाइल छीनकर फेंक दिया। हेड कॉन्स्टेबल ने इस मामले में एक नामजद और 15 अज्ञात वकीलों पर कई धाराओं में थाना कविनगर में एफआईआर कराई है।

### फर्जी कॉल सेंटर के जरिए करोड़ों की ठगी

नोएडा। एचपी गैस एजेंसी, लोन और हेल्थ इंश्योरेंस के नाम पर ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर का पर्दाफाश नोएडा की थाना सेक्टर.63 पुलिस ने किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग अब तक करोड़ों रुपए की ठगी कर चुके है। पुलिस ने इनके पास से 1 लैपटॉप एचपी कंपनी, 17 मोबाइल, 3 डायरी, 12 अप्रूवल लैटर, 7 कालिंग डेटा शीट बरामद की है।

### प्लाट बेचने के नाम पर महिला से तीन लाख हड़पे

नोएडा। थाना नॉलेज पार्क में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तुगलपुर गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने 550 वर्ग मीटर के प्लाट को बेचने के नाम पर उनसे 30 लाख रुपए बयाना के रूप में लिया तथा धोखाधड़ी कर प्लाट को किसी और के नाम रजिस्ट्री कर दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उनके पैसे नहीं दे रहे हैं।

# सुपरटेक के प्रमोटर और एमडी पर 425 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

नोएडा। इंडिया बुल्स फ इनेंस कंपनी के अधिकारी ने सुपरटेक बिल्डर के प्रमोटर आरके अरोड़ा, एमडी मोहित अरोड़ा समेत 34 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि इन्होंने गिरवी रखी संपत्ति को धोखाधड़ी कर बेच दिया, जिससे कंपनी को 425 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ। इंडिया बुल्स फाइनेंस कंपनी के इंडिया बुल्स की अधिकारी सुनीला सांगवान ने यह मुकदमा सेक्टर.126 थाने में दर्ज कराया गया है। इसमें उनका आरोप लगाया है कि सुपरटेक ने सेक्टर 94 में स्थित सुपरनोवा बिल्डिंग के एस्टेलर टावर में सात लाख चार हजार 393 स्कवायर फीट एरिया की 1293 यूनिट उनके यहां पर गिरवी रख कर लोन लिया था। इनको भी धोखाधड़ी कर बेच दिया। यह मारगेज डील 24 अप्रैल 2018 को पंजीकृत हुई थी। सुपरटेक की तरफ से बताया गया कि सेक्टर.94 में सुपरनोवा हाउसिंग प्रोजेक्ट बना रही है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228 ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता – 700 020 सीआईएन : एल65190जीजे1994पीएलसी021012 www.icibank.com

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण खाता संख्या) एवं पता सत्यम शिवम सुंदरम/लक्ष्मी सुंदरम/शिवम सुंदरम/एस/ओ-परमेश्वर प्रसाद पता – नयागांव जमालपुर, जिला मुंगेर, बिहार, जमालपुर-811214/ एलबीपीटीएन00005838110 | मौजा-सिकंदरपुर, तौजी नंबर 3936, जमाबंदी नंबर 357, थाना ईस्ट कालोनी, थाना नंबर 08, खाता 21 22, वार्ड नंबर 05, हल 15, शीट नंबर 21 एवं 22, प्लॉट नंबर 917, अंचल-जमालपुर, सब-रजिस्ट्री कार्यालय मुंगेर, जिला-मुंगेर, क्षेत्रफल परिमाप 1.56 डेसीमल अथवा 1361.25 वर्ग फीट अथवा 10 धुर | 28-02-2023 रू. 6,41,194/- | 06-12-2022 |

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 27 अप्रैल, 2023
स्थान : गाजियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070 सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com शाखा पता : प्लॉट नंबर 6, ब्लॉक ए, द्वितीय तल, सेक्टर-2, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एलसी नंबर : एम0010609 नोएडा शाखा) शब्बीर शब्बीर (कर्जदार) अजमेरी खातून (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 10,72,500/- (रूपए दस लाख बहत्तर हजार पांच सौ मात्र) एनपीए (03-01-2023) | आवासीय खाली प्लॉट खसरा नंबर 1579 का हिस्सा, परगना लोनी, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, ग्राम बेहटा हाजीपुर गाजियाबाद, लैंडमार्क, निकट बेहटा रेलवे स्टेशन, नगर : गाजियाबाद, पिन : 201102, राज्य : उत्तर प्रदेश, देश : भारत |
| (एलसी नंबर : एम0035974 गुरूग्राम शाखा) नवीन कुमार अहलावत (कर्जदार) शोभा शोभा (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 66,05,457.81/- (रूपए छियासठ लाख पांच हजार चार सौ सत्तावन तथा पैसे इक्यासी मात्र) एनपीए (03-01-2023) | सम्पत्ति सं. बी-16, सम्पूर्ण भू तल, मेफील्ड गार्डन, ब्लॉक बी, गुरूग्राम, लैंडमार्क : आवासीय कालोनी, नगर : गुरूग्राम, पिन : 122001, राज्य : हरियाणा, देश : भारत |
| (एलसी नंबर : एम0036902 नोएडा शाखा) मजाहिर हुसैन मौलाई (कर्जदार) द्राक्शा द्राक्शा (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 10,49,810/- (रूपए दस लाख उन्चास हजार आठ सौ दस मात्र) एनपीए (04-12-2022) | डीडीए जनता फ्लैट नंबर 461, भू तल, ब्लॉक डी, पाकेट-11, साउथ दिल्ली, लैंडमार्क : निकट मदर डेरी, नगर : साउथ दिल्ली,, पिन : 110025, राज्य : दिल्ली, देश : भारत |
| (एलसी नंबर : एम0041928 दिल्ली शाखा) मोहम्मद वसीम (कर्जदार) जैतून निशा (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 20,51,896/- (रूपए बीस लाख इक्यावन हजार आठ सौ छियानवे मात्र) एनपीए (03-01-2023) | ए-64, बैक साइड पोर्शन, भू तल, वेयरहाउसिंग स्कीम (डब्ल्यूएचएस) कीर्ति नगर, टिम्बर मार्किट, कीर्ति नगर, वेस्ट दिल्ली, लैंडमार्क : निकट कीर्ति नगर पुलिस स्टेशन, नगर : वेस्ट दिल्ली,, पिन : 110015, राज्य : दिल्ली, देश : भारत |
| (एलसी नंबर : एम0069597 दिल्ली शाखा) बिरिन्दर सिंह अजमानी (कर्जदार) कंचन कौर (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 37,69,244/- (रूपए सैंतीस लाख उनहत्तर हजार दो सौ चौवालीस मात्र) एनपीए (03-01-2023) | एफ 29, तृतीय तल, फ्रंट साइड, छत के अधिकार नहीं, बाली नगर, ग्राम बसाई दारापुर, रमेश नगर, वेस्ट दिल्ली, लैंडमार्क : निकट रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, नगर : वेस्ट दिल्ली,, पिन : 110015, राज्य : दिल्ली, देश : भारत |
| (एलसी नंबर : एम0078123 गुरूग्राम शाखा) विवेक अग्रवाल, (कर्जदार) स्वाति गुलाटी (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 21,36,494.5/- (रूपए इक्कीस लाख छत्तीस हजार चार सौ चौरानवे तथा पैसे पचास मात्र) एनपीए (04-12-2022) | प्लॉट नंबर बी-04, परगना सिकंदराबाद, ग्राम पंचायन इनायत पुर, गौतमबुद्ध नगर,, लैंडमार्क, सुकतला फार्म हाउस, नगर : गौतमबुद्ध नगर,, पिन : 203202, राज्य : उत्तर प्रदेश, देश : भारत |
| (एलसी नंबर : एम0152056 दिल्ली शाखा) मोहन दत्त शर्मा (कर्जदार) रीतेश शर्मा (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 16,72,559/- (रूपए सोलह लाख बहत्तर हजार पांच सौ उनसठ मात्र) एनपीए (03-01-2023) | सम्पत्ति सं. ए 199, पुराना नंबर 199, प्रथम तल, मंडोली रोड, ग्राम चंद्रावली, शाहदरा, पुराना नंबर 199, गली नंबर 7, ईस्ट दिल्ली, लैंडमार्क : निकट विश्वकर्मा गेट, नगर : ईस्ट दिल्ली,, पिन : 110093, राज्य : दिल्ली, देश : भारत |
| (एलसी नंबर : 19700041612 गुरूग्राम-सोहना रोड शाखा) अरविंदर सिंह सेठी (कर्जदार) रशमीत सेठी (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 29,37,179/- (रूपए उन्तीस लाख सैंतीस हजार एक सौ उनासी मात्र) एनपीए (08-01-2023) | फ्लैट नंबर सी 204, द्वितीय तल, ब्लॉक सी स्काई व्यू अपार्टमेंट, प्लॉट जीएच 2, वसुंधरा नगर, भिवाडी, राजस्थान अलवर राजस्थान -301019 |
| (एलसी नंबर : 19700043835गुरूग्राम-सोहना रोड शाखा) अजय कुमार सिन्हा (कर्जदार) जिज्ञासा सिन्हा (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 14,06,589/- (रूपए चौदह लाख छह हजार पांच सौ उनासी मात्र) एनपीए (09-02-2023) | सम्पत्ति सं. 21 खसरा नंर 78/15, अपर ग्राउंड फ्लोर, छत के अधिकार नहीं, ग्राम हस्तसाल, ओम विहार कालोनी फेज-2, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 |
| (एलसी नंबर : 28600000555 हरिद्वार शाखा) बिजेन्दर पुत्र मांगेराम (कर्जदार) सरोज पत्नी बिजेन्दर (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 2,26,749/- (रूपए दो लाख छब्बीस हजार सात सौ उन्चास मात्र) एनपीए (09-02-2023) | प्लॉट नंबर 108, केएच नंबर 2020, कृष्ण नगर कालोनी, परगना रूड़की, ग्राम सलेमपुर महदूद 2, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तरांचल-249403 |
| (एलसी नंबर : 20000043064 नोएडा सेक्टर-2, शाखा) राजन आर (कर्जदार) | 27-03-2023/रू. 9,13,379/- (रूपए नौ लाख तेरह हजार तीन सौ उनासी मात्र) एनपीए (09-02-2023) | प्लॉट नंबर बी-4/10, अपर ग्राउंड लोर(रियर आरएचएस), डीएलएफ अंकुर विहार, ग्राम सादुल्लाबाद, परगना लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 |
| (एलसी नंबर : 06100003443 बीकानेर शाखा) अनिल कुमार सुराणा (कर्जदार) मंगला सुराणा (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 2,37,951/- (रूपए दो लाख सैंतीस हजार नौ सौ इक्यावन मात्र) एनपीए (05-01-2023) | फ्लैट नंबर 09, द्वितीय तल, विंग ए, गंगा रेजीडेंसी, ग्राम कर्मीसर श्रीरामसर रोड, बीकानेर, राजस्थान-334001 |
| (एलसी नंबर : 196डी5600210 दिल्ली-सफदरजंग शाखा) राहुल पुरी (कर्जदार) तृप्ता पुरी (सह-कर्जदार 1) शिवानी पुरी (सह-कर्जदार 2) राजीव पुरी (गारंटर 1) कमलेश पुरी (गारंटर 2) मैसर्स अवटेक डिजिटल इक्विपमेंट प्राइवेट (गारंटर 3) | 27-03-2023/रू. 6,97,22,349/- (रूपए छह करोड़ सत्तानवे लाख बाईस हजार तीन सौ उन्चास मात्र) एनपीए (08-01-2016) | ए 1/292, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-110029 |
| (एलसी नंबर : 196डीईएल32056 दिल्ली-सफदरजंग शाखा) नरेन्द्र कुमार गोयल (कर्जदार) कुमकुम अग्रवाल (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 43,16,375/- (रूपए तेतालीस लाख सोलह हजार तीन सौ पचहत्तर मात्र) एनपीए (09-07-2015) | बी-1103, जयपुरिया अपार्टमेंट्स, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |
| (एलसी नंबर : 200एनओडी32473 नोएडा सेक्टर-2, शाखा) अमर कुमार (कर्जदार) रिंकी कुमारी (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 46,43,307/- (रूपए छियालीस लाख तेतालीस हजार तीन सौ सात मात्र) एनपीए (09-07-2015) | फ्लैट नंबर बी-803, 8वां तल, जयपुरिया अपार्टमेंट, क्रासिंग रिपब्लिक, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |
| (एलसी नंबर : 200एनओडी32256 नोएडा सेक्टर-2, शाखा) गौरव अरोड़ा (कर्जदार) | 27-03-2023/रू. 47,98,719/- (रूपए सैंतालीस लाख अठ्ठानवे हजार सात सौ उन्नीस मात्र) एनपीए (09-07-2015) | फ्लैट नंबर बी-206, द्वितीय तल, जयपुरिया अपार्टमेंट, क्रासिंग रिपब्लिक, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |
| (एलसी नंबर : 200एनओडी32133 नोएडा सेक्टर-2, शाखा) गौरव अरोड़ा (कर्जदार) | 27-03-2023/रू. 48,07,589/- (रूपए अड़तालीस लाख सात हजार पांच सौ नवासी मात्र) एनपीए (09-07-2015) | फ्लैट नंबर 205, द्वितीय तल, जयपुरिया अपार्टमेंट, क्रासिंग रिपब्लिक, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |
| (एलसी नंबर : 200एनओडी32719 नोएडा सेक्टर-2, शाखा) दिनेश कुमार तिवारी (कर्जदार) उपासना तिवारी (सह-कर्जदार 1) | 27-03-2023/रू. 51,05,927/- (रूपए इक्यावन लाख पांच हजार नौ सौ सत्ताईस मात्र) एनपीए (09-07-2015) | फ्लैट नंबर 606, टावर बी, जयपुरिया अपार्टमेंट, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

तिथि : 27-04-2023
स्थान : दिल्ली

LOST & FOUND

LOST ORIGINAL SALE DEED REGD. ON 13/12/1941 AND SALE AGREEMENT STANDS IN THE NAME OF SH. MITHU MAL S/O SH. MUSADDI LAL IN RESPECT OF PROPERTY NO. 4307 (OLD NO. 6546), ARYA PURA, SUBZI MANDI, DELHI-110007, VIDE NCR LODGED LR NO. 350904/2023 DATED.17/04/2023. IF ANY PERSON(S) FOUND THE DOCUMENTS PLEASE CONTACT TO MR. PARVEEN JAIN (MOBILE: 9313003932).

PUBLIC NOTICE

My client **IIFL HOME FINANCE LIMITED** is mortgaging property bearing second floor without roof rights, portion of property bearing no. WZ- 355, land measuring 100 Sq.Yds part of Khasra No.1575 situated within the old lal dora of village Tihar New Delhi-110018 currently owned by Smt. Anju vide registerd sale deed dated-17.01.2022 Doc No-908 SR II-B Janakpuri Delhi. The last chain document of this property GPA has been lost which is Doc No. 3522 dated-13.04.2012 and in this regard NCR Ref No. 382021/2023 has been registered. This property is going to be mortgage with IIFL Home Finance Limited. Any Person/Bank/Financial Institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the Undersigned/ Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092. Along with documentary evidence under address through registered A/D within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

**Vishal Mehan (Advocate)**
**E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092**
**Mobile No. 9811215181**

सार्वजनिक सूचना

श्री राम देव कोआपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, मकान न०125,प्रथम तल, फेस-4 भारत नगर,अशोक विहार,नई दिल्ली-52

डी.सी.एस. नियम 2007 की धारा 19(2) का अनुसरण करते हुए जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री समीर कोहली (सदस्य सं.199) ने श्री राम देव को-आपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड(प०स०-727 GH) की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है तदनुसार इनको इनकी जमा राशी इन्हें अकाउन्ट पेई चैक के माध्यम से लौटा दी गयी हैं,यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो आर.सी.एस,संसद मार्ग,नई दिल्ली या सोसायटी आफिस मकान न०125,प्रथम तल,फेस-4 भारत नगर, अशोक विहार, नई दिल्ली-52 में इस नोटिस के छपने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कराए।

अध्यक्ष- श्री राम देव सी.जी.एच.एस लिमिटेड

LOST AND FOUND

I,KUSUM DEVI SARAWAGI W/o SHRI MURARI SARAWAGI-R/o 39, VIJAY BLOCK, LAXMI NAGAR, DELHI-110092 inform that I am the present owner and in possession of Property No.39, Second Floor, Measuring Area 50 Sq.Yds. Situated at Vijay Block, Laxmi Nagar, Delhi-110092. original documents in previous chain of documents related to the above said property has been lost/misplaced somewhere and not traceable by my best efforts. Original Agreement to Sell, Receipt, and other transfer documents dated 17.07.1998, executed in the name of Shri Akhil Kumar. Original Agreement to Sell, Receipt, and other transfer documents dated 03.03.2000, in the name of Dr. Ajendra Kumar S/o Shri C.L. Dixit and Smt. Renu W/o Dr. Ajendra Kumar. I have already lodge a Lost Report in this regard, Vide LR No.355240 Dated 18.04.2023.

**KUSUM DEVI SARAWAGI**

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that Gursharan Singh Kalsi ( hereinafter called the Owner/s ) claims to be owner and in possession of Prop. No. 219, Block No. A, Sector-19, Noida District Ghaziabad, U.P. (hereinafter called the said property) by virtue of Mutation Letter 24.08.2022 issued by NOIDA being one of the surviving legal heirs and beneficiaries of late Harinder Kalsi, other legal heirs i.e. Jaspreet Singh Kalsi & Simran Kaur Kalsi have also executed an NOC in favor of Gursharan Singh Kalsi and said Owner/s has agreed to sell the said Property to Sudeep Chandra And Said Sudeep Chandra has agreed to create a mortgage in favour of our clients IDFC First Bank Limited, ITO Branch, any person/s having claim against the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby intimated to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below **within 10 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan (Advocate)**
**For Diwan and Company LLP**
**Advocates and Solicitors**
**H. No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi-19**
**Mobile No. 9818399999**

# गौर सिटी में घर की ज्योत से लगी आग, कई फ्लैटों में भारी नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित गौर सिटी के एक ब्लॉक की दूसरी मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में बुधवार दोपहर को बालकनी में बने मंदिर की ज्योत से आग लग गई और कई अन्य फ्लैट तक फैल गई। दमकल विभाग की गाड़ियों ने तीसरी मंजिल तक पहुंच चुकी आग पर काबू पाया।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली गौर सिटी के गौर एवेन्यू 14 ब्लॉक की दूसरी मंजिल पर रहने वाले एक व्यक्ति के घर की बालकनी में बने मंदिर में दीपक से मंदिर में लगे पर्दे में आग लग गई और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया।

## नौकरानी और उसके बेटे ने निकाले 70 लाख रुपये

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के सेक्टर-20 थाना क्षेत्र के सेक्टर 25 में रहने वाली एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके घर पर काम करने वाली नौकरानी और उसके बेटे ने उसके पति के पेंशन खाते से धोखाधड़ी करके करीब 70 लाख रुपया निकाल लिया है।

थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि सेक्टर 25 की महिला ने आरोप लगाया है कि जब वह अमेरिका गई थी तब उसके पति के पेंशन खाते से नौकरानी मीना और मीना के बेटे रियाजुल ने धोखाधछड़ी करके करीब 70 लाख रुपये निकाल लिए।

# महापौर उम्मीदवार के घर पहुंचे अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बुधवार सुबह समाजवादी पार्टी की महापौर प्रत्याशी पूनम यादव के नेहरु नगर स्थित आवास पर पहुंचे।

सिकंदर यादव की पत्नी पूनम यादव के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने प्रदेश सरकार पर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि आज भाजपा के पास जनता की हर समस्या के समाधान के जवाब में तमंचा है। उत्तर प्रदेश में कानून को ताक पर रखकर एनकाउंटर किए जा रहे हैं। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट वीरेन्द्र यादव, रालोद की महानगर अध्यक्ष डॉ रेखा चौधरी, युवजन सभा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज पंडित, पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद मलिक, पार्षद आरिफ मलिक, पार्षद आसिफ चौधरी आदि नेता इस दौरान मौजूद रहे।



महापौर पद की प्रत्याशी पूनम यादव के घर पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव।

# दरोगा सहित तीन पुलिसकर्मियों पर डंपर चढ़ाने का प्रयास, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के थाना बीटा-2 क्षेत्र के होंडा चौक के पास एक डंपर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए यातायात पुलिस के दारोगा समेत तीन लोगों की हत्या करने का का प्रयास किया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

थाना बीटा-2 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान रूपचंद के तौर पर हुई है।

पुलिस ने बताया कि यातायात पुलिस में तैनात उपनिरीक्षक सत्एंद्र कुमार ने थाना बीटा-2 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह हेड कांस्टेबल सत्यदेव कुमार तथा कांस्टेबल सोनू के साथ होंडा चौक पर मंगलवार को ड्यूटी पर तैनात थे।

उन्होंने बताया कि एक डंपर चालक इसी बीच तेजी और लापरवाही से वाहन चलाता हुआ आया, तो उसे डायवर्जन पॉइंट पर रोका गया। लेकिन चालक ने डंपर को रोकने के बजाय पुलिसकर्मियों की हत्या करने के इरादे से उनके ऊपर चढ़ाने लगा।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने फावड़े से नाक काटी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर में सोमवार रात दबंगों ने फावड़े से हमला कर किसान की नाक काट दी। किसान को लहुलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने वारदात को अंजाम दिया।

मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। गांव शाहपुर के कन्नु सिंह किसान हैं। गांव में ही उनके खेत हैं। सोमवार रात वे खाना खाने के बाद टहलते हुए घर की तरफ जा रहे थे। रास्ते में कुछ युवकों ने रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। पहले तो कन्नु ने उन्हें अनुसना कर दिया, लेकिन आरोपी पीछा करते हुए उनसे गाली-गलौज करते रहे।

कन्नु ने जब उनका विरोध किया तो आरोपित भड़क गए और उनसे गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि एक आरोपित ने पास में रखे एक फावड़े से कन्नु के चेहरे पर वार कर दिया। वार इतना जबरदस्त था कि कन्नु की नाक कट गई। नाक का ऊपरी हिस्सा कटकर अलग हो गया। कन्नु की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर आरोपित मौके से भाग गए।

## युवक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जहर पीने का वीडियो, मचा हड़कंप

नोएडा। नया गांव में रहने वाले एक युवक ने बीती रात मच्छर मारने की दवा पीते हुए वीडियो फेसबुक पर अपलोड कर दी और साथ ही लिख दिया कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। मामला केंद्र सरकार तक जा पहुंची और इसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी ने युवक ने बताया कि उसने फेसबुक पेज पर लाइक पाने की खातिर इस तरह की वीडियो डाली थी। जिसके बाद फेसबुक की तरफ से इस घटना की सूचना भारत सरकार को दी गई। भारत सरकार की तरफ से सूचना उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी गई।

# मरा बताया गया युवक 3 साल बाद लौटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- कंस्ट्रक्शन कंपनी से पैसा पाने के लिए रचा था मौत का नाटक
- सवाल यह कि उस समय किसके शव को जलाया गया?

गाजियाबाद में कंस्ट्रक्शन कंपनी से मुआवजे का पैसा पाने के लिए मजदूरों ने एक व्यक्ति का कत्ल कर दिया। उसकी लाश 26वीं मंजिल से फेंककर ये दर्शाने का प्रयास किया कि मौत हादसे में हुई। लाश की पहचान एक मजदूर ने अपने भाई के रूप में कर ली और अंतिम संस्कार भी कर दिया गया।

अब तीन साल बाद यह खुलासा हुआ है कि मृत बताया गया व्यक्ति तो जिंदा है। अब सवाल उठता है कि कंस्ट्रक्शन साइट आखिर किसकी लाश मिली थी। इसका जवाब जानने के लिए पुलिस जेल गए मजदूर को रिमांड पर लेने की तैयारी में है।

गाजियाबाद के विजयनगर थाना क्षेत्र में प्रतीक ग्रैंड सिटी प्रोजेक्ट पर 21 फरवरी 2020 को एक मजदूर की मौत हुई थी। शुरुआत में साथी मजदूरों ने बताया कि वो काम करते वक्त 26वीं मंजिल से गिर गया था। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो 26वीं मंजिल पर खून से सना एक पाइप पड़ा मिला। पुलिस ने माना कि मजदूर की हत्या करके उसकी लाश 26वीं मंजिल से नीचे फेंकी गई थी। उस वक्त कंस्ट्रक्शन साइट पर कुन्नूलाल और ओमप्रकाश ही मौजूद थे। पुलिस ने दोनों को कस्टडी में ले लिया। पुलिस ने उस समय खुलासा किया था कि कुन्नूलाल ने भाई सर्वेश की सरिये से पीटकर हत्या कर दी। उसने ऐसा कंस्ट्रक्शन कंपनी से मौत को हादसा दिखाकर लाखों रुपए का मुआवजा वसूलने के लिए किया था। लेकिन मुआवजा मिलने से पहले ही हत्या मामला खुल गया। 23 फरवरी को ठेकेदार संजीव कोहली ने कुन्नूलाल, ओमप्रकाश पर हत्या का मामला दर्ज कराया था। आरोपी कुन्नूलाल ने ही शव की पहचान भाई सर्वेश के रूप में की थी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मुख्यमंत्री आवास के सौंदर्यीकरण को लेकर मचा सियासी घमासान

## सीएम जैसी विलासिता किसी के घर पर नहीं : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के नेताओं को चुनौती दी है कि वे किसी भी प्रदेश के दूसरे मुख्यमंत्री के घर की सजावट पर 45 करोड़ रुपए खर्च होने का उदाहरण लाएं।

बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सादगी का चोला पहनकर जिस तरह करदाताओं के खून-पसीने की कमाई को लूटा है, ऐसी विलासिता का कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा। उधर इस मुद्दे पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सीएम आवास के निकट प्रदर्शन किया। कुछ कार्यकर्ताओं की वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की भी हुई लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वहां से हटा दिया।



रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता अपने खासमखास मुख्यमंत्री के पक्ष में उलजलूल और बचकाने तर्क दे रहे हैं। वे कह रहे हैं कि दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री भी अपने सरकारी घरों पर खर्चा करते हैं लेकिन वह बताएं कि क्या किसी मुख्यमंत्री ने अपने घर के 23 पर्दों को बदलने पर एक करोड़ से अधिक खर्च किया है। इसके अलावा क्या विदेशी मार्बल पर 3 करोड़ से अधिक, तीन अलमारियों को बनवाने में 40 लाख, घर के अंदर साज सज्जा पर 11.30 करोड़, मकान को सजाने के लिए कंसलटेंसी पर ही एक करोड़ खर्च कर दिया गया। इसके अलावा एक दीवार पर चार करोड़ से अधिक का खर्च आया है। इतना नहीं नहीं मुख्यमंत्री के घर पर दो किचन बनाने पर 63 लाख 75 हजार और कालीनों पर 20 लाख खर्च किए गए हैं।

## लोगों को बचाने की जगह बंगला सजा रहे थे : कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास के सौंदर्यीकरण पर लगभग 45 करोड़ रुपए खर्च किए जाने को लेकर दावा किया है कि जब कोविड-19 महामारी के समय दिल्ली के लोग ऑक्सीजन सिलेंडर लेने के लिए परेशान हो रहे थे तब केजरीवाल अपना बंगला सजाने में करोड़ों रुपए खर्च कर थे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी राजनीति में कदम रखने के समय केजरीवाल ने छोटे आवास में रहने का वादा किया था लेकिन अब वही केजरीवाल सरकारी बंगले में 45 करोड़ रूपए खर्च कर रहे हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि अपनी पार्टी का नाम आम आदमी पार्टी रखने और तमाम वादे करने के बावजूद केजरीवाल ने ऐसे समय पर अपने बंगले की सजावट पर इतनी मोटी रकम खर्च की जब दिल्ली के लोग



ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए परेशान थे। दिल्ली में छह लाख परिवार झुग्गी बस्तियों में रहते हैं। सवाल उठता है कि क्या केजरीवाल लोक सेवक के तौर पर अपने पद पर बने रहने का अधिकार रखते हैं।

उधर, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा ने कहा है कि मुख्यमंत्री आवास 75-80 साल पहले 1942 में बनाया गया था। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग ने ऑडिट के बाद जीर्णोद्धार की सिफारिश की थी। पीडब्ल्यूडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह नवीनीकरण नहीं था और पुराने ढांचे के स्थान पर एक नया ढांचा बनाया गया है।

# कोरोना में नमस्ते ट्रंप में हुए खर्च का भी जवाब दे भाजपा : आप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सीएम अरविंद केजरीवाल के घर के पुनर्निर्माण के खर्च को लेकर जहां विपक्ष हमलावर है, वहीं आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने भी इस मुद्दे पर पलटवार किया है।

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि भाजपा देश के गंभीर और बड़े मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है। इसलिए वह सीएम आवास को लेकर बेबुनियाद आरोप लगा रही



है ताकि पुलवामा पर तत्कालीन उपराज्यपाल सत्यपाल मलिक के आरोपों और अडानी के लाखों करोड़ रुपए के घोटाले समेत गंभीर मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कोरोना महामारी का पूरे भारत में भय का माहौल था, उस वक्त नमस्ते ट्रंप के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। इसके लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने भाजपा नेताओं को चुनौती दी कि वह असल मुद्दों पर भी चर्चा करें।

संजय सिंह ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, सत्यपाल मालिक ने आरोप लगाया है कि पुलवामा में पांच एयरक्रॉफ्ट नहीं मुहैया कराया गया और इस कोताही की वजह से जवानों की शहादत हुई। भाजपा इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर क्यों नहीं चर्चा कर रही है।

भाजपा बताए कि पुलवामा में देश के साथ किन लोगों ने गद्दारी की थी। साथ ही यह भी बताए कि अडानी के लाखों करोड़ रुपए के घोटाले की जांच कब होगी। कैसे एक फकीर प्रधानमंत्री लाखों का शूट-चश्मा पहनते हैं। भाजपा को यह भी बताना चाहिए कि कोरोना में नमस्ते ट्रंप के आयोजन में कितने रुपए फूंके गए।



नई दिल्ली में बुधवार को जंतर मंतर पर अपने धरने के चौथे दिन पहलवानों ने सुबह जमकर प्रैक्टिस करने के साथ अपने दिन की शुरूआत की। फोटो : रंजन डिमरी

# पहलवानों ने पीएम मोदी से मांगा मिलने का समय

- जंतर-मंतर पर धरना चौथे दिन भी जारी, सड़क पर की प्रैक्टिस, मांगों को लेकर कहा- हमारे मन की बात भी सुनें प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा सांसद तथा भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों पर चर्चा के लिए प्रदर्शनकारी खिलाड़ियों ने पीएम मोदी से मिलने का समय मांगा है। पहलवानों का प्रदर्शन बुधवार को चौथे दिन भी जारी रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि आप हमारे मन की बात क्यों नहीं सुन रहे हैं?

देश के शीर्ष पहलवानों ने गंभीर आरोपों की जांच के लिए निगरानी समिति के गठन के बाद अपना धरना समाप्त करने के तीन महीने बाद रविवार को कुश्ती महासंघ के प्रमुख के खिलाफ अपना विरोध फिर से शुरू कर दिया। इस बीच पहलवानों ने कोच सुजीत मान के मार्गदर्शन में धरना स्थल पर ही अभ्यास शुरू कर दिया है।

रियो ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने मीडिया से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ के बारे में बात करते हैं और सबके मन की बात सुनते हैं। क्या वे हमारे मन की बात नहीं सुन सकते?

विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट ने कहा कि हमारे पास नंबर तक नहीं हैं जिससे कि हम उन तक पहुंच सकें, इसलिए हम मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री से मुद्दों को उठाने की अपील कर रहे हैं।

तोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने भी प्रधानमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि ये भारत की बेटियां आपसे अपील कर रही हैं, कृपया इनके साथ न्याय करें। उन्होंने यह भी कहा कि डब्ल्यूएफआई प्रमुख के लोगों द्वारा उन्हें डराने की कोशिश की जा रही है।

### प्रियंका गांधी व अभिनव बिंद्रा समर्थन में आए

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पहलवानों का समर्थन करते हुए बुधवार को सवाल किया कि आखिर दिल्ली पुलिस पर किसका दबाव है और क्या सरकार दोषियों को बचाना चाहती है। प्रियंका ने कहा कि महिला खिलाड़ी देश की संसद के पास आंखों में आंसू लिए बैठी हैं। दूसरी ओर, ओलंपिक चैम्पियन निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने इस घटना को बेहद चिंताजनक करार दिया।

### धरना दे रहे खिलाड़ियों का साथ दें : सत्यपाल

जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने बुधवार को कहा कि यह शर्मनाक है कि देश के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को न्याय की लड़ाई सड़कों पर लड़नी पड़ रही है। मलिक बुधवार को खिलाड़ियों को समर्थन देने धरना स्थल जंतर-मंतर पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से खिलाड़ियों का साथ देने की अपील करता हूं। यहां अधिक से अधिक लोगों को जुटना चाहिए।

### प्राथमिकी से पहले प्रारंभिक जांच की जरूरत : पुलिस

दिल्ली पुलिस ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ सात महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों पर प्राथमिकी दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच की जरूरत है।

# महिला ने बंधक बनाने का लगाया आरोप, होटल ने किया इनकार

- इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा थाना ने मामले में दर्ज की प्राथमिकी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एयरोसिटी में जेडब्ल्यू मैरियट होटल के कर्मचारियों पर एक महिला ने खराब सेवा की शिकायत करने और होटल के बिल के भुगतान के लिए समय मांगने पर खुद को घंटों बंधक बनाकर रखने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। महिला एक व्यावसायिक संगठन के लिए कानूनी सलाहकार के तौर पर काम करती है। होटल ने इन आरोपों से इनकार किया है और इन्हें बेबुनियाद बताया है।

जेडब्ल्यू मैरियट के प्रवक्ता ने मीडिया से बातचीत में बताया, जेडब्ल्यू मैरियट नई दिल्ली एयरोसिटी संबंधित मामले में होटल के खिलाफ लगे इन आरोपों का दृढ़ता से खंडन करता है और मामले की जांच में होटल संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहा है। वह पूरी निष्ठा, नैतिकता और मूल्यों के साथ काम करते हैं जो हम अपने सभी भागीदारों, सहयोगियों और मेहमानों के प्रति भी दिखाते हैं।

# मेयर चुनाव को लेकर आप-भाजपा में वार-पलटवार

- स्थायी समिति के गठन की नहीं दे रही अनुमति, इसलिए नाम वापस लिया : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

महापौर-उपमहापौर के लिए बुधवार को हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी को एक बार फिर सफलता मिली है। मेयर चुनाव में भाजपा प्रत्याशी शिखा राय के नाम वापस लेने के बाद आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय फिर दिल्ली नगर निगम की मेयर निर्वाचित हुई हैं।

वहीं, उपमहापौर के लिए भी भाजपा प्रत्याशी सोनी पांडेय के नामांकन वापस लेने के बाद आप के आले मोहम्मद को निर्विरोध डिप्टी मेयर चुन लिया गया है। इस बीच भाजपा का आरोप है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा निगम की अति महत्वपूर्ण स्थायी समिति और वार्ड समितियों के गठन की अनुमति नहीं देने के विरोध में प्रदेश भाजपा ने कड़ा निर्णय लेते हुए मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव से हटने का फैसला किया।

दिल्ली भाजपा के महासचिव हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि जैसे ही एमसीडी हाउस की बैठक शुरू हुई उनकी पार्टी के पार्षदों ने स्थायी समिति का मुद्दा उठाया और कहा कि अगर स्थायी समिति का गठन नहीं किया जा रहा है तो मेयर चुनाव कराने का कोई फायदा नहीं है। उन्होंने आम आदमी पार्टी को स्थायी समिति गठित करने के लिए राजी करने की पूरी कोशिश की लेकिन वे नहीं माने। वह स्थायी समिति के मामले को दिल्ली उच्च न्यायालय में ले गए लेकिन वहां भी आप और सरकार फैसले में देरी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

### भाजपा पोल खुलने के डर से पीछे हटी : भारद्वाज



आम आदमी पार्टी ने मेयर चुनाव से ठीक पहले नाम वापस लेने पर भाजपा पर हमला बोला है। आप के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा को मेयर के चुनावी युद्ध में आना ही नहीं चाहिए था और अगर आ गई थी तो फिर उसे युद्ध से पहले मैदान छोड़कर भागना नहीं चाहिए था। यह बहुत ही शर्म की बात है। शायद भाजपा के 104 पार्षदों के वोट भी उसके साथ नहीं हैं। इसीलिए अपनी पोल खुलने की डर सेचुनाव से पहले सरेंडर कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### डा.अमित कुमार जैन डीएमआरसी के निदेशक बने



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के नए निदेशक (संचालन और सेवाएं) के रूप में डॉ. अमित कुमार जैन ने पदभार ग्रहण किया है। वर्ष 2000 के भारतीय रेलवे यातायात सेवा के अधिकारी डॉ. जैन के पास कई प्रमुख पदों पर दो दशकों से अधिक का अनुभव है। इस पद को ग्रहण करने से पहले वह रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र के महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने रेलवे के दिल्ली डिवीजन के संचालन प्रमुख और निदेशक रेलवे बोर्ड के रूप में भी काम किया था। वह वर्ष 2009 से 2015 तक डीएमआरसी के साथ संचालन और रखरखाव विभाग के उप प्रमुख के साथ-साथ प्राचार्य, प्रशिक्षण स्कूल के रूप में काम किया। उन्होंने अपनी पीएच. डी. एसपीए, दिल्ली से शहरी परिवहन में, आईआईटी दिल्ली से एमटेक, और आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग में बीई किया। उन्होंने एक्सीलेंस इन मेट्रो ऑपरेशंस एंड मैनेजमेंट बेस्ट प्रैक्टिसेज वर्ल्ड ओवर, एक्सप्लोरिंग लाइफ-2050 और इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम्स शीर्षक से किताबें भी लिखी हैं।

### कोर्ट की सुरक्षा के लिए बैठक करें पुलिस और वकील

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को निर्देश दिया कि अदालत परिसरों में सुरक्षा संबंधी उपायों पर चर्चा करने के लिए पुलिस और बार प्रतिनिधियों समेत संबंधित हितधारक बैठक करें। उच्च न्यायालय का यह निर्देश इस महीने की शुरुआत में दिल्ली की एक जिला अदालत परिसर में गोलीबारी की हुई घटना के बाद आया है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि सुरक्षा संबंधी सुझावों के लिए दो सप्ताह के भीतर यह बैठक की जाए।

### विदेशी प्रतिनिधिमंडल के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने वेक्टर जनित रोगों पर मेकांग-गंगा सहयोग (एमजीसी) के सदस्य देशों के एक विदेशी प्रतिनिधिमंडल के लिए फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। 15 सदस्यीय मेकांग-गंगा सहयोग (एमजीसी) प्रतिनिधिमंडल, जिसमें कंबोडिया, लाओ पीडीआर, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम जैसे सदस्य देशों के प्रतिभागी शामिल थे। ने तीन दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका शीर्षक उच्च तीव्रता वाले संचारी और गैर-संचारी रोगों का उन्मूलन रहा।

### उद्योगों की मांग के अनुसार युवाओं को तैयार करें

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीताराम ने भारत में शिक्षा व्यवस्था को विकसित करने और हितधारकों को एक साथ आने की जरूरत पर बल दिया है। वे यहां इनोवेटिव एजुकेशन प्रोवाइडर एम्प्लॉयबिलिटी-लाइफ द्वारा आयोजित इंडस्ट्री 4.0 इंडिया कांफ्रेंस में बोल रहे थे। प्रोफेसर सीताराम ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए कहा कि व्यावसायिक शिक्षा को 12वीं के बाद नहीं, पहले शुरू करना चाहिए। ताकि युवाओं में स्किल का विकास किया जा सके। एम्प्लॉयबिलिटी.लाइफ के सह-संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. मनीष मल्होत्रा ने कहा कि सभी हितधारकों को एक साथ लाने का यह प्लेटफार्म है।

### फर्जी दस्तावेज से बीमा कंपनी को चूना लगाया, 5 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने जीवन बीमा पॉलिसी का पैसा फर्जी तरीके से निकालकर मैक्स लाइफ बीमा कंपनी को करोड़ों रुपये का चूना लगाने वाले पांच ठगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने 22 लोगों की 37 जीवन बीमा पॉलिसी के करीब दो करोड़ 38 लाख रुपए धोखाधड़ी करने निकाल लिए। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से दो मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के कर्मचारी हैं। इन लोगों के कब्जे से 39 मोबाइल, 55 पैन कार्ड, 33 आधार कार्ड, 32 मतदाता पहचान पत्र, 46 डेबिट कार्ड और 73 चेक बुक व पासबुक बरामद किए गए हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रेम प्रकाश, चंदन जैन, सुजीत कुमार मिश्रा, विकास और रोहित कुमाार अग्रवाल के रूप में हुई है।




नई दिल्ली में बुधवार को मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में बम की सूचना के बाद मौके पर पुलिस और मीडियाकर्मी। बम की सूचना के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि जांच के बाद यह सूचना अफवाह निकली। फोटो : रंजन डिमरी

# सिसोदिया की जमानत पर कल आदेश होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर अपना आदेश 28 अप्रैल को सुना सकती है। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल, जो बुधवार को फैसला सुनाने वाले थे, ने यह कहते हुए मामले को टाल दिया कि आदेश तैयार नहीं है।

अदालत ने सिसोदिया की याचिका पर दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। सिसोदिया की याचिका में दावा किया गया था कि जांच के लिए उनकी हिरासत की अब आवश्यकता नहीं है।

ईडी ने सिसोदिया की जमानत याचिका का यह कहते हुए विरोध किया कि मामले की जांच महत्वपूर्ण चरण में है और आप के वरिष्ठ नेता ने यह दिखाने के लिए मनगढ़ंत ई-मेल का हवाला दिया था कि नीति के लिए सार्वजनिक स्वीकृति थी। ईडी ने यह भी कहा है कि उसे कथित अपराध में सिसोदिया की मिलीभगत है।

### सिसोदिया की बीमार पत्नी से मिले सीएम केजरीवाल

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की बीमार पत्नी से मिले। सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया ऑटोइम्यून डिसऑर्डर, मल्टीपल स्केलेरोसिस से पीड़ित हैं उन्हें मंगलवार को इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के स्नायुविज्ञान विभाग में भर्ती कराया गया था। केजरीवाल ने ट्वीट किया, अस्पताल में अभी सीमा भाभी (मनीष जी की पत्नी) से मिलकर आ रहा हूं। कल से वह अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें मल्टीपल स्केलेरोसिस बीमारी है। बहुत ही गंभीर बीमारी है। उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं। गौरलतब है कि आबकारी नीति मामले में सीबीआई ने 26 फरवरी को सिसोदिया को गिरफ्तार किया था।

### एलजी ने प्रधानाचार्यों के 244 पदों की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के स्कूलों में प्रधानाचार्यों के 244 अतिरिक्त पदों के सृजन को मंजूरी दे दी है। इस वर्ष फरवरी में उन्होंने स्वीकृत प्रधानाचार्यों के 126 पदों की बहाली के बाद इन अतिरिक्त पदों पर तैनाती से शिक्षा विभाग में कर्मचारियों की कमी को पूरा करने में मदद मिलेगी।

इन 126 पदों की बहाली को मंजूरी देते हुए उपराज्यपाल ने प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा व्यापक अध्ययन और सेवा विभाग से परामर्श करने के बाद शिक्षा विभाग को प्रधानाचार्यों के अतिरिक्त 244 पदों के सृजन हेतु एक प्रस्ताव पेश करने को कहा था। उपराज्यपाल ने इन 244 पदों के लिए उपयुक्त वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया था।

# सतबरी में 56 एकड़ में बनेगा दिल्ली का पहला पशु चिकित्सा कॉलेज

## गोपाल राय ने बताया, पशु कल्याण बोर्ड में होंगे 27 सदस्य पशु, विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सतबरी में 56 एकड़ में बनेगा दिल्ली का पहला पशु चिकित्सा कॉलेज। विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में बुधवार को पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक के बाद विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि पशुओं की बेहतरी के लिए दिल्ली पशु कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। 19 वर्गों में विभाजित कुल 27 सदस्य पशु कल्याण बोर्ड में शामिल किए गए है। यह बोर्ड पशुओ के प्रति होने वाली क्रूरता की रोकथाम , देखरेख आदि के लिए कार्य करेगी। साथ ही प्रत्येक जिले में पशु कल्याण कार्यो में



नई दिल्ली पशु पालन विभाग की बैठक लेते मंत्री गोपाल राय।

शामिल संगठनों को वित्तीय और तकनिकी सहायता भी बोर्ड द्वारा प्रदान की जाएगी। इसके ही उन्होंने दिल्ली के पहले पशु चिकित्सा कॉलेज के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

गोपाल राय ने बताया कि पशु कल्याण बोर्ड दिल्ली में पशुओ के प्रति क्रूरता की रोकथाम, देखरेख आदि के लिए कार्य करेगा। साथ ही 11 जिलों में पशु कल्याण कार्यो में शमिल संगठनो, निकायों को दिशा निर्देशों सहित वित्तीय और तकनीकी सहायता भी प्रदान करेगा। इसके लिए यह बोर्ड शासन निकाय के रूप में कार्यरत रहेगा। 19 भागों में विभाजित 27 सदस्यों के इस पशु कल्याण बोर्ड में विधायक, राज्य में पशु कल्याण कार्यो में सक्रिय रूप से कार्यरत लोग, सम्बंधित विभाग के उच्च अधिकारी, एसपीसीए, गौशालाओं और भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं। यह बोर्ड पशु कल्याण से संबंधित कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने और इस कार्य से जुड़ी संस्थाओं की मदद करने का कार्य करेगा।

पशु चिकित्सा विज्ञान आने वाले समय की एक बड़ी आवश्यकता है क्योंकि यह न केवल मवेशियों और घरेलू जानवरों के स्वास्थ्य की रक्षा करता है, बल्कि जूनोटिक रोगों की जांच और नियंत्रण करके मानव स्वास्थ्य की भी रक्षा करता है। दिल्ली में बड़ी संख्या में पालतू जानवर हैं जिन्हें स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता होती है। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए और सभी प्रकार के जानवरों के बेहतर उपचार के लिए शहर के पहले सरकारी पशु चिकित्सा कॉलेज के निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। इसके निर्माण कार्य के पूरे होते ही दिल्ली में भी अपना पहला सरकारी पशु चिकित्सा कॉलेज होगा।

# वंदे भारत का दिल्ली से उदयपुर तक 40 मिनट का समय होगा कम

## तेज होगी वंदे भारत ट्रेन की स्पीड, ट्रेन की गति बढ़ाने के लिए तकनीकी स्तर पर हो रहा काम

### अब रेवाड़ी में भी होगी वंदे भारत ट्रेन का ठहराव

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन।

**हाल** ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अजमेर से दिल्ली कैंट के बीच शुरू की गई वंदे भारत ट्रेन की स्पीड और तेज करने पर काम हो रहा है। इस कार्य के सिरे चढ़ने के बाद दिल्ली से उदयपुर के बीच करीब 40 मिनट का समय कम हो जाएगा। यह यात्रियों के लिए काफी लाभकारी होगा। ट्रेन की गति बढ़ाने के लिए तकनीकी स्तर पर काम हो रहा है। वंदे भारत ट्रेन अब रेवाड़ी में भी ठहरेगी।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह अनुसार वंदे भारत ट्रेन के रेवाड़ी में ठहराव की उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से चर्चा की। चर्चा के दौरान ही केंद्रीय रेल मंत्री ने ट्रेन की गति को बढ़ाने की योजना का भी जिक्र किया। इस पर अभी काम किया जा रहा है। अभी ट्रेन की स्पीड कम होने की वजह से गंतव्य तक पहुंचने में 5 घंटे से कुछ अधिक समय लग रहा है। इसकी गति को बढ़ाने के लिए तकनीकी स्तर पर काम किया जा रहा है, जो दो से तीन माह में पूरा हो सकता है। उसके बाद इसकी गति बढ़ जाएगी। गति बढ़ने के बाद करीब 30 से 40 मिनट का समय गंतव्य तक पहुंचने में कम लगेगा। गति सीमा बढ़ने के बाद रेवाड़ी जंक्शन पर ट्रेन के ठहराव का शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा।

**रेवाड़ी में भी वंदे भारत के ठहराव को मंजूरी:** रेल मंत्री से मिलकर गुरुग्राम के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने वंदे भारत के रेवाड़ी में ठहराव का अनुरोध किया। रेल मंत्री ने वंदे भारत ट्रेन के ठहराव को मंजूरी दे दी है। रेल मंत्री ने ट्रेन के ठहराव का शेड्यूल भी तैयार करने के निर्देश दे दिए हैं। आगामी कुछ समय में यह शेड्यूल जारी हो जाएगा और ट्रेन का रेवाड़ी में ठहराव होगा। पहले गुरुग्राम में भी वंदे भारत का ठहराव नहीं था, इसके लिए भी राव इंद्रजीत सिंह ने प्रयास किए और रेलवे ने इस कार्य को तुरंत सिरे चढ़ा दिया।

# हनी ट्रैप में ठगा 60 लाख रुपये फर्नीचर, ज्वैलरी और महंगा सामान

## पुलिस ने महिला व उसके पति समेत तीन अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया

### अब फिर से 30 लाख और मांगे तो पीड़ित ने की शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त में हनी ट्रैप के आरोपी।

**हनी** ट्रैप करके एक महिला, उसका पति व एक अन्य साथी ने एक व्यक्ति से 60 लाख रुपये, कार, महंगा फोन, फर्नीचर और ज्वेलरी समेत अन्य सामान ठग लिया। इन सबके बाद उन्होंने 30 लाख रुपये और मांगे तो पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दंपत्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना सिविल लाईन्स में ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत दी। जिसमें कहा कि उसकी मुलाकात 32 माइल स्टोन के पास एक पिंकी नामक महिला से हुई थी। उसने कहा कि वह अपने पति से अलग रहती है और नौकरी की तलाश में है। इसके बाद दोनों के बीच फोन पर बात होने लगी। शिकायतकर्ता के मुताबिक पिंकी ने उसे सेक्टर-15 पार्ट-1 में अपने कमरे पर बुलाया। वहां उसको कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। जब वह होश में आया तो उसने खुद को निर्वस्त्र पाया। वहां मौजूद उस लड़की ने उन दोनों की एक आपत्तिजनक वीडियो दिखाई। ब्लैकमेल करते हुए उसने कहा कि जैसा वो कहे वैसा ही करे। ऐसा ना करने पर उसने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। उसके बाद पिंकी ने ब्लैकमेल करके अपने एक साथी तरुण को बुलाया। उसे वह अपना पति बता रही थी। उसके साथ मिलकर इससे कई बार डरा धमकाकर रुपये ले लिए।

उसके बाद इन्होंने अपने एक अन्य साथी पृथ्वी पाल सिंह के साथ मिलकर उसे क्रेटा गाड़ी देने की धमकी दी। ब्लैकमेल करके उससे क्रेटा गाड़ी ले ली। उसके बाद महिला पिंकी अपना घर बदलकर अन्य फ्लैट में रहने लगी। अपने इस मकान के लिए इसको फर्नीचर, टीवी, फ्रिज, डबल बेड, किचन का सामान व ज्वेलरी की मांग की। पीड़ित ने डर के कारण उनके कहे अनुसार यह सब सामान भी दे दिया। इस तरह से पिंकी, तरुण व पृथ्वी ने मिलकर उससे करीब 60 लाख रुपये व सामान ठग लिया। पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत में कहा कि ये तीनों इसको वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए इससे 30 लाख रुपये और मांगने लगे। परेशान होकर पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दे दी। उसकी शिकायत पर पुलिस थाना सिविल लाईन्स में 24 अप्रैल को केस दर्ज किया गया।

### तीनों आरोपित हैं उच्च शिक्षा प्राप्त

**पुलिस** टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों पिंकी तोमर (31), तरुण (41) और पृथ्वीपाल सिंह (45) को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। तीनों आरोपी उच्च शिक्षा प्राप्त हैं। पिंकी ने एमबीए पास की है, वहीं तरुण ने बीकॉम और पृथ्वीपाल सिंह बीए पास है। पुलिस उपायुक्त अपराध प्रीतपाल सिंह ने बताया कि आरोपित महिला पिंकी को सेक्टर-77 गुरुग्राम, तरुण व आरोपी पृथ्वी पाल सिंह को धौला कुआं बस स्टैंड दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

### आरोपित पिंकी व तरुण है पति-पत्नी

**आरोपितों** से पूछताछ में पता चला कि महिला पिंकी व तरुण आपस में पति-पत्नी है। आरोपी पृथ्वी पाल सिंह व आरोपित पिंकी दोनों पहले एक बैंक में नौकरी करते थे। इसी दौरान दोनों की दोस्ती हुई। इन तीनों ने पीड़ित से रुपये ऐंठने की नीयत से योजना बनाई। योजनानुसार वारदात को अन्जाम भी दिया।

# हनुमान चालीसा पाठ एक लाख के पार : बोधराज सीकरी


गुरुग्राम में हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में बोलते बोधराज सीकरी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

### छह हजार श्रद्धालुओं ने दो महीने में किया ये आंकड़ा पार

समाजसेवी बोधराज सीकरी के नेतृत्व में पिछले दो महीने से जारी हनुमान चालीसा के पाठ ने एक लाख का आंकड़ा पार कर लिया है। इसे बोधराज सीकरी ने सनातन संस्कृति की तरफ बढ़ती लोगों की आस्था बताया है।

सेक्टर-31 में बोधराज सीकरी की मुहिम के तहत भव्यता से हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। जिसमें हनुमानजी का नाम हनुमान कैसे पड़ा, उनका बाल्यकाल का क्या नाम था, उनके पंचमुखी नाम का क्या अभिप्राय है, मर्यादा पुरुषोत्तम राम उन्हें भरत से अधिक प्रिय क्यों लगते थे, सूक्ष्म रूप, भीम रूप, की परिभाषा और हनुमानजी को बजरंगी क्यों कहा जाता है, उनकी गदा का कितना वजन था आदि कई रहस्य बोधराज सीकरी ने अपने 20 मिनट के वक्तव्य में खोले। आरडब्ल्यूए सेक्टर-31 ने इस नेक काम में साथ दिया। सेक्टर-31 के अतिरिक्त सुशांत लोक, सी. ब्लॉक, फ्लायर पार्क में 30 लोगों ने सामूहिक पाठ किया। जामपुर शिव मंदिर, ईस्ट ऑफ कैलाश में भी 40 से अधिक लोगों द्वारा हनुमान चालीसा का किया। इस धार्मिक आयोजन में दमन दीवान, श्वेता दीवान, धर्मेंद्र स्वामी, मोनिका स्वामी और ग्लोबल ग्रुप के प्रबंध निदेशक नितिन चांदना और उनकी पत्नी वंदना यजमान रहे।

पंडित भीमदत्त ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया। गजेंद्र गोसाईं ने 75 मिनट में बिना रुके निरंतर 21 बार हनुमान चालीसा के पाठ को संगीत पर गाया। बोधराज सीकरी की यह एक छोटी-सी मुहिम बड़ा रूप ले रही है। युवाओं की भी इस मुहिम के कारण लगातार आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ रही है। यजमानों ने सभी आए हुए भक्तों के गले में प्रभु हनुमान की मोती की माला डालकर उनका अभिनंदन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर ने किया क्षमता निर्माण कार्यक्रम


एसजीटी के अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर में प्रशिक्षण लेती महिलाएं।

**गुरुग्राम।** एसजीटी यूनिवर्सिटी के अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर (एसीआईसी) ने अपने परिसर में अगरबत्ती निर्माण पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। एसजीटी विश्वविद्यालय के आस पास के विभिन्न गांवों की 25 महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जहां उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए अगरबत्ती बनाना सिखाया गया। सुल्तानपुर की प्रतिभागियों में से ज्योति ने कहा कि एसीआईसी के मार्गदर्शन के चलते वो एक नए काम को सीख पाने में सक्षम हुई और यह भी जाना कि किस तरह से बाजार तक पहुंच बनाकर और अपने उत्पाद को बेचकर वह अपनी आय बढ़ा सकती है। धनकोट गांव की ऋचा गुप्ता जो खुद एक बिजनेस उद्यमी हैं, ने कहा कि वह महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की पहल करने के लिए एसीआईसी-एसजीटीयू की आभारी हैं। कार्यक्रम के बारे में एसीआईसी-एसजीटी यूनिवर्सिटी के ऋषि शर्मा ने बताया कि यह अगरबत्ती गाय के गोबर, आटे और सरसों के तेल से बचा शेष जैसी प्राकृतिक कच्चे माल का उपयोग करके बनाई जाती है। और इस से वातावरण को कोई हानि भी नहीं पहुंचती है। एसीआईसी के बकुल देव राय ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और अपना स्टार्टअप शुरू करने के लिए कुशल बनाना था।

### काउ टास्क फोर्स की मदद से 34 गायों को मुक्त कराया



**सोहना।** बंद कंटेनर में गो कशी के लिए ले जा रहे 34 गायों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की मदद से मुक्त करा लिया। कंटेनर दिल्ली-वडोदरा राष्ट्रीय मार्ग पर टायर फटने के बाद पांच किलामीटर तक दौड़ता रहा। पुलिस की मदद से कंटेनर चालक व उसके कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। बजरंग दल के कार्यकर्ता मानसिंह निवासी गांव भिरावटी जिला नूह ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि मंगलवार-बुधवार की रात को उन्हें सूचना मिली कि बॉडी बंद कंटेनर में गुरुग्राम से जिला नूंह के लिए गोकशी के लिए गायें ले जाई जा रही हैं। ये कंटेनर कुछ समय के बाद दिल्ली-वडोदरा राष्ट्रीय मार्ग पर घामडौज में बना टोल से निकलेगा। मानसिंह ने बताया कि उसने दो अपने साथी अभिषेक निवासी गुरुग्राम व विनोद निवासी ढाणा तथा अन्य साथियों को सूचना देकर घामडौज टोल प्लाजा पर खड़े हो गए। साथ में काउ टास्क फोर्स को भी इसकी सूचना देकर बुला लिया। कुछ समय के बाद गुरुग्राम की तरफसे टोल पर आया कंटेनर को रुकने का इशारा किया, लेकिन उसके चालक ने टोल के बैरिकैड को तोड़ते हुए आगे सोहना की तरफ निकल गया। इस दौरान कंटेनर अगला बाई तरफ का टायर टायर टोल बैरिकैड पर पड़ी कुछ निकुली वस्तु लगने से फट गया, लेकिन चालक कंटेनर को पांच किलोमीटर तक रिम पर ही दौड़ता हुआ चलता रहा। काउ टास्क फोर्स की मदद से कंटेनर को दिल्ली-वडोदरा मार्ग पर रुकवाने में सफलता मिल गई। जिसके चालक व कंडक्टर को सड़क पर दौड़ते हुए दबोच लिया। जिनकी पहचान चालक मुकेश व कंडक्टर की मुस्ताक के रुप में पहचान हो गई है। कंटेनर में तलाशी के दौरान बंद बॉडी में 34 गाय थीं। जिन्हें गोशाला में छोड़ दिया।

# भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने शहर में निकाला जुलूस

## भामसं हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा, इसी माह अधिवेशन हुआ था पटना में

### अधिवेशन में देशभर से आए करीबन 2500 प्रतिनिधियों ने लिया था भाग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करते भारतीय मजदूर संघ से संबंधित सदस्य।

**भारतीय** मजदूर संघ के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यकर्ताओं ने रोष प्रदर्शन कर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के नाम जिला उपायुक्त के माध्यम से मांग पत्र सौंपा। गुरुग्राम में भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने राजीव चौक से जिला सचिवालय पैदल मार्च निकाला।

जिले की भारतीय मजदूर संघ से सम्बंधित सभी यूनियनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान समय सिंह ने की। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक कुमार ने उपस्थित कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ का अखिल भारतीय अधिवेशन 7 से 9 अप्रैल को पटना में आयोजित हुआ था। जिसमें देशभर से करीबन 2500 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अधिवेशन में चार प्रस्ताव सवर्ज़सम्मति से पारित किये गए जिसमें पहले प्रस्ताव के रूप में सभी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के मांग की गई। दूसरे प्रस्ताव के रूप में ठेका प्रथा को पूर्ण रूप से बंद करने की मांग की गई। तीसरे प्रस्ताव के रूप में मांग की गई कि आर्थिक विकास के लिए राष्ट्रीय श्रम नीति बनें और चौथे प्रस्ताव के रूप में न्यूनतम मजदूरी के स्थान पर जीविका मजदूरी तय हो।

अशोक कुमार ने कहा कि ये चारों प्रस्ताव संगठित, असंगठित एवं ठेका कर्मचारियों के निरंतर मांग पर आधारित है, जबकि वास्तविकता में कर्मचारियों को अधिकार दिये हैं। इस लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारें इन प्रस्तावों पर उचित कायज़्वाही करें। कायज़्कताओज़ं को सम्बोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के जिला प्रधान समय सिंह ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा की जो मांग भारतीय मजदूर संघ ने जो उठाई है, वह बहुत ही वाजिब एवं न्याय संगत है। पिछली बार गुरुग्राम में एक ऑटो चालक साथी शेर सिंह की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। जिसके परिवार को आज तक सरकार की ओर से कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई है। पिछले दिनों कोरोना काल के बाद असंगठित क्षेत्र का डाटा तैयार करने के उद्देश्य से असंगठित श्रमिकों के ई-श्रम कार्ड बनाकर दिये गए।

भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि आज गुरुग्राम व फरीदाबाद में अवैध रूप से हजारों बाईकें चल रही है। जो सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार दिल्ली प्रदेश में बंद हो चुकी है। जिसे गैर कानूनी तरीके से गुरुग्राम में चलाया जा रहा है। जिनको तुरंत प्रभाव से बंद किये जाने की मांग भारतीय मजदूर संघ करता है।

# राजेंद्रा पार्क से भीमगढ़ खेड़ी तक अंडरपास ही समाधान : नवीन गोयल

### स्टेशन अधीक्षक से मिलकर रखी लोगों की समस्या

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन के पास अंडरपास के बारे में जानकारी लेते नवीन गोयल।

राजेंद्रा पार्क और भीमगढ़ खेड़ी। ये दोनों कालोनियों रेलवे स्टेशन के दोनों तरफ बसी हैं। दोनों कालोनियों का शमशान घाट एक ही है, वह भीमगढ़ खेड़ी में है। ऐसे में यहां तक राजेंद्रा पार्क से आने वालों को काफी कठिनाई होती है। इस समस्या को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने मौके का मुआयना किया।

साथ ही स्टेशन अधीक्षक शंकर लाल मीणा से मिलकर यहां बने अंडरपास को शुरू कराने का अनुरोध किया। नवीन गोयल ने कहा कि राजेंद्रा पार्क व भीमगढ़ खेड़ी दोनों कालोनियों की काफी ज्यादा है। इसके बावजूद इन दोनों कालोनियों के लिए एक ही शमशान घाट लाइन के इस पर भीमगढ़ खेड़ी में है। ऐसे में लाइन पार बसी कालोनी राजेंद्र पार्क में किसी का निधन हो जाता है तो उसे अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट तक लाना मुश्किल हो जाता है। यह लोगों की जायज समस्या है। जनहित में इसका समाधान होना चाहिए। नवीन गोयल ने कहा कि भविष्य में आबादी और बढ़ेगी। आबादी के साथ यह समस्या भी गहरी होगी। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने कहा कि रेलवे लाइनों को पार करके इधर से उधर आना-जाना नियमों के विरुद्ध होने के साथ खतरनाक भी है।

# बजाज आलियांज लाइफ ने लगातार 22वें वर्ष पार्टिसिपेटिंग

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

### एफ वाई 2023 के लिए 11 लाख से अधिक पॉलिसीधारक लाभान्वित होंगे

**भारत** के प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक बजाज आलियांज लाइफ ने एक बार फिर लगातार 22वें वर्ष के लिए बोनस की घोषणा करके अपने पॉलिसीधारकों के अटूट विश्वास को कायम रखा है। कंपनी ने इसके पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के लिए 1,201 करोड़ रुपये का बोनस घोषित किया है, जिसमें 872 करोड़ रुपये का नियमित प्रत्यावर्ती बोनस और 329 करोड़ रुपये का टर्मिनल और नकद बोनस शामिल है। बोनस से 11.43 लाख योग्य निष्ठावान पॉलिसीधारक लाभान्वित होंगे जो बजाज आलियांज लाइफ के साथ अपने जीवन के लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

कंपनी द्वारा घोषित नियमित प्रत्यावर्ती बोनस पॉलिसीधारक की परिपक्वता या मृत्यु के समय देय होगा। वित्त वर्ष 2023 के लिए कंपनी के पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के फंड द्वारा उत्पन्न अधिशेष से बोनस के लिए धन प्राप्त किया जाएगा। तरुण चुघ, एमडी और सीईओ, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, बजाज आलियांज लाइफ अपने ग्राहकों से किए गए वादे के प्रति प्रतिबद्ध है। लगातार 22 वर्षों तक घोषित बोनस टीमों के फोकस का एक प्रमाण है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे ग्राहक हमारे साथ उनके दीर्घकालिक लक्ष्यों में निवेशित रहने के लाभों का आनंद ले सकें। हमारे हर कदम में ग्राहकों को केंद्र में रखा जाता है, क्योंकि इसी तरह हम आगे बढ़ते हैं ताकि कई और ग्राहक हमारे साथ अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकें।

बजाज आलियांज लाइफ ने बजाज आलियांज लाइफ फ्लेक्सी इनकम गोल, बजाज आलियांज एलीट एश्योर, बजाज आलियांज लाइफ इनकम एश्योर सहित अपने पार्टिसिपेटिंग उत्पादों के लिए लगातार 22वें वर्ष बोनस की घोषणा की है। 31 मार्च, 2023 तक लागू सभी पार्टिसिपेटिंग पॉलिसी कंपनी द्वारा घोषित बोनस प्राप्त करने के योग्य हैं।

बजाज आलियांज लाइफ द्वारा साल दर साल घोषित प्रतिस्पर्धी बोनस कंपनी पर ग्राहकों के भरोसे का प्रमाण है। अपने बेहतर प्रॉडक्ट, डिजिटल और तकनीक-सक्षम सेवाओं, बड़े वितरण नेटवर्क और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, बजाज आलियांज लाइफ आने वाले वर्षों में कई और ग्राहकों को अपने जीवन के लक्ष्यों को एक सहज और पूर्ण तरीके से प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए तैयार है।

# 425 स्थानों पर सुना जाएगा मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड

### विधायक सुधीर सिंगला मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।


गार्गी कक्कड़।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 30 अप्रैल को 100 एपिसोड पूरे हो जाएंगे। हरियाणा में पीएम मोदी के 100वें एपिसोड को सुनने के लिए प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर योजना तैयार की गई है। प्रदेश में यह कार्यक्रम हर विधानसभा में 100 स्थानों पर सुने जाएंगे। कार्यक्रम की सफलता और तैयारियों के लिए गुरुग्राम की भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने भी जिला व मंडल स्तर पर पदाधिकारियों की टीम का गठन किया है।

जिला अध्यक्ष ने विधायक सुधीर सिंगला को मन की बात कार्यक्रम का जिला संयोजक नियुक्त किया है। गुरुग्राम में मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड 425 स्थानों पर सुनने की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें लगभग 12 हजार लोग पीएम मोदी की मन की बात एक साथ बैठकर सुनेंगे। जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के लिए जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने गुरुग्राम, सोहना, पटौदी और बादशाहपुर विधानसभा के संयोजक, मंडल संयोजक और मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। पटौदी विधानसभा संयोजक की जिम्मेदारी प्रदीप कुमार जैलदार को दी गई हे। वहीं मंडल संयोजक प्रदीप जेलदार और मंडल अध्यक्ष अभय चौहान को जिम्मेदारी सौंपी है। मनोज शर्मा को मानेसर मंडल संयोजक, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र यादव, नरेश चौहान को पटौदी मंडल संयोजक और कृष्ण यादव को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# युवाओं को उनके अंदर छिपी शक्ति से अवगत करवाने का उठाया बीड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**एक** सफल एंटरप्रेन्योर एवं इंस्पिरेशनल स्पीकर गोविन्द भादू ने गांव के सरकारी स्कूल में पढाई के दौरान एक ख्वाब देखा और उसे साकार भी किया। सामान्य परिवार में जन्मे और जीवन यापन के लिए निरंतर आर्थिक संकट से जूझते गोविन्द भादू के लिए सफलता की राह बिलकुल भी आसान नहीं थी।

महज़ नौंवी कक्षा से ही बिज़नेस में कूदने वाले गोविन्द भादू ने जीरो से शुरुआत की, लेकिन अनुभव की कमी, मार्गदर्शक का अभाव व बिजनेस के लिए पूंजी के अभाव के कारण, कई बार चुनौतीयों व असफलता का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी, लगातार धेर्य के साथ आगे बढते रहे । क्योंकि उन्हें अपनी योग्यताओं पर पूर्ण विश्वास था और मन में अपने लक्ष्यो को हासिल करने की तीव्र इच्छा थी। और इसी विश्वास, व संकल्प के कारण उन्होने अपने जीवन में एक मुकाम हासिल किया।

इस प्रकार एक के बाद एक बिजनेस करते गए कहीं सफलता मिली ओर कहीं पर असफलता हाथ लगाी । उन्हें सफलता का असली मतलब तब पता चला जब 18 साल पहले उन्होने दोस्तो के साथ मिलकर एक व्यवसाय बडे स्तर पर प्रारम्भ किया और उसमें सब कुछ लगा दिया लेकिन आपसी विवाद के कारण उनको ये व्यसाय छोडना पड़ा, जिससे कर्जे मे दब गये एवं जीवनयापन का संकट पैदा हो गया उस समय घर का किराया देने के लिए अपनी एकमात्र मोटरसाइकिल ओने पोने दाम में बेचनी पडी । गोविन्द भादू का मानना है की असफलता हमारी सच्ची शिक्षक है। एक दिन उन्हें एहसास हुआ कि अक्सर प्रेरणादायी सामजिक व पारिवारिक परिवेश ना मिलने के कारण युवा, सामर्थय होने के बावजूद जीवन में उपलब्धियों को हासिल नहीं कर पाते। तब लॉकडाउन के दौरान मैंने ऑनलाइन शेप योर ड्रीम पहल की शुरुआत की और इस अभियान के माध्यम से युवाओं को उनके अंदर छिपी शक्ति से अवगत करवाने का बीड़ा उठाया। अबतक गोविन्द भादू हजारों बच्चों के जीवन को सही दिशा देने में सफल रहे हैं।

# ईएसआईसी डॉक्टरों ने व्यक्ति के कटे हाथ को दोबारा जोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



मारीज के साथ ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के डॉक्टर

**कहते** हैं डॉक्टर धरती के भगवान होते हैं। इस बात को सार्थक कर दिखाया है ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डॉक्टरों ने। डॉक्टरों ने एक व्यक्ति के कटे हाथ को दोबारा जोड़ कर उसे फिर से काम करने योग्य बनाया है। जिले के किसी भी अस्पताल में यह अपनी तरह का पहला ऑपरेशन है।

ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में आयोजित पत्रकार वार्ता में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल पांडे ने बताया कि एसजीएम नगर स्थित संजय कॉलोनी निवासी 41 वर्षीय अभय भूषण सिंह पलवल स्थित एक कंपनी में काम करते हैं। पिछले सप्ताह काम के दौरान मशीन की चपेट में आने से उनका सीधा हाथ आधा कट गया था। आनन-फानन में कंपनी कर्मचारी उन्हें ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लेकर पहुंचे। एक कर्मचारी पॉलीथिन में कटा हाथ लेकर पहुंच गया। आधा हाथ कट जाने से उनका परिवार बेहद दुखी था। परिजनों की सहमति पर तुरंत प्लास्टिक सर्जरी में सर्जन डॉ. भूपेंद्र सिंह, प्रोफेसर डॉ. आरपी नागर, सीसीयू के प्रमुख डॉ. वीके वर्मा, एनिस्थीसिया विभाग से प्रोफेसर अनूप गोगई और प्लास्टिक सर्जन डॉ. आरके नारायण शामिल रहे। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत ऑपरेशन शुरू किया गया।

करीब 10 घंटे चले ऑपरेशन के बाद व्यक्ति के कटे हाथ को दोबारा जोड़ दिया गया। डॉक्टरों की टीम ने बताया कि कटे हाथ को दोबारा जोड़कर उसे पहले की तरह चलाना उनके लिए एक बड़ा चैलेंज था, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। इसमें न्यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टरों की भी मदद ली गई। ऑपरेशन के बाद मरीज का हाथ अब फिर से काम करने लगा है। पत्नी सविता ने कहा कि वह तो उम्मीद छोड़ चुकी थी कि हाथ दोबारा जुड़ पाएगा, लेकिन डॉक्टरों के प्रयास से यह संभव हुआ। उन्होंने डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक वीरेंद्र दहिया सहित अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

# खेड़ी पुल मंडी के बाद अब बल्लभगढ़ की फल मंडी में लगी भीषण आग

## तड़के लगी आग पर सुबह 7 बजे पाया जा सका काबू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**बल्लभगढ़** में गुप्ता होटल चौक के पास लगने वाली मंडी में बुधवार तड़के भयंकर आग लग गई। आग में वहां सब्जी फलों की लगभग सभी दुकानें जलकर राख हो गई। आग कैसे लगी, अभी कारणों का पता नहीं चल सका है। अभी दो दिन पहले फरीदाबाद में खेड़ी पुल के पास लगने वाली कपड़ा मार्केट और सब्जी की दुकानों में भयंकर आग लग गई थी, जिसमें तीन सौ से ज्यादा दुकानें खाक हो गई थी। बताया जा रहा है कि दुकानों में किसी तरह की संदिग्ध परिस्थितियां नजर आ रही है।

बल्लभगढ़ में हुए हादसे में किसी के हताहत होने का अभी तक कोई समाचार नहीं मिला है। आग को बुझाने में आसपास से करीब 12 दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची, जिन्होंने सुबह 6.30 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। उधर इस घटना के बाद बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित दुकानदारों से घटना की जानकारी ली और उनका दुख बांटा। पीड़ित दुकानदारों ने श्रीअग्रवाल को बताया कि आग की घटना रात को 12 बजे के आसपास हुई थी और दमकल की गाड़ियां एक-डेढ़ घंटे लेट पहुंची, जिसके चलते सारी दुकानें जल गई और उनमें रखा फलफ्रूट जल गया। पीड़ित दुकानदारों का दुखड़ा सुनने के उपरांत मनोज अग्रवाल ने कहा कि


पीड़ित दुकानदारों से बातचीत करते कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल

यह दुखद घटना है क्योंकि इस आगजनी में अनेक दुकानदारों की जीवनभर की पूंजी जलकर स्वाह हो गई और अब उनके समक्ष अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करने की परेशानी पैदा हो गई है।

# किश्त जमा न कराने वाले ग्राहक के घर पहुंचे मैनेजर को बंधक बनाकर पीटा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पल्ला** क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी में किश्त जमा न कराने पर एक ग्राहक के घर जाना एक निजी बैंक के मैनेजर को महंगा पड़ गया। किश्त जमा न करने पर मैनेजर कॉलोनी में अपने ग्राहक के घर पहुंचे थे, लेकिन ग्राहक अपने साथियों के साथ बाइक पर मैनेजर को बैठा कर ले गए और बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की। बाद में किसी तरह मैनेजर ने अपने मोबाइल से उच्च अधिकारियों को लोकेशन भेज कर आप बीती का मैसेज भेजा, तब पुलिस की कॉल उनके मोबाइल पर पहुंची। पुलिस की कॉल पहुंचते ही आरोपी भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अरुण गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली के उत्तम नगर में रहते हैं, जो एक निजी बैंक में डेब्ट मैनेजर के रुप मे कार्यरत हैं। मंगलवार को वह दुर्गा बिल्डर कृष्णा कॉलोनी में किश्त जमा न कराने पर अपने ग्राहक वंदना मिश्रा के घर पहुंचे थे। पांच किश्त जमा नहीं हुई थी। इस बारे में पता करने अरुण गुप्ता उनके घर गए थे। हालांकि आने से पहले अरुण ने वंदना के पति मुकेश मिश्रा के

### आरोपी मैनेजर को बाइक पर लेकर गए।

### पुलिस का फोन पहुंचने पर आरोपियों ने मैनेजर को छोड़ा

मोबाइल पर संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वंदना ने उन्हें बताया कि उनके पति अभी घर पर नहीं है। 10 मिनट इंतजार कर लें। कुछ देर बाद मुकेश अपने साथियों के साथ घर पहुंचे, जिसमें से एक का नाम लोकेश बताया गया है। आरोप है कि लोकेश ने अरुण को जबरदस्ती अपनी बाइक पर यह कह कर बैठा लिया कि वह इस बारे में कहीं जाकर मीटिंग करेंगे। लोकेश ने अपने 8-10 साथियों को बुला लिया और उन पर रॉड व डंडे से हमला किया। इन सब ने मैनेजर अरुण के साथ मारपीट की। आरोपियों ने उन्हें बंधक बना लिया और उनके मोबाइल से उनके दोस्त को फोन करके पैसों की मांग की और कहा कि तुम लोग ही उनके लोन का पैसा भरेंगे। इस बीच अरुण ने अपने उच्च अधिकारी को अपनी लोकेशन दे दी, जिसके चलते पुलिस शिकायत की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नेहरू कॉलेज के विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**फरीदाबाद।** न्यायिक साक्षरता प्रकोष्ठ लीगल लिटरेसी सेल के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-1 पंचकूला में राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ महेंद्र कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में पंडित जवाहरलाल नेहरू स्नातकोर महाविद्यालय फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता, वाद-विवाद, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, प्रश्नोत्तरी, डॉक्यूमेंट्री में भाग लिया व शानदार प्रदर्शन किया। यश कालरा बीएससी फर्स्ट ईयर में वाद-विवाद में प्रथम, बबलू यादव बीए इंग्लिश ऑनर्स फर्स्ट ईयर ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में द्वितीय तथा बॉबी भाटी बीएससी फाइनल ईयर व सूरज शर्मा एमए इकोनॉमिक्स फर्स्ट ईयर ने प्रश्नोत्तरी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की लीगल लिटरेसी सेल की संचालक सुप्रिया दिनोदिया तथा समस्त कमेटी के सदस्यों ने विद्यार्थियों को तैयार करने में भरपूर योगदान दिया, जिसमें डॉक्टर रुचिरा खुल्लर, डॉक्टर सवीना सिंह, डॉक्टर अंशु नैयर, गिरिराज तथा रिचा बंसल के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

### मन की बात कार्यक्रम सभी मंडलों में किए जाएंगे : राहुल राणा




**फरीदाबाद।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जिला कार्यकारिणी बैठक जिलाध्यक्ष पंकज सिंगला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य तौर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 100वीं मन की बात कार्यक्रम सभी मंडलों में करना तथा एक बूथ एक यूथ तैयार करने का कार्य करना है। राणा ने फरीदाबाद जिले को पूरे हरियाणा प्रदेश में सदस्यता अभियान में नंबर वन का दर्जा देते हुए कहा कि जिस प्रकार फरीदाबाद ने 42000 सदस्यता करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, उसी प्रकार पहले भी प्रदेश द्वारा दिए गए सभी कार्य पूरी निष्ठा और लगन के साथ पूर्ण किए हैं। उन्होंने कहा कि जो साथी आने वाले नगर निगम चुनाव में चुनाव लड़ना चाहतें हैं, मैं और युवा मोर्चा की पूरी टीम उसका समर्थन करेगी तथा उसकी मदद भी करेगी।

### दो हथियारबंद बदमाशों ने विधवा महिला-बेटी से कैश जेवर लूटे

**पलवल।** घर में घुसे बदमाशों ने एक विधवा महिला व उसकी बेटी से हथियार के बल पर लाखों रुपये के जेवरात और 40 हजार रुपए नकद लूट लिए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर एक नामजद सहित दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कलसाड़ा गांव निवासी विधवा संतरा देवी ने दी शिकायत में कहा है कि घर में वह और उसकी बेटी अकेले रहते हैं। पीड़िता का आरोप है कि रात के करीब पौने तीन बजे वह जब बेटी के साथ घर में सोई हुई थी, तभी गांव का ही निवासी राहुल अपने अन्य साथी के साथ उनके घर में घुस आया, जिनकी नींद खुलने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से हथियार दिखाए।बदमाशों ने उसकी बेटी के सोने के कुंडल व सोने की चेन लूट ली। घर में रखे 40 हजार रुपये भी ले गए। उन्होंने विरोध किया तो आरोपी ने हथियार दिखाते हुए दोनों को जान से मारने की धमकी दी, जिससे दोनों मां-बेटी चुप रही। आरोपी जाते समय हथियार दिखाते हुए कहकर गए है कि यदि इस बारे में कोई कार्रवाई की और किसी को बताया तो दोनों को जान से खत्म कर देंगे। पीड़िता ने कहा कि उसने गांव के ही निवासी राहुल को पहचान लिया, जबकि उसके साथी को नहीं पहचान सकी। आरोप है कि इससे पहले भी आरोपी चार-पांच चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### स्कूलों में खाना नहीं बनाएंगी मिड डे मील वर्कर्स

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिला की मिड डे मील वर्कर्स 28 अप्रैल को हड़ताल करेंगी। स्कूलों में खाना नहीं बनाएंगी। यह बात मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा (सीटू) की जिला प्रधान कमलेश व जिला सचिव गीता ने संयुक्त रूप से कही। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष सुधा, सीटू जिला प्रधान निरनतर पराशर, जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल कहा कि मिड डे मील वर्कर्स के परिवार भूखे मरने के कगार पर हैं। 13 अप्रैल को हरियाणा सरकार व विभाग को नोटिस दिया था। 18 अप्रैल को राज्य भर में प्रदर्शन की कार्यवाहियां की गई थी। 20 अप्रैल को यूनियन का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री कंवर पाल सिंह से भी मिला। उन्होंने कहा था कि जल्द ही मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा। लेकिन इसके बावजूद 6 महीने का मानदेय अभी तक भी जारी नहीं हुआ है। मिड डे मील कुक के सब्र का बांध टूट रहा है। इसलिए 28 अप्रैल को जिला की सभी मिड डे मील वर्कर्स स्कूल में खाना नहीं बनाएंगी। जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करेंगी। यूनियन नेताओं ने कहा कि स्कूलों को मर्ज करने व बंद करने की सरकार की नीति गलत है।

# ट्रक ने अचानक ब्रेक लगाया, पीछे ये टकराया कैंटर, कंडक्टर की मौत



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केएमपी** पर अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे चल रहा टैंकर एक ट्रक से टकरा गया। दुर्घटना में कैंटर के कंडक्टर की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर घायल हो गया।

पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर ट्रक के अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। हथीन थाना प्रभारी रमेशचंद के अनुसार, जिला अजमेर (राजस्थान) के लाम्बा गांव निवासी गणपत सिंह ने दी शिकायत में कहा है कि उसका भाई पिन्टू सिंह टैंकर पर बतौर परिचालक नौकरी करता था। 25 अप्रैल को उसका भाई पिन्टू सिंह टैंकर में पर गुजरात से होते हुए करीब 2.20 बजे केएमपी पर नजदीक मिंडकोला गांव पहुंचे।

टैंकर को उनके ही गांव का निवासी पुष्पेंद्र सिंह चला रहा था। उनके आगे एक ट्रक चल रहा था, जिसके ब्रेक लगते ही उनका टैंकर ट्रक में टकरा गया। उसका भाई पिन्टू व चालक पुष्पेंद्र घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां दुर्घटना में लगी चोटों के कारण पिन्टू की मौत हो गई, जबकि चालक का इलाज चल रहा है।

# अवैध कॉलोनी निर्माण पर चला पीला पंजा 38 एकड़ में बस रही चार कॉलोनी धवस्त

### दो बाउंड्रीवाल व करीब 8000 मीटर रोड नेटवर्क को जेसीबी मशीन से ध्वस्त

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**जिला** नगर योजनाकार विभाग (डीटीपी) की ओर से औरंगाबाद गांव की राजस्व सम्पदा में हो रहे अवैध निर्माण पर पीला पंजा चलवा दिया। औंरगाबाद-दीघोट मार्ग पर 38 एकड़ भूमि पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। इनमें 40 डीपीसी, दो बाउंड्रीवाल व करीब 800 मीटर रोड नेटवर्क को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस भी तैनात रही।

डीटीपी नरेंद्र नैन ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली की औरंगाबाद-दीघोट मार्ग पर औरंगाबाद गांव की भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है। सूचना पर उन्होंने अपनी टीम भेजकर मौके पर जांच कराई तो सूचना ठीक पाई गई, जिसके बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी होडल नरेश कुमार व पुलिस की टीम लेकर उनकी टीम मौके पर पहुंची।

टीम ने जेसीबी मशीन से 38 एकड़ में काटी जा रही कॉलोनी में तोड़फोड़ शुरू कर दी। लेकिन इस दौरान तोड़फोड़ का किसी ने कोई विरोध नहीं किया। डीटीपी नैन ने बताया कि विभाग की ओर से की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जाएगी ताकि अवैध कॉलोनी काटने व उसमें निर्माण करने वालों के मंसूबे पुरे न हो सकें। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया है कि अवैध कॉलोनियों में भू-माफियाओं के बहकावे में आकर प्लाट न खरीदे व अपनी मेहनत कि कमाई को बर्बाद न होने दें। क्योंकि अवैध कॉलोनियों में सरकार की ओर से किसी भी प्रकार कि सुविधा नहीं दी जाती है।

# मकान से 10 लाख रुपये चोरी

**फरीदाबाद।** डबुआ गांव के एक मकान से 10 लाख रुपये चोरी की रिपोर्ट थाना डबुआ पुलिस ने दर्ज की है, लेकिन आरोपी का अभी पता नहीं चल पाया है।

पीड़ित का नाम कपिल है, जिनका डबुआ-पाली रोड पर फार्म हाउस है। वह 22 अप्रैल की रात को फार्म हाउस पर रूके हुए थे और घर पर उनकी पत्नी व मम्मी थी। उस रात को उनके घर की अलमारी का लॉक तोड़कर कोई 10 लाख रुपये चोरी करके ले गया। इस बारे में उन्हें अगले दिन पता चला। इस चोरी की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने जांच की। पुलिस को सीसीटीवी में एक युवक रात के समय उनके घर के आसपास घूमता दिखाई दिया, जिसके पास बाइक थी। इसके चलते यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि उस युवक ने ही चोरी की होगी। कपिल ने ये रुपये प्लाट खरीदने के लिए रखे हुए थे। पुलिस उस युवक को ढूंढ रही है।

### मानव रचना में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

# 1500 छात्रों को डिग्री-मानद उपाधि से नवाजा, नहीं पहुंचे राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मानव** रचना में बुधवार को सत्र 2022 के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। मानव रचना यूनिवर्सिटी (एमआरयू), मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) और मानव रचना डेंटल कॉलेज के इस संयुक्त दीक्षांत समारोह का शुभारंभ दीप जलाकर किया गया। इस दौरान दिल्ली यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर इंडियन कैमिकल इंजीनियर व सीएसआईआर के पूर्व डायरेक्टर जनरल डॉ. रघुनाथ अनंत माशेलकर और प्रो. योगेश सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए।

मौके पर एमआरईआई की चीफ पेटर्न सत्या भल्ला, अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला, उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला, एमआरआईआईआरएस के वाइस चांसलर डॉ. संजय श्रीवास्तव, एमआरयू के वाइस चांसलर डॉ. आईके भट मुख्य रूप से उपस्थित रहे। खास बात यह है कि इस समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को आना था लेकिन सुखबीर बादल की मृत्यु के कारण वे इसमें नहीं पहुंच सके। डॉ. प्रशांत भल्ला ने अपने संबोधन में सभी छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों को उनके कठिन परिश्रम के लिए बधाई देते हुए कहा कि ये दिन सभी के सामूहिक प्रयासों से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि एमआरआईआईआरएस और एमआरयू दोनों की यूनिवर्सिटी ने युवाओं को इंडस्ट्री की जरूरत के लिहाज से कुशल बनाया है। उन्होंने कहा कि सभी छात्र अपनी उपलब्धियों से संस्थान का रोशन करेंगे, जिसकी हमें पूरी उमीद है।

संस्थान के इस कार्यक्रम में तकरीबन 1500 पूर्व छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर व डॉक्टरेट की डिग्रियां प्रदान की गई। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 10 सम्मानित लोगों को मानद उपाधियों से नवाजा गया।

# पत्नी को मार डाला था छत से धक्का देकर, पति हुआ गिरफ्तार, जेल पहुंचा

### मृतका के पति सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**पलवल** जिले में पत्नी को छत से धक्का देकर मारने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को 24 अप्रैल को कोर्ट में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वारदात 24 मार्च को अंजाम दी गई थी। होडल थाना पुलिस ने मृतका के पति सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। उसी दिन से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

खेड़ी पुल (फरीदाबाद) निवासी राजेश ने 24 मार्च को शिकायत दी थी कि उसकी बहन कुसुम की शादी छह वर्ष पूर्व अंधुआ पट्टी होडल निवासी वीर सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से उसकी बहन कुसुम को पति वीर


हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक

सिंह, देवर भूषण, जेठ रवि और ससुर राजकुमार दहेज के लिए परेशान करते थे। इसके चलते उन्होंने उसकी हत्या कर दी थी।

मामले के जांच अधिकारी होडल लघु सचिवालय चौकी प्रभारी संजय कुमार की टीम ने मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिए थे। टीम ने आरोपी पति वीर सिंह को 24 अप्रैल को उसके गांव से गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बांगलादेशी युवती को वेश्यावृति में धकेलने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**बांग्लादेशी** युवती का नकली पहचान पत्र बनाकर जबरन वेश्यावृति के धंधे में धकेलने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पलवल सिटी पुलिस ने एक महिला व उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। युवती ने इनके चंगुल से निकलने के बाद पलवल में युवक से शादी की और इसके बाद पुलिस को वारदात का ब्योरा दिया। पुलिस अब इनसे पूछताछ कर वेश्यावृति के नेटवर्क का पर्दाफाश करने के प्रयास में है।

पीड़िता 20 वर्षीय युवती ने शिकायत में कहा है कि उसकी पड़ोसन नरगिस उसे दिल्ली में नौकरी दिलाने के लिए कही थी। पीड़िता 28 जनवरी को बांग्लादेश से दिल्ली के लिए निकली थी। राजू नाम के व्यक्ति ने उसे बॉर्डर पार करवाया और एक कमरे में ले गया। कमरे में पहले से ही काफी लड़कियां थी। आरोपी ने वहां पर उसे फोन व नकली पहचान पत्र दिया।



दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उसे लता व उसका पति अजगर मिले, जो उसे आली गांव ले आए। आरोपियों ने उसे वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेल दिया। उसकी अश्लील फोटो लेकर ग्राहक के पास भेजा जाता। इसके बाद उसे होटल भेजा जाता। दिल्ली बदरपुर बॉर्डर पर युवक ने उसे लता से जुड़े लोगों से छुड़वाया और उससे शादी कर ली। दोनों ने पुलिस से सुरक्षा मांगी है।

शहर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज करने के चंद घटों बाद ही दोनों आरोपियों लता व अजगर को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान उनके नेटवर्क का पर्दाफाश करने का प्रयास किया जाएगा। मामले से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। मामले में सीडब्ल्यूसी, एएचटीयू व स्थानीय पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## जल संकट

### लापरवाही का नतीजा

**एक** सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार कुछ राजनेताओं की लापरवाही के कारण जल स्त्रोतों का ठीक से रखरखाव नहीं हो रहा है जो जल संकट का कारण बन सकता है। जल स्त्रोतों का पहला सर्वेक्षण इस मुद्दे को समझने का अच्छा प्रयास है। इससे 2,424,540 जल स्त्रोतों का पता चला जिनमें से 97.1 प्रतिशत यानी 2,335,055 ग्रामीण क्षेत्रों में तथा शहरों और कस्बों में केवल 2.9 प्रतिशत यानी 69,485 स्त्रोत थे। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा कराए सर्वेक्षण का उद्देश्य सभी जल स्त्रोतों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करना है जिसमें उनके आकार, स्थिति, उन पर अवैध कब्जों की स्थिति, प्रयोग, भंडारण क्षमता, भंडार भरने का स्तर, आदि के बारे में सूचनायें एकत्र की गई हैं। इससे पता लगा कि 1.6 प्रतिशत जल स्त्रोतों पर कब्जे थे। अधिकांश कब्जे, यानी 95.4 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में थे। कब्जे वाले सभी जल स्त्रोतों में से 62.8 प्रतिशत पर 25 प्रतिशत से कम तथा 11.8 प्रतिशत पर 75 प्रतिशत से अधिक कब्जा था। ऐसा लगता है कि गांवों में 95.4 प्रतिशत कब्जे होने के कारण सभी स्तर के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों पर ज्यादा जोर देना चाहिए, लेकिन यह अनुमान सही नहीं है। प्रतिशत के दृष्टिकोण से गांवों की तुलना में शहर अधिक प्रभावित हैं। उदाहरणार्थ, दिल्ली के 893 जल स्त्रोतों में से 216 पर, यानी हर चौथे जल स्त्रोत पर कब्जा था। यदि राष्ट्रीय राजधानी की यह स्थिति है तो अन्य शहरों व छोटे शहरों की हालत का अनुमान लगाया जा सकता है। चेन्नै में जल स्त्रोतों पर अवैध कब्जे की स्थिति भयावह रूप ले चुकी है जिसके परिणामस्वरूप पिछले सालों में नागरिकों को भयंकर बाढ़ का सामना करना पड़ा है। दक्षिण के महानगरों की तरह अन्य शहरों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिनमें बरसात के मौसम में जलभराव का कारण मुख्यत: झीलों, तालाबों, आदि का सिकुड़ना या गायब होना है।



हालांकि, सरकार जल स्त्रोतों के गायब होने की समस्या समझती है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 'हर खेत को पानी' के अंतर्गत जल स्त्रोतों की मरम्मत, सुधार व बहाली–आरआरआर को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इसमें राज्यों को सिंचाई संभावनायें बनाने तथा उनकी बहाली के लिए केन्द्रीय सहायता दी जाती है। इसका लक्ष्य समग्र है जिसमें तालाबों की भंडारण क्षमता बढ़ाना, भूमिगत जल का पुनर्भरण, पेयजल की अधिक उपलब्धता, कृषि एवं बागवानी उत्पादकता में सुधार, आदि शामिल हैं। इसके साथ ही जल शक्ति अभियान में वर्षा जल संचयन को 'कैच द रेन व्हेयर इट फाल्स' थीम के अंतर्गत शामिल किया गया है। मार्च, 2021 में शुरू इस कार्यक्रम का लक्ष्य पांच आयामों में हस्तक्षेप है। इसमें वर्षा जल संचयन व जल संरक्षण, सभी जल स्त्रोतों की जियोटैगिंग व उनकी इन्वेंट्री बनाना, जल संरक्षण की वैज्ञानिक योजनायें बनाना, सभी जिलों में जल शक्ति केन्द्रों की स्थापना, गहन पुनर्वनीकरण तथा जागरूकता अभियान शामिल हैं। सर्वेक्षण के अनुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना–मनरेगा के अंतर्गत पूरे ग्रामीण भारत में जल संरक्षण प्रयास किए जा रहे हैं। दावा किया गया है कि इससे परंपरागत जल स्त्रोतों को बहाल करने में सहायता मिली है। हालांकि, सभी सरकारी योजनाओं की अवधारणा अच्छी हो सकती है, पर जरूरी नहीं कि वे मुद्दों को संबोधित करने के लिए काफी हों। इसमें योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का विशेष महत्व है। जल संकट संबंधी समस्याओं के केन्द्र में कुछ राजनेताओं की सुशासन के प्रति लापरवाही है जिसके कारण अनेक जल स्त्रोतों के प्रति लापरवाही व इन पर कब्जे की स्थिति पैदा हुई। यह स्थिति बदलने की आवश्यकता है।

# प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता

**प्रोजेक्ट टाइगर से वन एवं जैव-विविधता संरक्षण में सफलता मिली है। अब हमें इसकी सफलताओं से सीख कर इसे और मजबूत करना चाहिए।**

**वी.के. बहुगुणा**
(लेखक, इक्फ्री के पूर्व महानिदेशक हैं)





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'प्रोजेक्ट टाइगर' के पचास साल पूरे होने पर 2022 में कर्नाटक में बांदीपुर बाघ अभयारण्य में टाइगर सेंसस रिपोर्ट जारी की थी। देश में अब बाघों की संख्या 200 से बढ़ कर 3,167 हो गई है। बाघ खाद्य श्रृंखला में सर्वोच्च स्थान पर है और बाघों की उपस्थिति परिस्थितिक तंत्र के स्थायित्व व उसमें संतुलन का प्रतीक है। भारत के ट्रापिकल मौसम में विभिन्न परिस्थितिकी तंत्रों का स्थायित्व जल एवं अन्य जैविक संसाधनों को टिकाऊ बनाने के लिए जरूरी है जो सभी जीवरूपों के लिए महत्वपूर्ण हैं। बाघों का न केवल अनेक शिकारियों द्वारा निर्ममता से शिकार किया गया, बल्कि उनका 95 प्रतिशत पर्यावास भी नष्ट हो गया था, टुकड़ों में बंट गया था अथवा वैश्विक स्तर पर कृषि व ढांचागत विकास के लिए जंगल काटने के कारण खराब हो गया था। वर्ष 1900 की शुरुआत में दुनिया भर में एक लाख बाघ थे और भारत में भी 1947 में लगभग 40,000 बाघ थे।

लेकिन 1972 में प्रोजेक्ट टाइगर शुरू करने के समय उनकी संख्या केवल 1,411 बची थी। भारत में जिम कार्बेट नेशनल पार्क में सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व की सहायता व समर्थन से प्रोजेक्ट टाइगर शुरू किया गया था। आज राज्य एवं केन्द्रीय वन विभाग के अधिकारियों की प्रतिबद्धता तथा राजनीतिक नेतृत्व की सहायता से भारत में बाघों की संख्या 3,167 हो गई है जो विश्व बाघ संख्या का तीन चौथाई है। सात देश 'ग्लोबल टाइगर फोरम' के सदस्य हैं। इनमें शामिल भारत की उपलब्धियां शानदार हैं। बाघों की संख्या बढ़ने की कहानी भारतीय वन सेवा अधिकारियों, राज्य वन सेवा के सदस्यों, हमारे रेंजरों, फारेस्टरों, फारेस्ट गार्डों, वन्यजीव एनजीओ, प्रकृति प्रेमियों तथा भारत के 32 मिलियन हेक्टर वनों व उनके आसपास रहने वाले भारतीयों के साहस, संघर्ष व अडिग पेशेवर व्यवहार तथा प्रतिबद्ध समर्थन की कहानी है। वे वनों से प्रेम करते हैं तथा वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

इस सफलता का एक कारण स्थानीय जनता की आजीविका को टिकाऊ बनाने की रणनीति है जिसके चलते समग्र वन्यजीव प्रबंधन योजनायें बनाई गईं। ये रणनीतियां खासकर 998 संरक्षित क्षेत्रों तथा 75,000 वर्ग किलोमीटर वनों के नेटवर्क के 5.28 प्रतिशत क्षेत्र में लागू की गईं। इस रणनीति में केन्द्रीय क्षेत्रों से गांवों का विस्थापन करना तथा लोगों की सहायता भी शामिल है। 2023 में बाघ गणना का एक परिणाम देश के क्षेत्रीय वन प्रभागों में बाघों की संख्या बढ़ना था जो वन्यजीव पर्यावास प्रबंधन के लिए शुभ संकेत है।

इससे पता चलता है कि वन क्षेत्रों में लोगों को बेहतर आर्थिक अवसर दिलाने के सरकारी प्रयासों को सफलता मिली तथा गरीबी में कमी आई। मध्य प्रदेश, कर्नाटक और उत्तराखंड राज्यों का महत्वपूर्ण योगदान है जहां आधे बाघ पाए जाते हैं। इससे बाघों के घनत्व में बिखराव की प्रकृति सामने आती है और यह राजनेताओं व फारेस्टरों के लिए नया एजेंडा पेश करती है। हालांकि, प्रोजेक्ट टाइगर वनों एवं जैव-विविधता संरक्षण में सफल रहा है, पर इन उपलब्धियों को और मजबूत करने की आवश्यकता है। अपने अनुभव के सकारात्मक व नकारात्मक पक्षों पर नजर डालने के बाद स्पष्ट है कि यदि हम अपनी यह स्थिति बनाए रखना चाहते हैं तो लापरवाही का कोई स्थान नहीं है। हमें पर्यावासों व भू-परिस्थितियों के विखंडन, जनसंख्या के दबाव तथा जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बाघों का समग्र पर्यावास बनाए रखने के साथ ही हमें अपने भोजन, जल, औषधीय व पोषण सुरक्षा की चिन्ता भी करनी है। यदि हम बेहतर प्राकृतिक वनों तथा समन्वित समग्र लैंडस्केप प्रबंधन के साथ ज्यादा बाघों के लिए स्थान सुनिश्चित कर सकें तो सभी प्रकार के जीवन के लिए संसाधनों का समर्थन प्राप्त होगा। इससे मानव-वन्यजीव टकराव घटेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहायता मिलेगी। यह कहना अतिरंजना नहीं होगी कि जिलों व प्रखंडों के स्तर पर प्रशासन को प्रभावी वन पर्यावास के सक्षम प्रबंधन के साथ ही जलवायु-सक्षम विकास सुनिश्चित करना होगा। इससे बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित होगी, अपराध घटेगा तथा विकास सुनिश्चित होकर शांतिपूर्ण प्रशासन सुनिश्चित होगा।

राज्यों व केन्द्र के वन विभाग अब भी एक प्रकार से विकलांग हैं तथा उनको समुचित नीतिगत, ढांचागत व वित्तीय समर्थन की कमी का सामना करना पड़ता है। प्रोजेक्ट टाइगर के अधिकारियों व स्थानीय लोगों को शिकारियों का सामना करना पड़ता है जो नवीनतम हथियारों से लैस होते हैं। बाघों की संख्या बढ़ने के पीछे कुख्यात बाघ व वन्यजीव शिकार संसार चंद की गिरफ्तारी भी है। हालांकि, सरिस्का व पन्ना में बाघों की संख्या काफी बढ़ी है, पर अनेक स्थानों पर श्री वैंकटेश्वर नेशनल पार्क जैसे संरक्षित क्षेत्रों में उनकी संख्या घटी है व कुछ अन्य बाघ अभयारण्यों में वे पूरी तरह समाप्त हो गए हैं। मानवशक्ति, आग्नेयास्त्रों व नवीनतम हथियारों, आधुनिक संप्रेषण उपकरणों, वाहनों, आदि की कमी तथा कानूनी समर्थन का अभाव वन विभागों की परेशानी का कारण है। इसके साथ ही प्राकृतिक वनों व खराब हो चुके वनों पर बहुत कम पैसा खर्च किया जाता है। इसके कारण अनेक सथानों पर कई प्रमुख प्रजातियों की संख्या घट रही है। बाघों का घनत्व बढ़ने के कारण समग्र लैंडस्केप प्रबंधन के अभाव में लोगों से टकराव भी बढ़ सकता है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण अधिकरण-एनटीसीए के आंकड़ों के अनुसार 2022 में 121 तथा 2021 में 127 बाघों की मौत हुई। 2012-2022 तक दस साल में मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 270 बाघ मरे, जबकि इसके अलावा महाराष्ट्र में 184 तथा कर्नाटक में 150 बाघ मरे।

हालांकि, अनेक बाघों की मौतों का कारण प्राकृतिक जैसे वृद्धावस्था व क्षेत्र में दूसरे जानवरों से लड़ाई थी, पर शिकारियों के कारण मरने वाले बाघों को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि यदि मानव संसाधनों तथा सामग्रियों के रूप में ढांचागत व्यवस्था बेहतर होती तो आज बाघों की संख्या 4,000 से अधिक होती। स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कुछ चीजों की आवश्यकता है। इनमें वन विभाग के सभी क्षेत्रों में फील्ड कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना सबसे ज्यादा जरूरी है क्योंकि किसी एक क्षेत्र में बेहतर परिणाम पाने के लिए कर्मचारियों की संख्या घटाने के बजाय उनकी संख्या बढ़ाना जरूरी है।

इसके साथ ही वन विभाग के फील्ड कर्मचारियों का दर्जा पुलिस अधिकारियों के समान होना चाहिए, उनकी सेवाशर्तें समान होनी चाहिए तथा उनको उपकरणों व आयुधों की अद्यतन व्यवस्था मिलनी चाहिए। वन विभाग का पुलिस एक्ट के अंतर्गत सशक्तीकरण करना चाहिए, क्षेत्रीय व गैर-वन क्षेत्र प्रबंधन तथा पर्यावरण-विकास के लिए उनको समुचित दिशानिर्देश मिलने चाहिए। वन विभाग के सभी कर्मचारियों को पर्यावरण-पर्यटन, आदि क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण भी मिलना चाहिए। वनों के महानिदेशक को इन मुद्दों की चर्चा फारेस्टरों, शोधकर्ताओं व अन्य वन्यजीव प्रेमियों के साथ मिल कर करनी चाहिए। इससे भविष्य की रणनीति बनाने में सहायता मिलेगी।

हमें प्रधानमंत्री तथा उनके मंत्रियों के समक्ष इस बारे में समुचित रोडमैप के साथ तार्किक ढंग से अपनी बात रखनी चाहिए कि क्षेत्र को पुनर्जीवित करने तथा पर्यावरण-पर्यटन व वनों से अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए पेशेवर ढंग अपनाने व ज्यादा वित्तीय समर्थन एवं उच्चीकरण की आवश्यकता है। संक्षेप में कहा जाए तो यदि हम ज्यादा बाघों के लिए प्राकृतिक वनों व समन्वित लैंडस्केप प्रबंधन की व्यवस्था कर सकें तो हम अपने देश में सभी प्राणियों के जीवन का समर्थन करने वाले टिकाऊ संसाधनों की व्यवस्था कर सकेंगे।

# कर्म करने का दायित्व

**"प्रत्येक प्रारम्भ का एक अंत और प्रत्येक अंत का एक प्रारम्भ होता है।"**

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, अध्यात्म शिक्षक हैं।)



दुनिया भर के अनेक लोग ऊर्जा के उच्च स्त्रोत की उपासना करते हैं जिसे विभिन्न विश्वासों में अलग-अलग नाम दिया गया है। वे सभी भगवान को याद कर इस विश्वास से उसकी पूजा करते हैं कि वह कुछ भी कर सकता है, मृतकों को जीवित कर सकता है तथा निर्जीव चीजों में प्राण डाल सकता है।

कुछ का यह विश्वास भी है कि भगवान इस दुनिया का इस सीमा तक सूक्ष्म-प्रबंधन करते हैं कि बिना उनकी इच्छा के पत्ता भी नहीं हिल सकता है। ये विश्वास भगवान की सर्व-व्यापकता का विस्तार हैं। लेकिन इन सरल विचारों की भ्रामक अतिरंजना हो सकती है। इससे उनको भगवान तथा शाश्वत नियमों की भूमिका के बारे में गलतफहमी हो सकती है जो मानव जीवन तथा संपूर्ण विश्व का नियंत्रण करते हैं। बहुत से लोग नहीं जानते हैं कि भगवान के कृत्य दैवी तथा मनुष्यों से अलग होते हैं। वे वास्तव में सर्वव्यापी हैं, पर प्रकृति के नियमों व कर्म के नियम से काम करते हैं।

इसके अनुसार दुनिया में हर आत्मा को उसके कार्यों के अनुसार सुख या दुख का सामना करना पड़ता है। कारण-प्रभाव का नियम स्वत: काम करता है। इसलिए सर्वोच्च, सर्व-शक्तिशाली, उदार व दयालु पिता और शिक्षक अपने बच्चों को यही सिखाता है कि अच्छे विचार, शब्द और कार्य अच्छे परिणाम देते हैं, जबकि नकारात्मक विचारों, गलत शब्दों के प्रयोग व गलत कामों के परिणाम नकारात्मक होते हैं। संक्षेप में, भगवान हमें सही ज्ञान की शिक्षा देते हैं।



इस प्रकार अपनी स्वतंत्र इच्छा से काम करने के बाद हमें अपने कर्मों के परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। वे किसी को मिलने वाले परिणामों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं क्योंकि यह कर्म नियम का उल्लंघन होगा। इसी प्रकार भगवान मृतकों को जीवित नहीं करते हैं क्योंकि यह प्रकृति के नियम के विरुद्ध होगा। मृत्यु व पुनर्जन्म जीवन चक्र का हिस्सा हैं, जब प्रत्येक व्यक्ति का जन्म और मृत्यु उसके कार्यों के अनुसार होती है। फिर वह क्या करते हैं? भगवान इस दुनिया में तीन दैवी कार्य करने आते हैं। वे नई दुनिया का सृजन करते हैं, पुरानी दुनिया का विनाश करते हैं क्योंकि वह अपने बच्चों के लिए हानिकारक हो चुकी होती है तथा नई व्यवस्था बनाए रखते हैं।

हम सभी जानते हैं कि हर चीज प्रारम्भ, मध्य व अंत के तीन चरणों से गुजरती है। प्रत्येक प्रारम्भ एक अंत व प्रत्येक अंत एक प्रारम्भ होता है। हम इसे सृजन, पोषण व विनाश कहते हैं। इस प्रकार कोई चीज नष्ट नहीं होती है, बस रूप बदल लेती है। यह उसी प्रकार पुरानी से नई होती है जैसे किसी इमारत का पुन: विकास होता है। जीवन की आंतरिक क्रिया इसी प्रकार निरंतर चलती रहती है। जब आत्मायें बार-बार जन्म व मृत्यु तथा लालच, लोभ, क्रोध, मोह व अहंकार की दुर्गुणों के कारण अपनी पवित्रता खो देती हैं तो प्रकृति भी उनके दुर्गुणों से प्रभावित होती है और धीरे-धीरे उसका क्षरण होने लगता है। ऐसे समय सर्वोच्च व सर्वशक्तिशाली स्वयं मानव आत्माओं को विवेक व शक्ति देने तथा निर्देशन के लिए आते हैं और उसे पुन: सर्वोत्कृष्ट स्तर तक पहुंचाते हैं। वे राजयोग के माध्यम से शिक्षा देते हैं ताकि हम शांति, प्रेम, पवित्रता व शक्ति के संसाधनों को प्राप्त कर सकें जो हमारे भीतर छिपे हैं तथा नकारात्मकता से मुक्त हो सकें जो बंधन का कारण है। मानव परिवर्तन की इस प्रक्रिया से दुनिया में महान परिवर्तन होते हैं जिससे पुरानी व्यवस्था नष्ट होती है तथा नई व्यवस्था जन्म लेती है। मानव आत्मायें बड़ी संख्या में पुरानी दुनिया छोड़ कर नई दुनिया में एक-एक कर जन्म लेती हैं। इस प्रकार पुरानी दुनिया नष्ट होती तथा नई दुनिया पैदा होती है।

यह पुनर्जीवन समय के हर चक्र के साथ होता रहता है। इससे सर्वोच्च व सर्वशक्तिमान व्यक्तियों के माध्यम से नई दुनिया बनाए रखता है। वे भगवान की शिक्षाओं का पूर्ण पालन कर स्वयं को सक्षम बनाते हैं तथा दैवी गुणों से अपनी सभी बुराइयों से मुक्ति पाते हैं। वर्तमान समय में ऐसे सभी लोगों की दुनिया में देवताओं के रूप में पूजा होती है। इसी कारण उनका जीवन व्यवहार का सर्वोच्च उदाहरण बनता है और मनुष्य उनका दैवी स्तर प्राप्त करने का प्रयास करते हैं।

## आप की बात

### सतर्कता जरूरी

**गत** कुछ वर्षों से हट्टे कट्टे नौजवानों की जिम में डांस करते हुए या काम करते हुए अचानक हार्ट अटैक से मौत हो जाने की खबरें अधिक तादाद में आने लगी है जबकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ खुद कहते हैं कि सक्रिय व मेहनती लोगों मैं हार्टअटैक की संभावनाएं बहुत कम रहती है। आमतौर से कोई भी 40 साल का जवान बिना किसी तकलीफ के अपना बॉडी चेकअप करवाने नहीं जाएगा। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक है कि जिम व्यायाम डांस आदि में सांस फूलने पर तुरंत विराम लिया जाए, साथ ही खासकर हमारे दिल और संपूर्ण शरीर के लिए भी गरिष्ठ भोजन सर्वाधिक नुकसानदेह है। आजकल खूब एक्सरसाइज करने वाले भी दूध बादाम कम और फास्ट फूड जैसे हानिकारक खाद्य पदार्थों का सेवन अधिक करते हैं। साफ्ट ड्रिंक भी इसी श्रेणी में आते हैं। अत: सभी युवाओं को अपने खाने-पीने की आदतों को स्वाद से ऊपर सेहत का ध्यान रखकर सुधार करना चाहिए। धूम्रपान, ड्रग्स, शराब आदि भी स्वास्थ्य खराब करने में बहुत बड़ा रोल निभाते हैं। अत: इनसे दूर रहना ही उचित है। स्वास्थ्य संवर्धन प्रयासों के साथ ही हर पल सतर्कता जरूरी है क्योंकि अति हर चीज की बुरी मानी जाती है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बिलावल का आगमन

**बारह** साल बाद पाकिस्तान का कोई विदेश मंत्री भारत की यात्रा पर आ रहा है। पाकिस्तान वह देश है जिसमें हमेशा ही हमारे देश को एवं विशेष करके हिंदुओं को मूर्तिपूजक एवं काफिरों का देश कहा है। पिछली कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा ही पाकिस्तान की इस तरह की अपमानित टिप्पणियों को सुनने के बाद भी हमेशा ही उसे सर पर चढ़ा कर रखा एवं उससे हर तरह से संबंध भी कायम रखे। खबरों के अनुसार, वहां का एक छोटा बच्चा भी भारत को एक दुश्मन देश समझता है जबकि हमारे देश के स्कूली पाठ्यक्रम में कभी भी इस तरह की दुश्मनी नहीं पढ़ाई जाती है और न ही कभी बच्चों को कुछ भी ग़लत सिखाया। आज पाकिस्तान अपनी ही हरकतों के कारण एक भिखारी मुल्क बन गया है। उसे लगता है कि शायद भारत भी हमारे देश की दुर्दशा को देखकर पिघल जाए तो कोई दो पैसे की मदद हमें यहां से भी मिल जाए। मगर हमें होशियार रहना चाहिए। हमें अपने देश के सर्वोच्च हितों को सर्वोपरि रखते हुए ही पाकिस्तान से बात करनी चाहिए। उनसे आतंकवाद पर दो टूक बात करना बेहद जरूरी है कि या तो आतंकवाद जारी रखें या फिर भारत से संबंध बनाए।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### बाइडेन की घोषणा

**अमेरिकी राष्ट्रपति** जो बाइडेन ने 2024 के चुनाव के लिए खुद को एक बार फिर से व्हाइट हाउस पर कब्जे की रेस में शामिल होने का विधिवत ऐलान कर दिया। उनकी सहायक एक बार फिर कमला हेर्रिस होगी। रिपब्लिकन आरोप लगा रहे हैं अब बाइडेन की उम्र नहीं रही चुनाव लड़ने की। मगर क्या अमेरिका में ऐसा कोई नियम है जो 80 साल के उम्र वाले को चुनाव लड़ने से रोकता है? डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए दोबारा चुनाव जीतने का मौका है। घरेलु मोर्चे पर उन्होंने अच्छा काम किया है। पिछले मध्यावधि चुनाव में इनका प्रदर्शन शानदार रहा था। बाइडेन ने सेनेट में पार्टी को बहुमत दिलाया तथा रोजगार सृजन में सुधार आया। बंदूक संस्कृति के खिलाफ बाइडेन शुरू से मुखर रहे हैं। इसके उलट रिपब्लिकन पार्टी बंदूक रखने को मानवाधिकार से जोड़ती है। उन्होंने यूरोप और एशिया के साथ अच्छे सम्बन्ध कायम किये, चीन को आँख दिखाने का मौका नहीं दिया तथा बीजिंग को ठेंगा दिखाते हुए हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी को ताइवान दौरे पर भेजा। वैसे बाइडेन की रेटिंग बहुत खराब है और चुनाव आने तक देखना होगा कि उनका विरोधी रिपब्लिकन उम्मीदवार कौन होगा।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### सूडान संकट

**सूडान** में फंसे हुए भारतीयों को निकालने के लिए भारत सरकार ने आपातकालीन कदम उठाते हुए देश के अधिकांश नागरिकों के लिए हवाई जहाज व अन्य साधन उपलब्ध करवाए हैं। यही नहीं वहां के गृहयुद्ध के अधिक भड़कने से पहले ही सरकार ने पहले ही भारतीय नागरिकों को सूडान छोड़ने की एडवाइज़री जारी कर दी थी, लेकिन शायद अधिकांश ने इसे अनसुना कर दिया। इस काम में जितनी देरी होती उतनी ही भारतीय नागरिकों की जान की जोखम बढ़ती जाती। ऐसे में भारत सरकार की तत्परता अपने नागरिकों को बचाने के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही सरकार को अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से मिलकर सूडान के युद्ध को समाप्त करने की दिशा में भी प्रयास करने चाहिए। भारत सूडान से बड़ी मात्रा में तेल खरीदता है और भी कई तरह के आर्थिक संबंध इस गृहयुद्ध के कारण संकट में पड़ गए हैं। सूडान में फंसे अधिकांश भारतीय मुसलमान हैं। इसे देखते हुए मोदी सरकार पर सांपद्रायिकता का आरोप लगाने वालों को भी गंभीरता से विचार करना चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# सर्वोत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर यूपी

## कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क करें: भूपेंद्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बुधवार को कहा कि नगर निकाय चुनाव में पार्टी की जीत के लिए सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क करें। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उत्तर प्रदेश देश में सर्वोत्तम प्रदेश बनने की और अग्रसर है। ऐसे में हम सब कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है कि मोदी.योगी सरकार के रिपार्ट के साथ सघन जनसम्पर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से निकाय चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजय बनाने की अपील करें। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बुधवार को रायबरेली तथा प्रयागराज में निकाय चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा करते हुए विजय का मंत्र दिया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा के लिए प्रत्येक चुनाव महत्वपूर्ण है और भाजपा प्रत्येक चुनाव को पूरी ताकत के साथ लड़ती है। पार्टी का एक.एक कार्यकर्ता सतत सम्पर्क व सतत संवाद के माध्यम से जनता के साथ सीधा जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर नगरीय निकायों में विकास कार्य तथा निकायों के बीच स्वच्छता के लिए प्रतिस्पर्धा ने नगरों की तस्वीर बदल दी है। आज स्वच्छ व सुन्दर नगर प्रदेश की पहचान है। श्री चौधरी ने कहा भाजपा प्रत्याशियों की विजय से केन्द्र व प्रदेश सरकार के द्वारा नगर विकास के लिए दिया गया पैसा ईमानदारी से नगर विकास के कार्यों में खर्च होगा और मोदी.योगी सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई आधुनिक नगरों के निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ती रहेगी। इसलिए नगरों के विकास के लिए भाजपा की विजय जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदान पूरा होने तक एक.एक कार्यकर्ता को परिश्रम के साथ जुटना है और नगर निकाय में कमल खिलाना है।

# प्रदेश के किसानों को अंतरराष्ट्रीय मार्केट उपलब्ध कराया जा रहा: दिनेश प्रताप सिंह

● उद्यान मंत्री ने आलू कंटेनरों को हरी झंड़ी दिखाकर ओमान देश के लिए किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**उद्यान** मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश के किसानों की फ्सलों के अच्छे मूल्य मिलेए इसके लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए देश व विदेश में फसलों का निर्यात किया जा रहा है। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने यह बात लूलू मॉल में आयोजित कार्यकम में कही। इस दौरान उद्यान मंत्री ने लूलू माल से मंत्री उद्यान ने ओमान देश के लिए आलू कंटेनरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन आलू कन्टेनरों में किसानों द्वारा उत्पादित आलू को विदेश भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसानों को अंतर्राष्ट्रीय मार्केट उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। कहा कि आलू के अलावा अन्य उत्पादकों को भी विदेशी मार्केट तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने लूलू मॉल ग्रुप के अधिकारियों को प्रथम चरण में आलू की खेप मध्य.पूर्व के देश ओमान भेजने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मनोज सिंह ने कहा कि यूपी में पैदा हुए आलू को विदेशों में भेजा जा रहा है। विभिन्न देशों में स्थापित लूलू ग्रुप्पस के मॉल में यूपी के फसलों को भेजा जायेगा। लूलू ग्रुप की कंपनी फेयर एंड एक्सपोर्ट, किसानों और मंडियों से आलू लेकर ओमान और अन्य देशों में निर्यात शुरू किया हैए जिसके क्रम में लूलू मॉल और फेयर एंड एक्सपोर्ट ने 20.20 मी0टन के 02 कन्टेनरों ओमान के लिए रवाना किया। इस अवसर पर विशेष सचिव उद्यान योगेश कुमार, निदेशक उद्यान डॉ. आरके तोमर के साथ-साथ लूलू मॉल से बीजू सुगाथन, ,लीजो और सिब्तैन हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ में नक्सली हमले में शहीद जवानों को सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों द्वारा किये गये आईईडी ब्लास्ट में बलिदान हुए 10 जवानों के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त की है। बुधवार को कर्नाटक दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने अपने ट्विटर पर शहीद जवानों के प्रति शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कर्तव्य पालन के दौरान बलिदान हुए मां भारती के वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। इस दुखद घड़ी में हम सभी परिजनों के साथ खड़े हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान व परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति दें। उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा में एक सर्च ऑपरेशन के दौरान डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड के 10 जवान नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में बलिदान हो गये। वहीं इस घटना में एक स्थानीय नागरिक की भी मौत हुई है। इसके बाद पूरे देश में नक्सलियों के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है।

# मेडिकल डिवाइसेज पार्क योजना के तहत 26 आवंटियों को दिया गया लीज प्लान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यमुना** एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा बुधवार को प्राधिकरण के औद्योगिक सेक्टर 28 के अंतर्गत स्थापित किए जा रहे मेडिकल डिवाइसेज पार्क में मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में भूखंडों के आवंटियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में मेडिकल डिवाइसेज पार्क के आवंटियों द्वारा बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया गया। यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा 350 एकड़ में स्थापित की जा रही मेडिकल डिवाइसेज पार्क योजना के प्रथम चरण में 59 भूखंडों का आवंटन किया गया है। आज के कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुण वीर सिंह द्वारा लगभग 26 आवंटियों को आवंटन पत्र व चेकलिस्ट लीज प्लान हस्तगत किये गये। आवंटियों द्वारा प्राधिकरण के प्रयाशों की भूरी भूरी प्रशंसा की गयी।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सभा को बताया गया की भारत सरकार एवम् उत्तर प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में प्रधानमंत्री की मेक इन इंडिया व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में इस मेडिकल डिवाइसेज पार्क को विश्व स्तरीय सुबिधासंपन्न बनाने पर तीव्रगति से कार्य किया जा रहा है। इस मेडिकल डिवाइसेज पार्क में मिनिस्ट्री ऑफ़ कॉमर्स भारत सरकार द्वारा एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल की स्थापना भी की जा रही है। इससे इंडस्ट्रियलिस्ट को अब एक्सपोर्ट डॉक्यूमेंटेशनए एक्सपोर्ट ग्रांटए एमएआई ग्रांट आदि कार्यों के लिए कही और जाने आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस हेतु एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक का निर्माण कार्य भी प्राधिकरण द्वारा प्रारम्भ कर दिया गया है। प्राधिकरण का यह क्षेत्र बेहतर रोडए मेट्रोए हाईवेए पोड टैक्सीए बुलेट ट्रेन से भी कनेक्टेड होने जा रहा है। कार्यक्रम मे आवंटियों द्वारा सवाल जवाब सेशन के दौरान कुछ मांगे तथा सुझाव प्राधिकरण के समक्ष रखेंए जिनमें मुख्यत: सेक्टर 28 में कॉमन फाइर हाइड्रांट फैसिलिटीज़ की उपलब्धता की मांग की गयीए मेडिकल डिवाइस पार्क मैं काम करने के लिए आने वाले वर्कर्स के लिए रहने की सुविधा का सुझाव दिया गयाए मेडिकल डिवाइसेज पार्क के आवंटियों के लिये आवासीय भूखंडों की व्यवस्थाए यमुना एक्सप्रेसवे पर डिवाइस डिवाइसेज पार्क योजना के साइनेज बोर्ड लगानेए ट्रांसपोर्टेशन की ववस्थाए सुरक्षा आदि के संबंध में माँगे सुझाव दिये गये। इस पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा बताया गये कि दृ सेक्टर में कॉमन हाइड्रैंट फैसिलिटी की सुबिधा प्रदान की जायेगीए हाईवे पर साइनेज की ववस्था करने हेतु महा प्रबंधक परियोजना को निर्देशित किया गया।

# विधानसभा व परिषद में यूपीएसएसएससी ही कराए भर्ती

● पीठ ने भर्ती नियमों में तीन माह में आवश्यक संशोधन करने के दिए आदेश

विधि संवाददाता। लखनऊ



**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने एक अहम आदेश पारित करते हुए कहा है कि विधान सभा और विधान परिषद की क्लास थ्री के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया का संचालन यूपीएसएसएससी उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा ही किया जाए। पीठ ने यह स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया को किसी चयन समिति अथवा प्राइवेट एजेंसी के हाथों में नहीं दिया जाएगा। पीठ ने इसके साथ ही भर्ती नियमों में तीन माह में आवश्यक संशोधन का भी आदेश दिया है।

जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश सुशील कुमार व अन्य की ओर से दाखिल सेवा सम्बंधी याचिका पर दिया है। याचिका में विधान परिषद सचिवालय में समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी और अपर निजी सचिव समेत 11 कैडर्स के 99 रिक्त पदों पर की गई भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की गई थी। 17 जुलाई 2020 व 27 सितंबर 2020 को जारी विज्ञापनों के परिप्रेक्ष्य में यह भर्ती की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि भर्ती प्रक्रिया में नियमों को धता बताते हुए भाई.भतीजावाद और पक्षपात किया गया है। भर्ती परीक्षा के दिन गोरखपुर सेंटर से पेपर भी लीक हो गया था। यह भी आरोप था कि पुराने नियम के उलट भर्ती प्रक्रिया की जिम्मेदारी चयन समिति को दी गईए जिसने सचिवालय के तमाम अधिकारियों के करीबी अभ्यर्थियों का चयन किया।

सुनवाई के दौरान याचिका का राज्य सरकार और यूपीएसएसएससी के वकीलों की ओर से विरोध किया गया। यूपीएसएसएससी के वकील गौरव मेहरोत्रा का कहना था कि याचिकाकर्ता असफल अभ्यर्थी हैं। उन्होंने याचिका में संबधित नियम में किए गए संशोधन को चुनौती नहीं दी है। लिहाजा उन्हें पुराने नियम का लाभ नहीं दिया जा सकता। एकल पीठ ने सभी पक्षों की बहस के पश्चात पारित अपने आदेश में कहा कि जनता का विधान सभा और विधान परिषद की भर्ती प्रक्रियाओं में विश्वास बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि भर्ती प्रक्रिया विशिष्ट संवैधानिक भर्ती संस्था के हाथ में हो न कि चयन समिति या प्राइवेट एजेंसी के। हालांकि पीठ ने भर्ती प्रक्रिया को रद् करने की मांग को अस्वीकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही यह निर्देश भी दिया कि जो याचिकाकर्ता संविदा के आधार पर काम कर रहे हैं वो यूपीएसएसएससी द्वारा नियमित चयन करने तक अपने पदों पर काम करते रहेंगे।

## राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, वाराणसी की कार्यवाहक प्रधानाचार्य निलंबित

**लखनऊ।** प्रदेश के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु के निर्देश पर राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय वाराणसी की कार्यवाहक प्रधानाचार्य एवं अधीक्षक प्रो. नीलम गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है। उनके ऊपर भ्रामक अमान्य अनुभव प्रपत्रों के आधार पर लोक सेवा आयोग को भ्रमित कर नियुक्ति प्राप्त करने का आरोप है। इसके अलावा उन पर छात्रवृत्ति मद में पुनर्वियोग के माध्यम से आवंटित धनराशि का भुगतान न किए जाने, शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता का आरोप है। प्रोफेसर नीलम गुप्ता के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। सीडीओ वाराणसी को इस मामले में जांच अधिकारी नामित किया गया है। इस संबंध में आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। नीलम गुप्ता को निलंबन की अवधि में आयुर्वेद निदेशालय, लखनऊ से

# प्रधानमंत्री की घोषणाएं भी हवा हवाई, किसान पूरी तरह अनाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के साथ उत्तर प्रदेश में किसानों की बदहाली शुरू हो गई है। भाजपा ने जो वादे किए उनमें एक भी वादा पूरा नहीं किया। संकल्प पत्र में जो वचन दिए उसे भाजपा भूल गई। प्रधानमंत्री की घोषणाएं भी हवाई हो गई है। किसान पूरी तरह अनाथ है।

अखिलेश ने कहा कि किसान की आय सन् 2023 तक दोगुनी करने का वादा जोर शोर से प्रसारित किया गया था। 6 साल की राज्य की और 9 साल की केंद्र सरकार के दौर में भी इस वादे पर अमल नहीं हुआ। भाजपा ने किसानों को बहकाने के लिए हरेक के खाते में दो-दो हजार रुपए जमा करने का भी खूब प्रचार किया पर हकीकत में तमाम किसानों से उसकी वसूली के सख्त आदेश आ गए। उन्होंने कहा कि आज किसान अपनी फसल की लागत भी नहीं निकाल पा रहा है। गेहूं की खरीद के लिए सरकारी क्रय केंद्रों में घोर अव्यवस्था दिखाई देती है। कई जगह तो क्रय केंद्र खुलते ही नहीं। जहां क्रय केन्द्र खुले है वहां भी किसी न किसी बहाने गेहूं की किस्म को लेकर आपत्तियां लगा दी जाती है। बिचौलि और बहुराष्ट्रीय कम्पनियां सांठगांठ का फ ायदा उठाकर किसानों का गेहूं औने पौने दाम पर खरीद लेती है। कायदे से सरकारी खरीद एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) कभी नहीं मिलता। किसान के गेहूं की ठीक से सरकारी खरीद नहीं हो रही है। भाजपा सरकार ने प्राइवेट कम्पनियों से किसानों का गेहूं खरीदवा दिया अब वही कम्पनियां लोंगो को मंहगा आटा बेचेगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से किसान को जो नुकसान हुआ उसका तो भाजपा सरकार ने संज्ञान लिया नहीं। इधर अग्निकांडो ने किसान की कमर तोड़ दी है। सैकड़ो बीघा गेहूं की फ सल नष्ट हो गयी। बहुत से किसानों के लिए खाने तक के लिए एक दाना अनाज का नहीं बचा है। शादी व्याह के लिए एकत्रित सामान भी जलकर खाक हो गया। उन्होंने कहा कि कैसी विडम्बना है कि प्राकृतिक आपदा और बिजली विभाग की लापरवाही से हाईटेंशन तार गिरने से हुए अग्निकांडो के शिकार किसानों को कोई मुआवजा तक नहीं दिया गया है। भाजपा सरकार की संवेदनशून्यता से किसानों में तीव्र रोष है। भाजपा की कुनीतियों से परेशान किसान अब भाजपा को करारा जवाब देंगे।

# सपा शासनकाल में महिलाओं पर हुए थे अत्याचार: गीता शाक्य

● भाजपा महिला मोर्चा टोलियां बनाकर करेंगी सघन जनसंपर्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता निकाय चुनाव में विजय संकल्प के साथ वार्ड स्तर पर टोलियां बनाकर सघन जनसंपर्क अभियान चलाएगी। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले अभियान और कार्यक्रमों में सदैव महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर की हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा निकाय चुनाव में भी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए पार्टी की विजय के लिए कार्य कर रहीं है। गीता शाक्य ने कहा कि पार्टी संगठन की योजना अनुसार महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी नगर निगम और नगर पालिकाओ में महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाएंए ऐतिहासिक निर्णयों तथा महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा की प्रतिबद्धता के साथ किये गए कार्यों को लेकर आधी आबादी से डोर टू डोर सम्पर्क कर रही है। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में महिलाओं पर हुए अत्याचार और अनाचार को आज भी प्रदेश की बहन बेटियां भूली नहीं है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद महिलाओं में सुरक्षा का भाव जागृत हुआ है। उन्होंने कहा प्रदेश में महिला सुरक्षा हेतु विशेष दल का गठन कर महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। महिलाओं की सुरक्षा और उनके सम्मान को सुरक्षित करने के उद्देश्य से प्रदेश में सभी जनपदों में पिंक बूथों की स्थापना के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

श्रीमती शाक्य ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य कई सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

## एसएसआईटी को और प्रभावशाली बनाने की तैयारी स्वीकृत होंगे अतिरिक्त पद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार स्टेट स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसएसआईटी) को और प्रभावशाली व मजबूत बनाने जा रही है। एसएसआईटी की महानिदेशक रेणुका मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में विभाग में 82 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से 41 पद खाली चल रहे हैं। वहीं 192 नए पद स्वीकृत करने की जरूरत है। इसकी रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। मुख्यमंत्री योगी की उक्त रिपोर्ट पर हरी झंडी मिलते ही पदों को भरने की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में ही उप्र पुलिस की एसएसआईटी विंग की समीक्षा बैठक में शासन को विंग के खाली पदों को भरने और उन्हें जरूरत के अनुसार अन्य आवश्यक चीजें उपलब्ध कराने के लिए खाका तैयार करने को कहा है। साथ ही विंग को पहले से मजबूत और प्रभावशाली बनाने के लिए एसआईटी के शासनादेश को संशोधित करने पर जल्द निर्णय लिया जा सकता है। शासन के इस निर्णय से जहां एसएसआईटी विंग पूरी तरह से आत्मनिर्भर होगी, वहीं दूसरी ओर विभागीय जांच में तेजी आएगी। रेणुका मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में विभाग में 82 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से 41 पद खाली चल रहे हैं। वहीं 192 नए पद स्वीकृत करने की जरूरत है। इसकी रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। उक्त रिपोर्ट पर हरी झंडी मिलते ही पदों को भरने की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विभाग में वर्तमान में 1 पुलिस अधीक्षक, 1 अपर पुलिस अधीक्षक, 2 पुलिस उपाधीक्षक, 1 ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, 1 सहायक अभियोजन अधिकारी, 1 अभियोजन अधिकारी, 20 निरीक्षक नागरिक पुलिस, 21 उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, 7 उप निरीक्षक गोपनीय, 1 उप निरीक्षक लिपिक, 1 उप निरीक्षक लेखा, 7 सहायक उप निरीक्षक लिपिक, 4 सहायक उप निरीक्षक लेखा, 4 कंप्यूटर ऑपरेटर, 40 मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस, 49 कांस्टेबल नागरिक पुलिस, 21 कांस्टेबल चालक, 10 चतुर्थ श्रेणी के पद बढ़ाने की जरूरत है।

# स्कूल चलो अभियान में दो करोड़ छात्रों के दाखिले का लक्ष्य करें पूरा: दुर्गा शंकर

● वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी मंडलायुक्त व डीएम के साथ मुख्य सचिव ने की कई विभागों के कार्यों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि 'स्कूल चलो अभियान' प्रदेश सरकार का अति महत्वपूर्ण अभियान है। इस अभियान के अंतर्गत इस वर्ष 2 करोड़ छात्रों के दाखिले (पंजीकरण) का लक्ष्य रखा गया है। कक्षा एक से 8 तक के बच्चों का एनरोलमेंट 10 मई 2023 को समाप्त हो जाएगा, इसलिए इस अभियान के अन्तर्गत प्रचार-प्रसार कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने के प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रे सिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में बेसिक शिक्षा, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, खाद्य एवं रसद और नियोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने कहा कि 'स्पोर्ट्स फॉर स्कूल' (एसएफएस) कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालयों में खेल की स्थिति को सुदृढ़ करते हुए खेल संस्कृति को विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी विद्यार्थियों को शारीरिक गतिविधियों एवं खेलों जोड़ना है। प्रथम चरण में 11 खेलों के लिए 21 हजार टीम के गठन का लक्ष्य रखा गया है, अत: प्रत्येक विद्यालय में टीमों का गठन कराया जाए। खेल विभाग, स्थानीय संस्थाओं, सीएसआर के सहयोग से खिलाड़ी विद्यार्थियों के लिए खेल किट/ट्रैक सूट उपलब्ध कराया जाए। माध्यमिक विद्यालयों में खेल एकेडमी की स्थापना करायी जाए। प्रशिक्षकों की उपलब्धता एवं दक्षता को सुनिश्चित कराते हुए विद्यालयों में पहले से उपलब्ध खेल सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण कराया जाए। खेल कैलेंडर के अनुसार ग्राम, ब्लॉक, जिला, मंडल एवं प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए। उन्होंने 'गेहूं खरीद' की व्यवस्था पर कहा कि जनपदों में संचालित समस्त क्रय केन्द्रों पर किसानों से गेहूं खरीद सुनिश्चित करायी जाए।

किसानों के पंजीकरण एवं सत्यापन में प्रगति लाई जाए। जिलाधिकारी अपने स्तर से संचालित क्रय केन्द्रों की समीक्षा कर, जहां गेहूं की आवक नहीं हो रही है, उन क्रय केन्द्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में जहां गेहूं की अच्छी आवक है वहां संचालित कराया जाए। मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से भी गेहूं की खरीद में प्रगति लायी जाए तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि 'फैमिली आईडी' पंजीकरण के लिए पोर्टल डिजाइन किया गया। फैमिली आईडी का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए और अभियान चलाकर पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का फ ील्ड अधिकारियों से सत्यापित कराते हुये निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश के सभी जनपदों में आंगनबाड़ी केंद्रों में अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में अपग्रेड किया जाए। बैठक में महानिदेशक स्कूल शिक्षा श्री विजय किरन आनंद ने बताया कि अब तक प्रदेश में 14264875 का पंजीकरण हो चुका है, जिसमें से 71.59 प्रतिशत छात्रों का आधार वेरीफिकेशन भी हो चुका है। छात्रों के एनरोलमेंट के मामले में पीलीभीत 2022 की तर्ज पर 2023 में भी अब तक सबसे आगे है। इससे पूर्व जिलाधिकारी बागपत ने 'सजल बागपत अभियान' पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया। जिलाधिकारी श्रावस्ती ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए 'ऑपरेशन मातृत्व' पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी बाराबंकी ने 'पंचायत के भवन के माध्यम से नागरिक केन्द्रित सेवायें प्रदान करना' विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद वीना कुमारी मीना, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, सचिव महिला कल्याण अनामिका सिंह, महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद सहित संबंधित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्त, जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# आचार संहिता का कड़ाई से हो अनुपालन

● मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सामान्य निर्वाचन-2023 को निष्पक्ष, स्वतंत्र शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायें

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**मंडलायुक्त** सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त प्रभारी अधिकारियों, प्रशासनिक एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी सम्बन्धित अधिकारीगण सुनिश्चित करें कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन हो। कि प्रत्याशियों की व्यय सीमा की निगरानी हेतु तैनात टीमें अपना कार्य प्रभावी रूप से करना सुनिश्चित करें तथा इस संबंध में वाहनों की चेकिंग तथा प्रवर्तन कार्यवाही बढ़ायी जाये। अवैध मदिरा का विक्रय किसी भी दशा में न हो, इसके लिए प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने का कार्य एवं उनका प्रशिक्षण समय से पूर्ण किया जाये। उन्होंने मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता का गहनतापूर्णक परिक्षण करते हुए चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण करने हेतु भी निर्देश दिए। स्थानीय निकाय चुनाव में नियमानुसार परिवहन व्यवस्था रूट चार्ट के अनुसार पूर्ण कराए जाएं। चुनाव से संबंधित शिकायतों का सम्यक एवं समयबद्ध निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता से किए जाने के निर्देश भी मंडलायुक्त महोदया ने दिए। मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश देते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्र पर कोई असुविधा न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान पुलिस महानिरीक्षक डा राकेश सिंह ने कहा कि सभी एसडीएम एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी मतदान केंद्रों का निरीक्षण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि मतदान केंद्रों पर संभावित आकस्मिकताओ के दृष्टिगत समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण की जाये। सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल तैनात किये जाने के निर्देश दिये उन्होने कहा कि सभी को पूर्णतया निष्पक्ष रहते हुये पूरी चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराना है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कड़ी निगारानी रखने के निर्देश देते हुये कहा कि सोशल मीडिया भड़काऊ /आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होने गड़बड़ी करने वालों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। बैठक जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) उमेश प्रताप सिंह , पुलिस अधीक्षक एस आनंद, मुख्य विकास अधिकारी , नगर आयुक्त , अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0), एसपी (ग्रामीण), पुलिस अधीक्षक नगर, समस्त उपजिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एएसपी ने किया पैदल गश्त



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**पुलिस** अधीक्षक गणेश प्रसार साहा के निर्देशन में जनपद खीरी में आगामी नगर निकाय निर्वाचन को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा भी लगातार विभिन्न थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नैपाल सिंह द्वारा मय पुलिस फोर्स व अर्धसैनिक बल की संयुक्त टीम के साथ थाना कोतवाली सदर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों व मार्गों पर पैदल गश्त किया गया।

# कैंची के पास सरायन नदी पर बनेगा नया पुल

● सांसद ने कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के दिए निर्देश

● पुल निर्माण पर खर्च होंगे लगभग साढ़े सोलह करोड़ रूपए

● लगभग 90 मीटर पुल का होगा निर्माण

**संवाददाता।** सीतापुर

**शहर** की लाइफलाइन कहा जाने वाला कैंची पुल के पास सरायन नदी पर निर्माणाधीन पुल का स्थलीय निरीक्षण सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने किया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। यह भी निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर लिया जाए। सांसद ने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों से पुल निर्माण संबन्धी बिदुंओं पर बात की। सासंद ने मौके पर मौजूद सेतु निगम के कर्मचारियों से जाना कि पुल पर कितनी दूरी पर और कितने पिलर खड़े किए जाएगें। उन्होने निर्माणाधीन पुल की डिजाइन भी कर्मचारियों के मोबाइल में देखी। सेतु निगम के कर्मचारियों ने पुल की इस डिजाइन को मोबाइल सेफ करके रखा हुआ है। सांसद लगभग 15 मिनट वहां ठहरे और पुल निर्माण संबन्धी कार्यो की प्रगति जानी। बतातें चले कि कैंची पुल के पास नवीन पुल के निर्माण के लिए सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने शासन स्तर पर काफी प्रयास किया। लम्बे समय तक किए गए प्रयास के बाद सांसद राजेश वर्मा इस पुल के निर्माण की स्वीकृति दिलाने में सफल रहे। सांसद राजेश वर्मा के प्रयासों से पुल निर्माण के लिए 16 करोड़ 62 लाख 51 हजार रुपयों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। पहली किश्त के तौर पर 4 करोड़ 10 लाख 63 हजार रुपये जारी कर किए जा चुके है। पूर्व में सीतापुर आए लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने भी जर्जर कैंची पुल के पास नवीन पुल को जल्द बनवाने की बात कही थी। बतातें चले की सरायन नदी पर कैंची पुल के पास 16 करोड़ की रुपये की लागत से लगभग 90 मीटर लम्बे पुल का निर्माण कराया जाना है। पुल का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लाखों की आबादी को आवागमन में सहुलियत हो जाएगी। क्योंकि सरायन नदी पर जो कैंची पुल बना हुआ है, वह काफी जर्जर हालत में जा पहुंचा है। पुल की स्थिति ठीक न होने की वजह से भारी वाहनों का आवागमन पहले ही बंद किया जा चुका है। पुल जर्जर होने के कारण केवल हल्के वाहन ही पुल पर से गुजर रहे है। इस जर्जर पुल पर से प्रतिदिन लगभग एक हजार से अधिक वाहनों का आना जाना रहता है। सीतापुर शहर को जोड़ने के लिए यह मुख्य पुल है। इसके जरिए ही शाहजहांपुर की तरफसे शहर के अंदर वाहन आते है।

# सार्वजनिक स्थानों पर नशा करना भी अपराध की श्रेणी में आता है

**संवाददाता।** शाहजहांपुर




**बुद्धवार** को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन वीरांगना आवन्ति बाई इण्टर कालेज में हुआ शिविर की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एफ0टी0सी0-प्रथम) पीयूष तिवारी द्वारा की गयी । सचिव नशा विषय पर चर्चा करते हुये अपने सम्बोधन में कहा कि ड्रग्स लेना व स्मोकिंग करना कानूनन अपराध है प् उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर नशा करना भी अपराध की श्रेणी में आता है । इसके साथ ही साथ उन्होंने कहा कि नशे की लत एक बूरी आदत है जिससे मनुष्य को कैंसर जैसी ला-इलाज बिमारी हो जाती है डॉ0 आदेश रस्तोगी ने नशा-मुक्ति के विषय पर शिविर में उपस्थित लोगों को विस्तृत जानकारी दी। राजस्व निरीक्षक सुखवीर सिंह ने तहसील स्तर पर चल चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला ।डी0पी0एम0 विपिन पाण्डेय ने कैंसर जैसी ला-इलाज बीमारियों पर चर्चा की । वीरांगना आवन्ति बाई इण्टर कालेज के अध्यापक राम निवास वर्मा ने नशा-मुक्ति पर लोगों को विस्तृत जानकारी दी ।एस0टी0एस0 बृज गोपाल ने टी0बी0 रोग पर विस्तृत चर्चा की व उन्होंने कहा कि शरीर में जहाँ-जहाँ खून है वहाँ पर टी0बी0 हो सकती है । शिविर का संचालन लोक अदालत लिपिक मो0 अफजल ने किया । इसके अतिरिक्त इस शिविर में वीरांगना आवन्ति बाई इण्टर कालेज के अध्यापकगण, अधिक संख्या में छात्र-छात्रायें, पी0एल0वी0 गण आदर्श कुमार द्विवेदी, सत्येन्द्र सिंह व अनूप कुमार आदि लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अन्त में वीरांगना आवन्ति बाई इण्टर कालेज को प्रधानाचार्य अजय कुमार पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सीएमओ को अनुपस्थित मिले आयुष चिकित्सक, स्टाफ नर्स और सफाई कर्मी

● पीएचसी निरीक्षण में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के निर्माण कार्य में सीएमओ को मिली भारी अनियमितता

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी।



**प्राथमिक** स्वास्थ्य केंद्र अमकोटवा का औचक निरीक्षण सीएमओ डॉण् संतोष गुप्ता ने बुधवार को किया। इस दौरान संविदा आयुष चिकित्सक सहित स्टाफ नर्स और सफाई कर्मी गैरहाजिर मिले। वहीं निर्माणाधीन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का भी उन्होंने निरीक्षण किया। जहां ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही भवन की फर्श में अनियमित्ता मिली। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि उनके द्वारा सीएचसी नकहा के अंतर्गत पीएचसी अमकोटवा का बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान वहां तैनात संविदा आयुष चिकित्सक डॉ. संजय वर्मा, स्टाफ नर्स अंजली और सफाई कर्मचारी कृष्णा अनुपस्थित मिले। पीएचसी पर साफसफाई की व्यवस्था अच्छी नहीं थी। खिड़कियों में लगे शीशे और जाली टूटी हुई थीए जिन्हें दुरुस्त कराने के लिए सीएचसी नकहा अधीक्षक को उनके द्वारा निर्देश दिया गया। वहीं निर्माणाधीन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का भी उन्होंने निरीक्षण किया। जहां पर फर्श का निर्माण कार्य चल रहा था। इस दौरान लाल गिट्टी डाले बिना ही पत्थर डालकर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिस पर उन्होंने ठेकेदार से नाराजगी जाहिर की और कार्य को गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। सीएचसी नकहा अधीक्षक को इस पर नजर रखने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आवासों की सुविधा उपलब्ध है तो यहां पर स्टाफ क्यों नहीं रह रहाए स्टाफ को आवासों पर रहने के निर्देश दिए।

## क्विक न्यूज

### बी फार्मा के छात्र ने लोटस संस्थान के चेयरमैन को मारी गोली

**बरेली।** फरीदपुर के पास एक कॉलेज के छात्र ने प्रबंधक को गोली मार कर घायल कर सनसनी फैला दी है। दिनदहाड़े कॉलेज कैंपस में गोली चलने से हड़कंप मच गया। घायल मालिक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपी छात्र मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।लोटस इंस्टिट्यूट में बी फार्मा कर रहे छात्र श्रेष्ठ सैनी का कॉलेज के मालिक से कोई विवाद हो गया। जिसको लेकर बुधवार को श्रेष्ठ सैनी ने लगभग 1:30 बजे के समय इंस्टिट्यूट के मालिक को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान आरोपी छात्र मौका पाकर फरार हो गया। घायल इंस्टीट्यूट के मालिक को भोजीपुरा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।जानकारी के मुताबिक आरोपी छात्र बी फार्मा तृतीय वर्ष का है। कॉलेज में छात्रों के मोबाइल फोन आने पर प्रतिबंध लगा है। वहीं, जिस छात्र के पास मोबाइल पकड़ा जाता है, उस पर 700 रुपए का जुर्माना लगाया जाता है। आरोपी छात्र के पास पिछले दिनों भी मोबाइल पकड़ा गया। आज मंगलवार को भी आरोपी छात्र मोबाइल लेकर आया। मोबाइल पकड़े जाने को लेकर हुए विवाद में छात्र द्वारा तमंचे से कक्ष में जाकर गोली मार दी । घायल अवस्था में अभिषेक अग्रवाल को एस आर एम एस में भर्ती कराया गया है।

### फेल होने पर छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी

**बरेली।** थाना नवाबगंज के गांव ताहा प्यारी नवादा निवासी छात्रा काजल 21 वर्षीय पुत्री हरीश कुमार इंटर की छात्रा थी मंगलवार को हाई स्कूल इंटरमीडिएट का रिजल्ट आया था काजल ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। इंटरमीडिएट में कागज फेल हो गई । फेल होने के कारण काजल ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।थाना नवाबगंज के गांव ताहा प्यारी नवादा निवासी तहेरे भाई सुधीर कुमार ने बताया काजल ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी मंगलवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट आया था रिजल्ट आते ही काजल ने अपना रिजल्ट चेक करा काजल फेल हो गई तुरंत घर में जाकर पंखे के कुंडे से दुपट्टे का फंदा लगाकर फांसी लगा ली परिवार वालों को पता लगा उन्होंने फाँसी के फंदे से काजल को उतारा गांव के डॉक्टर को दिखाया डॉक्टर ने तुरंत अस्पताल ले जाने को कहा परिवार वाले काजल को लेकर श्री राममूर्ति मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया ।

### एससीबी ग्रुप ऑफ कालेज के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**सीतापुर।** छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर कालेज का नाम रोशन किया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए शानदर प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी का महौल है। मिश्रिख क्षेत्र के एससीबी ग्रुप ऑफकालेज में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में आयुष वर्मा ने 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिनव सिंह ने 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। 86.3 प्रतिशत अंको के साथ शिवम सिंह ने तीसरा और प्रखर श्रीवास्तव ने 84.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं आयूष त्रिवेदी ने 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पाचंवा और रुपेन्द्र कुमार वर्मा ने 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा स्थान प्राप्त किया। 82.6 प्रतिशत अंको के साथ अंशिका मौर्य ने सातवां और आनन्द कुमार ने 79.8 प्रतिशत अंक हासिल कर आठवां स्थान प्राप्त किया। कीर्ती त्रिवेदी ने 78.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवां और सोलंकी ने 78.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में दीपू कुमार ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सचिन सिंह ने 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। 83.2 प्रतिशत अंको के साथ सचिन चौधरी ने तीसरा और अंशी राज कपिल ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया।

### यह चुनाव सत्ता परिवर्तन का नहीः रामजी

**गोला गोकर्ण नाथ खीरी।** बुधवार को मोहल्ला ऊंची भूड़ में निर्दलीय प्रत्याशी रामजी रस्तोगी ने चुनावी दौरा कर जनता से वोट की अपील की। साथ में ही जनता ने उनका छतों से फूलों की वर्षा कर स्वागत किया जिससे वह अभिभूत हो गए। वैद्य रामजी रस्तोगी निर्दलीय के रूप में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हैं। वह जनता से डोर टू डोर मुलाकात कर अपने लिए समर्थन जुटा रहे है। उनकी चुनावी यात्रा दिन व दिन बढ़ती जा रही है। आज बुधवार को वह जब ऊंची भूड़ पहुंचे तो कई घरों से फूलों की बारिश कर उनका स्वागत किया गया। रामजी ने जनता से कहा यह चुनाव सत्ता परिवर्तन का नही है, न ही इससे सरकार बनेगी, न सरकार गिरेगी। बल्कि यह चुनाव हम सबके शहर छोटी काशी को एक उत्तर प्रदेश का सबसे उत्तम शहर बनाने का है। यहां विकाश हो सके लोगों को पालिका की योजना आसानी से मिल सके, शहर की साफसफाई और जल भराव जैसी गंभीर समस्या खत्म हो सके, भ्रष्टाचार मुक्त काम हो, कमीशनबाजी न चल सके और जनता का सम्मान बना रहे इसके लिए वह मैदान में हैं, जनता पर भरोसा है इस बार बदलाव करेगी और उन्हें रिकार्ड मतों से जीत दिलाएगी।

### महिला जागृति मंच ने समलैंगिक विवाह का किया विरोध

**बरेली।** महिला जागृति मंच की महिलाओं ने सोनाली खंडेलवाल के के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया और मांग की कि समलैंगिक विभाग के ऊपर कोई सुनवाई ना की जाए समलैंगिक विवाह को कोई कानूनी रूप नही दिया जाए। वैसे हमारा देश आर्थिक मंदी से गुजर रहा है और अगर और उसके ऊपर इस प्रकार का समलैंगिक विवाह का कानून बनाया जाता है तो यह आम आदमी की एक मजाक है और उसके जीवन से खिलवाड़ है उसका सामाजिक स्तर गिर जाएगा समाज में उसकी बेज्जती होगी समलैंगिक विवाह के कोई सुनवाई ना की जाए हम सुप्रीम कोर्ट से आग्रह करते हैं कि समलैंगिक विवाह को किसी रूप में कानूनी दर्जा ना दें और उस पर कोई सुनवाई ना करें हमारे भारत में सभ्यता गत विवाह का एक अलग ही मान सम्मान है जब किसी भी धर्म का हो हर धर्म में विवाह का एक अपना नियम कानून मानता है । समलैंगिक विवाह होने से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचेगी और दो अलग-अलग लिंगो के मिलन को अलग समाज में मान्यता दी है लेकिन समलैंगिक मिलन को कोई मानता नहीं दी गई है और हम सभी महिला जागृति मंच के कार्यकर्ता इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा की जा रही सुनवाई का विरोध करते हैं और आग्रह करते हैं कि इस प्रकार का कोई कानून ना बनाया जाए ना ही सुनवाई की जाए। ज्ञापन के दौरान सरोज अग्रवाल , गुंजन अग्रवाल , सोनाली खंडेलवाल , वंदना गुप्ता आदि मौजूद रही ।

### जेई के सस्पेंड होने पर भी नहीं हुई कार्रवाई

**मोहम्मदी खीरी।** जंगबहादुरगंज में जेई के सस्पेंड होने के बाद भी बिजली के बत्तर हालात में कोई सुधार नही हुआ है बिजली की व्यवस्था चौपट है। पिछले एक सप्ताह से पिहानी बस अड्डा की बिजली सप्लाई ठप पड़ी है । जिम्मेदार कर्मचारी भी जे ई के सस्पेंड होने का हवाला देकर किनारा कर लेते है । जिससे भीषण गर्मी में लोगो को जीना मुश्किल है । जंगबहादुरगंज में लगभग एक साल से बिजली की भगवान के सहारे ही चल रही है । नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारी लापरवाही का चोला ओढ़े हुए है । काफी शिकायत होने के बाद अधिकारियों ने जे ई को तो सस्पेंड कर दिया लेकिन बिजली की बत्तर व्यवस्था पर कोई ठोस कदम नही उठा पाए है । जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है । इतनी भयंकर गर्मी में बिजली की चौपट व्यवस्था से योगी सरकार के निर्देशों की भी धज्जियां उड़ रही है । बिजली खराब होने के बाद कई दिनों तक खराब पड़ी रहती है कोई भी कर्मचारी देखने तक नही जाता है कर्मचारी और अधिकारी केवल सेलरी गिनने में ही व्यस्त रहते है जनता की समस्या को कोई देखने वाला नहीं है।

# प्रिंटिंग प्रेसों पर एसडीएम व सीओ की संयुक्त छापेमारी

● डीएम के निर्देश पर निकाय चुनाव के मद्देनजर चला व्यापक अभियान

●मोहम्मदी में मिली मानक विरुद्ध प्रचार सामग्री, जब्त, दी हिदायत

**संवाददाता।** लखीमपुरखीरी



**नगर** निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जिले में तहसील स्तर पर एसडीएमी और क्षेत्राधिकारी ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। निकाय चुनावों में छापी जा रही चुनाव साम्रगियों की प्रिंटिंग प्रेसों पर छापेमारी करते हुए प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को चुनाव आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी। इस समय जिले में निकाय चुनावो का दौर हैए जिसे लेकर प्रशासन डीएम के सख्त आदेशों के बाद हरकत में है। जिसे लेकर बुधवार को एसडीएमए तहसीलदार एवं सीओ ने नगरीय निकाय में स्थित प्रिंटिंग प्रेसो पर छापामार कार्रवाई करते हुए पोस्टर बैनर इत्यादि प्रचार सामग्री की जांच की तथा प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के बारे में भी समझाया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार ही प्रचार सामग्री छापे। पलिया में एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने तहसीलदार और सीओ पलिया के साथ हिना प्रिन्टिंग प्रेस, एटूजेड प्रिन्टिंग प्रेस, खालिब प्रन्टिंग प्रेस, गुप्ता प्रिन्टिंग प्रेस, तूलिका प्रिन्टिंग प्रेस,आद्यया प्रिन्टिंग प्रेस, आनन्द प्रिन्टिंग प्रेस, तूलिका डिजिटल वर्ड का स्थलीय निरीक्षण किया। प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को चुनाव आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी। गोला में एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने गोला स्थित रस्तोगी प्रिंटर्स, सुपर सिस्टम प्रिंटर्स सहित विभिन्न प्रिंटिंग प्रेस का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि डीएम से प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में कस्बे की सभी प्रिंटिंग प्रेसों पर जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जा रही है। प्रत्याशियों द्वारा चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार ही पोस्टर बैनर छापे जाएं तथा पोस्टर बैनर पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम तथा प्रचार सामग्री की संख्या अंकित करना जरूरी है। हालांकि निरीक्षण के दौरान सभी प्रचार सामग्री नियमों के अनुरूप मिली। निघासन में एसडीएम राजेश कुमार ने नगरीय निकाय क्षेत्र निघासन, सिंगाही में सभी प्रिंटिंग प्रेस का औचक निरीक्षण कर वहां मुद्रित प्रचार सामग्री की पड़ताल की। निर्देश दिए कि पम्पलेट, पोस्टर या अन्य किसी भी मुद्रित सामग्री पर मुद्रक का नाम, पता, मोबाइल नम्बर व मुद्रित प्रतियों की संख्या स्पष्ट व पठनीय हो। एसडीएम ने नगरीय निकाय प्रत्याशियों की बैठक ली, सभी कायदे कानून विधिवत समझाएं। कहा कि प्रशासन की नजर निर्वाचन से जुड़े हर पहलू पर है, इसीलिए सभी नियम कानूनों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करें। धौराहरा में एसडीएम अनुराग सिंह ने तहसीलदार भीमसेन एवं नायब तहसीलदार वीरेंद्र संग शाहिद प्रिंटर्स, स्टार ऑफसेट एवं खमरिया स्थित राज प्रिंटर्स का औचक निरीक्षण कर प्रचार सामग्री का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी चीजें ठीक मिली। निर्देश दिया कि आगे भी प्रचार सामग्री प्रिंटिंग के दौरान आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**प्रदेशीय** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय के नेतृत्व में शिष्टमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमार गौरव से मिला और डायट से गठित मूल्यांकन प्रकोष्ठ द्वारा शिक्षकों और विद्यालयों के ऑनलाइन अनुश्रवण किये जाने पर आपत्ति व विरोध करते हुए ज्ञापन दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बताया गया कि ऐसे शिक्षक विरोधी और मौलिक अधिकारों का हनन करने बाले आदेश का संघ विरोध करता है कोई भी शिक्षक, शिक्षा मित्र या



अनुदेशक ऐसी किसी भी वीडियो कॉल या वौइस् कॉल को अटेंड नही करेगा ना ही किसी प्रकार मूल्यांकन प्रकोष्ठ के ऑनलाइन अनुश्रवण में कोई सहयोग किया जायेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस मामले को राज्य स्तरीय बताते हुए अपने स्तर पर जितना सम्भव है उतना सहयोग का भरोसा दिया। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गयी कि अगर ऐसी शिक्षक के सम्मान विरोधी और भ्र्ष्टाचार को बढ़ावा देने बाली नीति को खत्म नही किया गया तो संघ व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा। शिष्टमंडल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. रत्नाकर दीक्षित, जिला महामंत्री सुनील मौर्या के अलावा भुवनेश गुप्ता, सचिन मिश्रा, रिपुदमन सिंह यादव, विक्रांत मिश्रा, धीरज रस्तोगी, नवनीत तिवारी, जितेंद्र कुमार सिंह, मुकेश कुमार, पल्लवी गुप्ता अलका शास्त्री दिनेश आनंद, दिनेश पाल और श्याम मोहन मिश्रा साथ में रहे।

# बोर्ड परीक्षा में सकरन क्षेत्र के विद्यालयों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**संवाददाता।** सीतापुर

● राजकीय इंटर कालेज सांडा और पंडित दीन दयाल उपाध्याय बालिका इंटर कालेज के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**मेहनत** और लगन से काम किया जाए तो सफलता भी कदम चूमती है। इस कहावत को ब्लाक सकरन क्षेत्र में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सच साबित कर दिखाया है। यूपी बोर्ड परीक्षा में क्षेत्र के राजकीय इंटर कालेज सांडा और पंडित दीन दयाल उपाध्याय बालिका इंटर कालेज बापू नगर शाहपुर के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन कर कालेज का नाम रोशन किया है। राजकीय इंटर कालेज सांडा में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में हर्षिता जायसवाल ने 503 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। 470 अंको के साथ पारुल सिंह दूसरे, 460 अंक अंशू सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्र हरेराम प्रथम रहे। अशोक कुमार ने 71.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। 71.2 प्रतिशत अंको के साथ मंतशा खातून तीसरे और 69.4 प्रतिशत अंकों के साथ देशराज चौथे स्थान पर रहे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कालेज बापू नगर शाहपुर में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 535 अंक प्राप्त कर सचिन कुमार कालेज में प्रथम रहे। 506 अंको के सात अंशिका श्रीवास्तव दूसरे और 503 अंको के साथ प्रहलाद गुप्ता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रांशी मिश्रा चौथे स्थान पर रही उन्हे 502 अंक मिले। अंकुल शुक्ला 488 अंक पाकर पांचवे स्थान पर रहे। आचल गुप्ता 487 अंको के साथ छठे और चमन प्रकाश ने 480 अंक पाकर सातवां स्थान प्राप्त किया। मधुमिता व गौरव गौड़ 460 अंक पाकर आंठवें स्थान पर रहे। जबकि कामिनी ने 457 अंक पाकर नवां और सुष्मा ने 454 अंक पाकर दसवां स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में दयाराम 399 अंक पाकर पहले स्थान पर रहे। मोहम्मद रेहान 398 अंको के साथ दूसरे व 393 अंको के साथ गुरुदत्त और सत्य प्रकाश तीसरे स्थान पर रहे। राहुल ने 391 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान हासिल किया। 386 अंको के साथ स्तुति पांडेय पाचंवे और 383 अंको के साथ अभिषेक छठे स्थान पर रहे। नवेन्दु बाजपेई ने 380 अंक पाकर सातवां अनुष्का 371 अंक पाकर आंठवा स्थान प्राप्त किया। विकास 367 अंक लाकर नवें और उपेन्द्र 362 अंको के साथ दसवें स्थान पर रहे। कालेज में 64 ने हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम स्थान व 12 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि इंटरमीडिएट में पंजीकृत 134 में से 53 प्रथम, 56 द्वितीय व 6 तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के शिक्षकों ने टापर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

# नगर निकाय चुनाव को गंभीरता से लें शिथिलता न बरतें: जिला निर्वाचन अधिकारी

**संवाददाता।** बरेली

**जिला** मजिस्ट्रेट /जिला निर्वाचन अधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी की अध्यक्षता में आज नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। अधिकारी ने समस्त आरओ को निर्देश दिए कि नगर निकाय चुनावों को गंभीरता से लिया जाये तथा किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। कहा कि निर्वाचन में जिन आरओ की ड्यूटी लगाई गई है वह अपनी ड्यूटी अवश्य करें। निर्वाचन आयोग द्वारा जो भी बुकलेट दी गई है उसका अध्ययन उचित प्रकार से कर लें और उसी प्रकार से कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह उनके वरीयता के अनुसार ही दिया जाये। एडीएम (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त आरओ को निर्देश दिए कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थियों का निर्वाचन प्रतीक का नमूना उपलब्ध कराया जायेगा तथा प्रतीक की प्राप्ति स्वरुप उसकी रसीद भी अनिवार्य रुप से ली जायेगी, जिसे अभिलेखों में समुचित रुप से रख जायेगा, साथ ही प्रारुप-13 में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची में प्रत्येक उम्मीदवार के नाम के सामने आवंटित निर्वाचन प्रतीक का उल्लेख करते हुये उसे तत्काल सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची की एक-एक प्रति प्रत्येक चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार या उसके निर्वाचन अभिकर्ता को दी जायेगी और 03 प्रतियां जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायती एवं नगरीय निकाय) को भेजी जायेगी जो उसकी एक प्रति तत्काल ई-मेल के माध्यम से राज्य निर्वाचन आयोग को भेजेंगे, जिससे कि मतपत्रों की छपायी हेतु यथा आवश्यक निर्देश जारी हो सके तथा दूसरी प्रति मूलपत्रों के मुद्रण हेतु आयोग द्वारा निर्धारित मुद्रणालय को विशेष वाहक द्वारा भेजी जायेगी एवं तीसरी प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में अवश्य दी जाये। बैठक में एडीएम (प्रशासन)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पुनिया, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट रेनू सिंह, एसीएम प्रथम नहने राम, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त आरओ सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने की पीस कमेटी की बैठक

**सिंगाही खीरी।** थाना परिसर में एसडीएम राजेश कुमार क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्वारा अध्यक्ष व सभासद पद के सभी प्रतियाशी सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों एडिजिटल वॉलिंटियर्स के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में अपील की गयी कि शांतिपूर्ण तरीके से आगामी निकाय चुनाव के पर्व को संपन्न किया जाए, बिना अनुमति किसी भी प्रकार की नुक्कड़ सभा, मीटिंग, जुलूस नहीं निकाला जाएगा। बिना अनुमति के किसी भवन पर वाल पेंटिंग, झंडा बेनर न लगाएं।

# साढ़े बारह लाख के गांजे के साथ आधा दर्जन तस्कर किए गिरफ्तार

● बाइक व कार समेत छह मोबाइल फोन भी बरामद

संवाददाता। फतेहपुर



**ललौली** थाना पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने मंगलवार की रात चेकिंग के दौरान बाइक सवार गांजा तस्करों को दबोच लिया। जिनकी निशानदेही पर टीम ने एक कार से गांजे की बड़ी खेप बरामद करते हुए कुल आधा दर्जन तस्करों को हिरासत में ले लिया। बरामद गांजे की कीमत लगभग साढ़े बारह लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस टीम ने तस्करों के पास से बाइक, कार समेत छह मोबाइल भी बरामद किए हैं। एसपी ने इस बड़ी कामयाबी पर पुलिस टीम को पंद्रह हजार रुपये का ईनाम दिया है।

पुलिस लाइन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस टीमें लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त करके वाहन चेकिंग अभियान चला रही हैं। मंगलवार की रात ललौली थाना प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव व एसओजी प्रभारी अनिरुद्ध कुमार अपने-अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर रहे थे। पुलिस टीम ने कोर्राकनक मोड़ तिराहा के समीप एक बाइक सवार दो व्यक्तियों को रोक लिया। जब बोरी की तलाशी ली गई तो उसमें पंद्रह किलो गांजा बरामद हुआ। पकड़े गये अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने मुड़कटवा नाला पुलिया थाना ललौली के पास से एक कार को रोक कर उसमें रखा 90 किलो गांजा भी बरामद किया है। सभी अभियुक्तों के पास से मोबाइल भी मिले हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तस्कर उड़ीसा प्रांत से गांजा लाकर मिर्जापुर, प्रयागराज, फतेहपुर समेत आस-पास के अन्य जनपदों में बेचते थे। उन्होने बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को पंद्रह हजार रुपये का ईनाम दिया है।

# सीतापुर सब्जी मंडी में लगी आग से 15 दुकानें हुईं जलकर राख



संवाददाता। चित्रकूट

**सीतापुर** सब्जी मंडी में भीषण आग लगने से आसपास के दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। 15 से अधिक दुकानें जलकर राख हो गईं। दुकानों में रखा आलू, सेब, केला सब जल गया। लोगों ने पुलिस और दमकल को फोन से सूचना दी। ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। मौके पर पुलिस बल व दमकल टीम आग बुझा रही है।

ये अग्निकांड बुधवार दोपहर 12 बजे हुआ। सब्जी मंडी में आग लगने से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर आग बुझाने में जुटी हैं। तकरीबन डेढ़ घंटे से लगी आग को स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास कर रही हैं। अभी तक आग लगी हुई है। सब्जी व्यापारियों ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि सीतापुर कस्बे में भी दमकल गाड़ियां रहनी चाहिए, ताकि अग्निकांड होने पर तत्काल आग बुझाई जा सके। सब्जी मंडी व्यापारी नफ़ीस खान ने बताया कि अग्निकांड से लगभग एक करोड़ की क्षति हो गई है। पुलिस ने रास्ता रोककर आग बुझाने का कार्य कर रही है। इस बाबत कर्वी कोतवाल गुलाबचंद त्रिपाठी ने बताया कि आग बुझाने में पुलिस व दमकल गाड़ियां लगी हैं। अभी तक क्षति का आंकलन नहीं किया गया। आग लगने के कारणों का भी पता किया जा रहा है। आग लगने का ठोस कारण पता नहीं चल सका।

# महासंगम पर त्रिदिवसीय 'पंचनद कैम्पिंग फेस्टिवल

● आने वाले सैलानी ऊंट उत्सव का भी उठा सकेंगे आनंद

● पर्यटन विभाग, झूमके और चंबल विद्यापीठ का साझा आयोजन





संवाददाता। जगम्मनपुर, जालौन

**जालौन**, औरैया, इटावा और भिन्ड जनपद मुख्यालयों से समान दूरी पर पंचनदा संगम है। जो कि विश्व का सबसे अनोखा स्थल माना जाता है। जहां चंबल, यमुना, सिंध, पहुंज और क्वारी नदियों का महासंगम होता है। चंबल अंचल के बीहड़ों में आध्यात्मिक और पर्यटन के नजरिये से यह अद्भुत स्थल है।

चंबल विद्यापीठ के संस्थापक डॉ. शाह आलम राना कहते हैं कि बीहड़वासियों को सामान उठाने के लिए ऊंट एक सहारा रहा है। चंबल नदी के किनारे रहने वाले ऊंट पालकों पर आये दिन भारतीय वन अधिनियम और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज होती रहती है। इसे ऊंटों की तादाद में भारी गिरावट देखी जा रही है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की 2,100 वर्ग मील दूरी तय करके राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य यहां विराम पाता है। इससे यहां चांदी की तरह चमकते विशाल रेतीले मैदान दिखते हैं। राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य में तमाम जलचरों और नभचरों का ठिकाना होने से रेत खनन पर प्रतिबंध है। पांच नदियों के संगम पर चांदी की तरह चमकते विशाल रेतीले मैदान गोवा की खूबसूरती को मात देते हैं। चंबल अंचल में बड़े पैमाने पर रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले ऊंट पाले जाते थे लेकिन अब ऊंट पालको की संख्या में लगातार गिरावट देखी जा रही है। अगर चंबल में ऊंटों के मार्फत पर्यटन के रास्ते खुलते हैं तो ऊंटों की तादाद में और इजाफा हो सकेगा। तीन दिवसीय पंचनद कैम्पिंग फेस्टिवल में सैलानी ऊंट उत्सव का आनंद ले सकेंगे। सजे धजे ऊंट की सवारी फोटोग्राफी के शौकीने के लिए जहां चार चांद लगाएगी वहीं पलायन की मार से जूझ रहे बीहड़वासियों के लिए रोजगार के अवसर भी मुहैया कराएगी।

चंबल में पर्यटन को बढ़ाने के मकसद से इस तीन दिवसीय सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजन में सैलानी अपनी रुचि के अनुसार हिस्सेदारी कर सकेंगे। दरअसल दस्यु दलों के सफाए के बाद सैलानी यहां बिना रोक-टोक के अब पहुंच सकेंगे।

# चुनाव के चलते 11 व 13 मई को बंद रहेंगी शराब की दुकानें : डीएम

● शराब एकत्र करने पर भी होगी कार्रवाई

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतंत्र व निर्विघ्न सम्पन्न कराने को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा के तहत मतदान की समाप्ति के 48 घंटे पहले से व मतदान समाप्त होने तक तथा मतगणना के दिन जिले की सभी शराब की दुकानें पूर्णतया बन्द रखी जायेंगी।

बुधवार को जिला मजिस्टेªट ने चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी को आदेश दिया है कि जिले की सभी आबकारी की शराब दुकानें, होटल, रेस्त्रां, क्लब और शराब बेचने तथा वितरण करने के अन्य संस्थानों को अनुमति नहीं दी जाएगी। नगर निकाय चुनाव मतदान एवं मतगणना के दिन मद्य निषेध घोषित कर लोकशांति बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने की गरज से संयुक्त आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए चार मई को प्रयागराज, फ्तेहपुर व कौशांबी की सीमा से आठ किमी की परिधि के जिले चित्रकूट की सभी शराब दुकानें दो मई को शाम छह बजे से चार मई शाम छह बजे तक अथवा मतदान समाप्ति तक पूरी तरह बंद रहेंगी। दूसरे चरण के मतदान 11 मई को जिले की सभी शराब दुकानें आठ किमी परिधि में बांदा व मप्र राज्य के जिला रीवा, सतना की सभी दुकानें नौ मई की शाम छह बजे से 11 मई की शाम छह बजे तक अथवा मतदान समाप्ति तक पूरी तरह बंद रहेंगी।

उन्होंने बताया कि 13 मई को मतगणना के दिन व 12 मई को शाम छह बजे तक मतगणना समाप्ति को रात 12 बजे तक पूरी तरह बंद रहेंगी। इस बंदी का कोई प्रतिफ्ल ठेकेदारों को देय नहीं होगा।

# व्यापारी पुत्र की गिरफ्तारी के प्रयास के विरोध में हंगामा

**फर्रुखाबाद।** एसओजी ने व्यापारी के पुत्र को पकड़ने का किया प्रयास,व्यापारियों ने किया हंगामा गत रात एक व्यापारी के पुत्र को एसओजी नें उठाने का प्रयास किया। तभी चीख पुकार सुनकर अन्य व्यापारी एकत्रित हो गये। जिसके बाद विरोध अधिक देख एसओजी बैरंग वापस हो गयी। एसओजी पर गलत तरह से व्यापारी पुत्र को पकड़ने का आरोप लगाए व्यापारियों नें हंगामा किया। बीजेपी जिलाध्यक्ष के मौके पर आते ही व्यापारी उन पर भी भड़क गये और उन्हें और उनकी पार्टी के लिये भला बुरा भी कहा। शहर के नेहरु रोड़ पर एक व्यापारी के पुत्र को आठ सादा कपड़ों में आये कार सबारों नें पकड़कर गाड़ी में बैठानें का प्रयास किया। उसी समय व्यापारी पुत्र नें चिल्लाना शुरू कर दिया। उसकी आबाज सुनकर आस.पास के व्यापारी आ गय। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला फोर्स के साथ मौके पर आ गये। उन्होंने व्यापारियों से वार्ता की। व्यापारी इस तरह से व्यापारी पुत्र को पकड़ने को लेकर खफा थे। जिस पर व्यापारियों ने कोतवाल से कहा कि यदि एसओजी ने यह कृत्य किया तो वह माफी मांगते हैं, और उन्होंने व्यापारियों को शांत करने का प्रयास किया। कुछ देर बाद कोतवाल भी वापस चले गये। बीजेपी जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता मौके पर पंहुचे। उनको देखकर व्यापारी भड़क गये।

# पांच के कब्जे से महुआ व देशी शराब बरामद

संवाददाता। चित्रकूट



**नगर** निकाय चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में पुलिस ने पांच लोगों के कब्जे से सौ लीटर महुआ शराब व 20 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।

बुधवार को चौकी प्रभारी सीतापुर जनार्दन प्रताप सिंह की टीम ने फूलचन्द्र पुत्र छोटेलाल निवासी कपसेठी के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मतामला दर्ज किया। टीम में चौकी प्रभारी सीतापुर जनार्दन प्रताप सिंह, सिपाही अभिषेक प्रताप सिंह, सिपाही सोमदेव, शुभम शर्मा शामिल रहे।

इसी क्रम में राजापुर थाने के वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह की टीम ने रामकिशोर धोबी पुत्र समरिया निवासी माधवगंज कस्बा राजापुर के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा रामवीर सिंह, सिपाही उमेन्द्र त्रिपाठी शामिल रहे। राजापुर थाने के दरोगा काशीनाथ यादव की टीम ने जयलाल निषाद पुत्र रामचरण निवासी गोरा थाना मऊ के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा काशीनाथ यादव, सिपाही मनोज कुमार शामिल रहे। मऊ थाने के दरोगा इंद्रजीत गौतम की टीम ने राम खेलावन निषाद पुत्र नत्थू निषाद निवासी कटैया खादर के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब एवं शराब बनाने के उपकरण समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा इंद्रजीत गौतम, सिपाही राहुल पांडेय, महिला सिपाही शिखा सिंह शामिल रहे।

मऊ थाने के दरोगा गंगाचरन प्रजापति की टीम ने सुमैना पत्नी गंगा प्रसाद निवासी कटैया खादर के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब एवं शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## क्विक न्यूज

### श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट को मिला दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड



**चित्रकूट।** मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान मुम्बई ने विशिष्ट अवार्ड समारोह में पं दीनानाथ के पुत्र एवं महान गायिका लता मंगेशकर, आशा भोसले के भाई हृदयनाथ मंगेशकर ने संत रणछोड़दास जी महाराज के स्थापित एवं नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में विश्व विख्यात श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट को सामाजिक कार्यों एवं मानव सेवा के लिए श्री दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड से ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफ्तलाल एवं उनकी धर्मपत्नी रूपल बेन मफ्तलाल को पुरस्कृत किया। बुधवार को अध्यक्ष विशद भाई ने इस उपलब्धि पर पूज्य गुरुदेव की प्रेरणा, समस्त ट्रस्टीगण, सद्गुरु परिवार के सदस्यों, कार्यकर्ताओं तथा गुरुभाई-बहनों के सेवा कार्यों को श्रेय दिया।

### शुभ मिश्रा ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में नवां स्थान पाया

**कानपुर देहात।** पं. रामजीलाल इण्टर कालेज बनीपारा के छात्र शुभ मिश्रा ने मॅगलवार को घोषित यूपी बोर्ड की इण्टरमीडियेट परीक्षा में प्रदेश की मेरिट लिस्ट में नवॉ व जनपद की मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान पाकर नाम रोशन किया है, विद्यालय के प्रधानाचार्य ने शुभ मिश्रा सहित अन्य छात्रों को उनकी उल्लेखीय सफ्लता के लिये बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की है। कानपुर देहात में अपने नाना लल्लन त्रिवेदी के गदनपुर सिठमरा में रह कर क्षेत्रीय शिक्षा के गुणवत्तापूर्ण केन्द्र पं0 रामजीलाल इण्टर कालेज बनीपारा में अध्ययन कर रहे शुभ मिश्रा ने इण्टरमीडियेट परीक्षा मे 500 में 479 ॲक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट लिस्ट में नवॉ स्थाना पाया वहीं जनपद की मेरिट लिस्ट में भी उसने दूसरा स्थान पाया।

### भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र गुप्ता ने विकास के नाम पर मांगे वोट



**चित्रकूट।** भाजपा नगर पालिका कर्वी से प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता ने खोही, चितरा, तुलसीनगर, खटकाना मोहल्ला मे घर-घर जनसंपर्क किया। जनसम्पर्क दौरान भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि पिछले कार्यकाल में शहर मे कई स्तर के विकास के कार्य किये गये हैं। शहर में जल निकासी की भारी समस्या थी, जिसे दूर किया गया। बुधवार को भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि चौराहो का चौडीकरण, पार्को का निर्माण, जगह-जगह शौचालयों का निर्माण कराया गया है। आगे भी वह भरपूर प्रयास करेंगे कि शहर में विकास की रफ्तार तेजी से बढ़े।

### हाईस्कूल परीक्षा में कम अंक आने पर छात्रा ने की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद।** हाई स्कूल परीक्षा में अंक कम आने से आहत छात्रा ने जहर पी लिया । जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम वसा नगला निवासी 17 वर्षीय दीक्षा पुत्री ओमकार पाल नें इस साल हाई स्कूल की परीक्षा दी थी। लेकिन मंगलवार को आये उसके परिणाम ने दीक्षा को आहत कर दिया। दीक्षा के अंक कम आये । लिहाजा उसने जहर पी लिया । उसे उपचार के लिये लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया । जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### जन अधिकार पार्टी ने निर्दलीय कैलाशी को दिया समर्थन

**जालौन, उरई।** जन अधिकार पार्टी ने निर्दलीय प्रत्याशी कैलाशी गुलाब जाटव के पक्ष में समर्थन दिया। कैलाशी गुलाब जाटव के पति पूर्व में भी पालिकाध्यक्ष रह चुके हैं। नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर कैलाशी गुलाब जाटव के पति गुलाब सिंह जाटव पूर्व में नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर आसीन हो चुके हैं। उनके चुनाव कार्यालय के उद्घाटन पर पहुंचे जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष मूलशरण कुशवाहा ने कहा कि पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्णय पर वह घोषणा करते हैं कि जन अधिकार पार्टी चुनाव में उनका समर्थन करेगी।

# पूर्व चेयरमैन व जिला पंचायत सदस्य समेत 6 लोग निष्कासित

● प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में सुनाया गया फ़रमान

● भाजपा के लिए सिरदर्द बन सकता है जल्दबाजी में किया गया निष्कासन

संवाददाता। फतेहपुर



**कई** दशक तक सपा में रहने और कुछ वर्ष तक कांग्रेस में जमीन तलाशने और पिछले वर्ष विधान सभा चुनाव के ऐन मौके पर भाजपा में शामिल होकर विधायक और फिर केबिनेट मंत्री मंत्री राकेश सचान की अगुवाई में आज हुई प्रेस कांफ्रेंस में जिले के आधा दर्जन वरिष्ठ व विभिन्न पदों पर काबिज भाजपाईयों को संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में पार्टी से निकाल दिया गया। यह निर्णय क्या गुल खिलाएगा यह तो समय बताएगा किन्तु चुनाव में सीधे तौर पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। वैसे पूर्व में पंचायती चुनाव के दौरान भी बीस भाजपाईयों को बाहर का रास्ता दिखाया गया था और सत्तारूढ़ दल 46 वार्डों में दस पर सीमित हो गया था, इस बार भी चुनाव में कुछ ऐसे परिणाम न हों इससे सतर्क रहना होगा।

पार्टी विरोधी गतिविधियों में जिन छः लोगों को निष्कासित किया गया है उनमें तकरीबन चार दशक से पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व में जिला मंत्री रहीं श्रीमती शोभा अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य एवं मण्डल अध्यक्ष हिमांशु त्रिपाठी, किसान मोर्चा के जिला मंत्री शिवाकांत सविता, मण्डल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रदीप कश्यप, मण्डल कार्यसमिति सदस्य अशोक निषाद एवं नगर पंचायत किशनपुर के पूर्व चेयरमैन नरेश चन्द्र सोनकर शामिल हैं। इन नेताओं पर आरोप है कि ये या तो बागी होकर चुनाव लड़ रहे हैं या फ्रि बागियों का साथ दे रहे हैं! चार मई को मतदान होना है, बमुश्किल एक सप्ताह पूर्व पार्टी नेतृत्व का यह फैसला कितना सही साबित होता है।

# एंटी रोमियो टीम ने छात्र छात्राओं को जागरूक किया

संवाददाता। उरई, जालौन

**बुधवार** को पुलिस अधीक्ष डॉ. ईरज राजा के निर्देश अनुसार एंटी रोमियो टीम ने स्टेशन रोड व करमेर रोड पर कोचिंग सेंटर में सघन चेकिंग अभियान चलाया व कोचिंग संचालकों से जाकर मुलाकात की और बालिका छात्रों को संबोधित करते हुए सुरक्षा का एहसास कराया व एंटी रोमियो टीम के नंबर, विमेन पावर लाइन, पिंक बॉक्स के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने यही बताया कि स्टेशन रोड व करमेर रोड पर पिंक बॉक्स लगे हैं। अगर आप अपनी बात नहीं कह पाते हैं तो आप पिंक बॉक्स में चिट्ठी के माध्यम से बता दें आपका नाम गुप्त रखा जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

# निपुण भारत अभियान के तहत नोडल अधिकारी ने परखी शैक्षणिक गुणवत्ता



**उरई,** जालौन। बुधवार को राज्य परियोजना कार्यालय निपुण भारत गुणवत्ता सेल से आये जनपद जालौन के नोडल अधिकारी आयुष मालिक ने महेवा ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय सोहरापुर तथा प्राथमिक विद्यालय हरकूपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी क्लास का अवलोकन किया। विभिन्न पैरामीटर्स का अवलोकन करते हुए उन्होंने शिक्षकों से संदर्शिकाओं के अनुसार शिक्षण से संबंधित अनेकों प्रश्न पूंछें। बच्चों की कार्यपुस्तिकाओं का अवलोकन किया और आंकलन पत्रक में दिए गए अंकों का ट्रैकर से मिलान करते हुए शिक्षक डायरी की प्रविष्ठियों को जांचा। उन्होंने क्लास के सभी बच्चों के शैक्षिक स्तर को जांचने के लिए उनसे गणित के प्रश्नों को हल करवाया, शब्दों को व्हाइट बोर्ड पर लिखकर पढ़वाया और उनके साथ आये जनपद के एसआरजी लोकेश पाल तथा अभिलाष तिवारी से बच्चों का निपुण लक्ष्य एप पर गणित और भाषा का आंकलन करवाकर एक रिपोर्ट बनवायी।

# पेज एक का शेष

## नक्सली हमले...

को श्रद्धांजलि देने जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जवानों की शहादत पर दुख जताया और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बात कर उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। शाह ने एक ट्वीट में कहा, दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर नक्सलियों द्वारा किए गए कायराना हमले से दुखी हूं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से बात की है और राज्य सरकार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। शहीद जवानों के शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी संवेदनाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नक्सली हमले की कड़ी निंदा की और इसमें शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं उन बहादुर कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्हें हमने हमले में खो दिया। उनके बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भी शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं कांग्रेस ने नक्सली हमले में 10 जवानों की शहादत पर दुख जताया और कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई आखिरी दौर में है और इसमें सरकार की जीत होगी।

## भारतीयों का...

नेवी के जहाज के माध्यम से 278 भारतीयों को हिंसाग्रस्त देश से निकाला गया था। अधिकारियों ने बताया कि अब तक कुल 534 भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। सूडान से भारतीय नागरिकों को निकालने के अभियान ऑपरेशन कावेरी के तहत भारत ने जेद्दा में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। सूडान से निकाले जाने के बाद भारतीय नागरिकों को सऊदी अरब के इस शहर में लाया जा रहा है। वहां से इन्हें भारत लाया जा रहा है। जेद्दा में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन निकासी अभियान की निगरानी कर रहे हैं। भारत ने मंगलवार को हिंसाग्रस्त सूडान से अपने 278 नागरिकों के पहले जत्थे को आईएनएस सुमेधा के जरिए निकाला और वहां फंसे शेष भारतीयों के लिए जरूरी राहत सामग्री पहुंचाई। इसके कुछ ही घंटे बाद भारतीय वायु सेना का परिवहन विमान सी130जे पोर्ट सूडान में उतरा ताकि और भारतीय नागरिकों को वहां से निकाला जा सके। इसके बाद अन्य सी130जे विमान से नागरिकों को निकाला गया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के अनुसार, पहले सी130जे विमान के माध्यम से 121 नागरिकों को और दूसरे विमान से 135 लोगों को बाहर निकाला गया। जयशंकर ने ट्वीट कर यह जानकारी दी।

## उत्तर प्रदेश...

स्थानिक आयुक्त कार्यालय में एक हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। सूडान से आने वाले लोग संबंधित अधिकारियों से 8920808414 और 9313434088 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं या अपनी समस्याओं के बारे में वॉट्सऐप कर सकते हैं।

## यूपी...

हिरासत में भेज दिया। बयान के मुताबिक इस मामले में फरवरी महीने में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में छापेमारी की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक ए लोग हाइजिया ग्रुप ऑफ कॉलेजस के जरिए छात्रवृत्ति घोटाला कर रहे थे। वे अयोग्य व्यक्तियों के आधार नंबर और बैंक खातों का इस्तेमाल कर उन्हें छात्र दिखाते थे और फर्जीवाड़ा कर छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त करते थे। जांच के दौरान कई छात्रों ने बताया कि उन्हें नहीं पता कि उनके नाम पर छात्रवृत्ति की योजना का लाभ लिया जा रहा है। एजेंसी ने बताया कि तीनों ने फिनो पेमेंट बैंक के एजेंट के साथ मिलकर साजिश रची और छात्रों के खातों से छात्रवृत्ति की राशि का स्थानांतरण हाइजिया ग्रुप ऑफ कॉलेजस, अन्य व्यक्तियों और संस्थानों के खातों में कराया।

## बंगाल के...

में घुस गया। हाथ में पिस्तौल लिए वह बच्चों और शिक्षक को कथित तौर पर गोली मारने की धमकी दे रहा था। अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति ने कहा कि अगर कोई उसे गोली मारेगा तो वह गोली चला देगा। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान वल्लभ नाम के व्यक्ति के रूप में की गई है। अधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने तुरंत उस व्यक्ति पर काबू पा लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से एक पिस्तौल तथा तरल पदार्थ युक्त दो बोतल और एक चाकू जब्त किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने दावा किया कि उसने वारदात को अंजाम इसलिए दिया क्योंकि उसका बेटा और पत्नी एक साल से लापता हैं और इस घटना के जरिए वह प्रशासन पर दबाव बनाना चाहता था। हालांकि, लगभग 40 वर्षीय आरोपी के पड़ोसियों ने बताया कि वह अपनी पत्नी से अलग रहता है और उसका बेटा भी उसकी पत्नी के साथ रहता है। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद स्कूल में कक्षाएं स्थगित कर दी गईं।

## दिल्ली के...

के बाहर परेशान अभिभावकों की भीड़ इकट्ठा हो गई। हालांकि, तलाशी में स्कूल परिसर में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) राजेश देव ने बताया कि सूचना मिलने के फौरन बाद स्थानीय पुलिस व दमकल कर्मियों, बम निरोधक दस्ते, खोजी कुत्ते और स्वाट की टीम को तत्काल स्कूल भेजा गया। सुबह आठ बजे पूरा स्कूल खाली करा लिया गया। पुलिस और अन्य टीमों ने स्कूल परिसर में मौजूद सभी इमारतों की छानबीन की, स्कूल के आसपास के हिस्सों में भी तलाशी ली गई, लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन के आधिकारिक ईमेल आईडी पर बम की धमकी मिली थी।

## भ्रष्टाचार के...

कर दिए हैं, जिससे वे नाराज हैं। उन्होंने कहा कि उनके प्रतिद्वंद्वी उन्हें नष्ट करने में सफल हो भी सकते थे, अगर उनकी लड़ाई केवल उनके साथ होती, लेकिन वे इसलिए सफल नहीं हो रहे हैं, क्योंकि विरोधियों की लड़ाई इस देश के आम लोगों के खिलाफ है। मोदी ने यह भी कहा कि उन्होंने कोविड-19 के प्रकोप के दौरान अपनी राजनीतिक पूंजी को खतरे में डाल दिया, जब उन्होंने वायरस के खिलाफ टीकों के निर्माण के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता चुना। उन्होंने आयात के लिए पैरवी करने वालों पर चुटकी ली और आश्चर्य जताया कि किसके दबाव में उन्होंने ऐसा किया। मोदी ने कहा, मैंने अपनी राजनीतिक पूंजी को बड़े पैमाने पर जोखिम में डाला। मैंने यह केवल देश के लिए किया। उन्होंने कहा कि वह आयात का विकल्प चुनकर खजाना खाली कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा रास्ता नहीं चुना। प्रधानमंत्री ने कहा, गरीब लोगों को अब विश्वास है कि उन्हें उनका सही हिस्सा मिलेगा, यह सही मायने में सामाजिक न्याय है। मोदी ने कहा कि नए भारत की परिवर्तन की कहानी कालातीत और भविष्योन्मुखी दोनों है। उन्होंने कहा, मुद्रा योजना सूक्ष्म और लघु उद्यमियों को वित्तीय सहायता देने के लिए शुरू की गई थी। इस योजना के तहत 40 करोड़ से अधिक ऋण वितरित किए गए और प्राप्तकर्ताओं में से 70 प्रतिशत महिलाएं थीं।

## आप की...

राय के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना थी। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की कमान फिलहाल आप के हाथों में है। ओबेरॉय को इससे पहले 22 फरवरी को चौथी कोशिश में महापौर चुना गया था, क्योंकि मनोनीत सदस्यों को मतदान का अधिकार देने के मुद्दे पर जारी गतिरोध के चलते चुनाव कराने के पिछले तीन प्रयास नाकाम हो गए थे। ओबेरॉय ने भाजपा की रेखा गुप्ता को 34 वोटों के अंतर से हराते हुए महापौर पद हासिल किया था। महापौर चुनाव में पड़े कुल 266 वोटों में से 150 वोट ओबेरॉय के खाते में गए थे, जबकि गुप्ता को 116 मत हासिल हुए थे। राष्ट्रीय राजधानी में महापौर पद का पांच साल का कार्यकाल एक-एक वर्ष के पांच कार्यकाल का होता है, जिसमें से पहला वर्ष महिलाओं के लिए, दूसरा वर्ष अनारक्षित श्रेणी के लिए, तीसरा वर्ष आरक्षित श्रेणी के लिए और बाकी के दोनों वर्ष अनारक्षित श्रेणी के लिए होते हैं।

## धर्म आधारित...

वर्ग की 2बी श्रेणी के तहत मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का जिक्र कर रहे थे, जिसे कर्नाटक की भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम समय में यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि धर्म आधारित आरक्षण संवैधानिक नहीं है। कर्नाटक सरकार ने चार प्रतिशत आरक्षण को दो बराबर भागों में विभाजित कर दिया और राज्य के दो प्रमुख समुदायों, वोक्कालिगा और लिंगायत का कोटा बढ़ा दिया। योगी ने कहा, भारत का विभाजन 1947 में धार्मिक आधार पर हुआ था। देश धर्म आधारित आरक्षण का समर्थन नहीं कर सकता और हम एक और विभाजन के लिए तैयार नहीं हैं। पार्टी नेता ने कहा कि केंद्र और कर्नाटक की भाजपा सरकारों ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा कर इस इस्लामी संगठन की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी है।

## देश में...

हैं। उन्होंने बताया कि इस फैसले का मकसद देश में नर्सिंग क्षेत्र के पेशेवरों की संख्या बढ़ाने के साथ गुणवत्तापूर्ण, वहनीय एवं समावेशी नर्सिंग शिक्षा प्रदान करना है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति को मंजूरी दे दी जिसका मकसद देश में चिकित्सा उपकरण क्षेत्र को प्रोत्साहित करना एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। मांडविया ने बताया कि इस नीति में चिकित्सा उपकरण क्षेत्र को लेकर छह सूत्री रणनीति तैयार की गई है तथा इसे लागू करने के लिए कार्य योजना भी तैयार की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चिकित्सा उपकरण क्षेत्र के अगले पांच वर्षों में वर्तमान 11 अरब डालर (करीब 90 हजार करोड़ रूपए) से बढ़कर 50 अरब डालर होने की उम्मीद है। ऐसे में यह आशा की जाती है कि यह नीति पहुंच, वहनीयता, गुणवत्ता एवं नवोन्मेष के लोक स्वास्थ्य उद्देश्यों को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि देश में 75 प्रतिशत चिकित्सा उपकरणों का आयात किया जाता है। इस स्थिति में देश में ही चिकित्सा उपकरण बनाएं जाएं, जरूरत को पूरा किया जा सके और निर्यात भी हो, इसके लिए समग्र प्रयास किए जाने की जरूरत महसूस की गई।

## मन की...

अपने लोगों को बताते हैं कि आप भविष्य के बारे में क्या सोचते हैं। आप उसमें क्या समर्थन चाहते हैं। (यह एक) संचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम है जो मन की बात के जरिए स्थापित किया जाता है।

# सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को फांसी

● ड्रग तस्करी के आरोप में करार दिया गया था दोषी

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर** में भारतीय मूल के एक मादक पदार्थ तस्कर को बुधवार को फांसी दे दी गई। अदालत ने सजा माफ करने के लिए दोषी तस्कर के परिवार, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और संयुक्त राष्ट्र की ओर से दाखिल अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी थी। थंगाराजू सुपैय्या (46) को यहां की एक अदालत द्वारा आखिरी समय में दाखिल अपील खारिज करने के बाद चांगी जेल में तड़के फांसी दे दी गई। सुपैय्या को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने अक्टूबर 2018 में मादक पदार्थ की तस्करी की साजिश रचने के लिए एक साथी को उकसाने के मामले में दोषी ठहराया था। यह साजिश एक किलोग्राम भांग की आपूर्ति से जुड़ी थी, जो औषधीय पदार्थों का दुरुपयोग अधिनियम के तहत एक अपराध है। सुपैय्या को 2014 में मादक पदार्थ का सेवन करने और जांच के लिए न पहुंचने के आरोप में हिरासत में लिया गया था।

सिंगापुर कारागार सेवा के एक बयान में कहा गया है कि सुपैय्या को आज चांगी जेल परिसर में मृत्युदंड दिया गया। थंगाराजू सुपैय्या की बहन लीलावती सुपैय्या ने कहा कि परिवार को मृत्यु प्रमाण पत्र मिला है। यह छह महीने में सिंगापुर में दी गई पहली फांसी है। सुपैय्या के मामले का ब्रिटिश अरबपति रिचर्ड ब्रैनसन और मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त ने समर्थन किया था। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त



की प्रवक्ता रवीना शामदासानी ने मंगलवार को सिंगापुर सरकार से तत्काल इस कदम (सुपैय्या की फांसी की सजा) पर पुनर्विचार करने और मानवाधिकारों के सबसे मौलिक – जीवन के अधिकार का पूरी तरह से सम्मान करने के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया। ब्रैनसन ने एक ब्लॉग पोस्ट में दावा किया था कि थंगाराजू की सजा मानकों पर खरी नहीं उतरी है और हो सकता है सिंगापुर एक निर्दोष व्यक्ति की जान लेने जा रहा हो। सिंगापुर के गृह मंत्रालय (एमएचए) ने मंगलवार को कहा कि मौत की सजा पाए सिंगापुर के एक नागरिक के बारे में ब्रैनसन के विचार देश के न्यायाधीशों और आपराधिक न्याय प्रणाली के लिए अपमान का प्रदर्शन हैं। चैनल न्यूज एशिया ने सिंगापुर कारागार सेवा की ओर से जारी एक बयान के हवाले से बताया कि सुपैय्या को बुधवार सुबह चांगी कारागर परिसर में फांसी दी गई। चैनल पर प्रसारित खबर के मुताबिक, सिंगापुर की एक अदालत ने मंगलवार को सुपैय्या की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने अपने मामले में पुनर्विचार करने और तब तक सजा के अमल पर रोक लगाने की मांग की थी।

15 पन्नों के अपने आदेश में न्यायमूर्ति चोंग ने कहा था कि सुपैय्या अदालत द्वारा अपने मामले की समीक्षा करने के लिए एक वैध आधार पेश करने में नाकाम रहा था।



वाशिंगटन में कोरियाई युद्ध के दिग्गजों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते राष्ट्रपति जो बाइडन, प्रथम महिला जिल बाइडन, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल और उनकी पत्नी किम केओन

# कैलिफोर्निया की सीनेट समिति ने जातिगत भेदभाव समाप्त करने के प्रावधान वाले विधेयक को मंजूरी दी

भाषा। वाशिंगटन

**भारतीय-अमेरिकी** व्यापार और मंदिर संगठनों के कड़े विरोध के बीच कैलिफोर्निया की सीनेट न्यायपालिका समिति ने प्रांत में जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान करने वाले एक विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया है।

कैलिफोर्निया राज्य सीनेट न्यायपालिका समिति ने मंगलवार को जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध संबंधी विधेयक को सीनेट की मंजूरी के लिए भेजने के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। यह पहली बार है, जब किसी अमेरिकी प्रांत की कोई विधायिका जाति संबंधी कानून पर विचार करेगी।

विधेयक के पारित होने पर, कैलिफोर्निया में जाति प्रांत के भेदभाव विरोधी कानून के तहत सुरक्षित श्रेणी में आ जाएगी। इसी के साथ, अमेरिका के सर्वाधिक आबादी वाला राज्य कैलिफोर्निया जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला अमेरिकी प्रांत बन जाएगा। भारतीय मूल की दलित अधिकार कार्यकर्ता एवं द ट्रॉमा ऑफ कास्ट की लेखिका थेनमोझी सौंदर्यराजन ने कहा, आज, मैं गर्व से अपने जाति-उत्पीड़ित समुदाय के सदस्यों, जाति समानता आंदोलन के सूत्रधारों और सहयोगियों के साथ खड़ी हूं, यह कहने के लिए कि कैलिफोर्निया में जातिगत भेदभाव के शिकार लोग अब वह सुरक्षा प्राप्त करने के करीब हैं, जिसके वे हकदार हैं।

सौंदर्यराजन ने कहा, इस कानून की तत्काल आवश्यकता है। कैलिफोर्निया में एशियाई-अमेरिकी समुदाय के साथ भेदभाव के मामले काफी अधिक आते हैं। इसलिए, हम यहां अपनी आजादी की मांग के लिए एकजुट हुए हैं। प्रांतीय सीनेटर आयशा वहाब ने पिछले महीने यह विधेयक पेश किया था। आयशा वहाब कैलिफोर्निया की सीनेट के लिए निर्वाचित होने वाली पहली मुस्लिम और पहली अफगान-अमेरिकी महिला हैं। प्रमुख भारतीय-अमेरिकी होटल एवं मंदिर संगठनों ने यह कहते हुए इस विधेयक का विरोध किया है कि इसके कानून बन जाने से मंदिरों और छोटे व्यवसायों के खिलाफ जातिगत भेदभाव के आरोप में दर्ज कराए जाने वाले मुकदमों की संख्या बढ़ेगी, जिससे उनकी छवि एवं व्यापार प्रभावित होगा।

# चिनफिंग ने जेलेंस्की से फोन पर बात की

भाषा। बीजिंग

**चीन** के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बुधवार को अपने यूक्रेनियाई समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात की और चेताया कि परमाणु युद्ध की स्थिति में कोई विजेता नहीं होगा। यह जानकारी चीन की सरकारी मीडिया ने दी। चीन द्वारा रूस और यूक्रेन के बीच मध्यस्थता की इच्छा जताए जाने के बाद दोनों नेताओं की यह बहुप्रतीक्षित बातचीत हुई। सरकारी टेलीविजन चैनल ने सरकारी बयान के हवाले से बताया कि शी सरकार संभावित राजनीतिक समाधान को लेकर बातचीत के लिए विशेष प्रतिनिधि यूक्रेन भेजेगी। यूक्रेन के मामले में चीन तटस्थ दिखने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसने यूक्रेन पर हमले को लेकर रूस की निंदा करने से इनकार कर दिया है।

फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले से पहले चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा था कि दोनों सरकारों की दोस्ती की कोई सीमा नहीं है। चिनफिंग ने फरवरी में शांति प्रस्ताव पेश किया था और दोनों पक्षों से युद्ध विराम कर शांति वार्ता शुरू करने का आह्वान किया था। सरकारी टीवी चैनल के मुताबिक चिनफिंग ने जेलेंस्की से कहा, बातचीत ही समाधान का एकमात्र रास्ता है। खबर के मुताबिक चीन के राष्ट्रपति ने कहा, परमाणु युद्ध में कोई विजेता नहीं होता। उन्होंने कहा, सभी संबंधित पक्षों को शांत रहना चाहिए और परमाणु मुद्दे से निपटने में संयम बरतना चाहिए, वास्तव में उन्हें अपने और पूरी मानवता के भविष्य को देखते हुए मिलकर काम करना चाहिए।

# चीन ने ताईवान-अमेरिका के बीच जारी सहयोग के खिलाफ सैन्य संपर्क का कड़ा विरोध किया

एपी। ताइपे

**चीन** ने अमेरिका और ताईवान के बीच जारी सहयोग के खिलाफ बुधवार को आगाह किया और कहा कि वह अपने क्षेत्र (ताईवान) में किसी भी तरह के आधिकारिक या सैन्य संपर्क का कड़ा विरोध करेगा।

चीन की यह प्रतिक्रिया उन खबरों पर आई हैं, जिनमें कहा गया है कि अमेरिकी सेना ताईवानी सैनिकों को प्रशिक्षण देने में मदद करने के लिए अपने अधिकारियों को भेज रही है और रक्षा कंपनियों के प्रतिनिधि अगले हफ्ते स्वशासित द्वीप की यात्रा करेंगे। चीन के ताईवान मामलों से जुड़े कार्यालय की प्रवक्ता झु फेंगलियान ने बीजिंग में एक साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, चीन के ताईवान क्षेत्र के साथ अमेरिका के किसी भी तरह के आधिकारिक या सैन्य संपर्क का हम दृढ़ता से विरोध करेंगे।

उल्लेखनीय है कि ताईवान और चीन एक गृह युद्ध के बाद 1949 में अलग हो गए थे। ताईवान कभी भी चीन का हिस्सा नहीं रहा है लेकिन चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर इसे बलपूर्वक मुख्य भूमि में मिला लिया जाएगा।

चीन ने इस महीने की शुरूआत में ताईवान को डराने की कोशिश के तहत इसके आसपास लड़ाकू विमान उड़ाए और समुद्र में मिसाइलें दागी थीं। ताईवानी मीडिया ने हाल में एक खबर में कहा था कि अमेरिका ने ताईवानी सैनिकों के प्रशिक्षण में मदद करने के लिए 200 सैन्य कर्मी भेजे हैं। हालांकि, ताईवानी रक्षा मंत्रालय ने इस खबर से ना तो इनकार किया, और ना ही इसकी पुष्टि की। इस बीच, करीब 25 रक्षा कंपनियों के प्रतिनिधि अगले हफ्ते ताईवान की यात्रा करने वाले हैं। निक्की एशिया की खबर के अनुसार, हथियार निर्माता कंपनियां ताईवान में ड्रोन और गोलाबारूद के संयुक्त उत्पादन पर चर्चा करेंगी।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General public on behalf of our client Fullerton India Credit Company Limited. that Mrs. Maya Devi is the owner of Property bearing No. 24-A/2, Area measuring 217.50 Sq., Yds., out of Khasra No. 22, Situated in the old Lal Dora, abadi of Village Chaukhandi, New Delhi "the said property", by virtue of sale deed dated 10.02.2022, registration No.978, has lost/misplaced Original Agreement to sell and Original Will dated 08.02.1996, executed by Mr. Mukesh Kumar Vashisht in favour of Mr. Mahinder Kumar and Mr. Shiv Charan Vashisht. All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing documents. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
For Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi-15
E-mail: legal@knalegal.com, Ph: 011-41112527-28

## क्विक न्यूज

### ईरान में शिया धर्म गुरु की गोली मारकर हत्या

**तेहरान।** उत्तरी ईरान में एक शिया धर्मगुरु की बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकारी टीवी ने खबर दी है कि माज़न्दरान प्रांत के बाबुलसर में एक हमलावर ने अयातुल्ला अब्बास अली सुलेमानी की गोली मारकर हत्या कर दी। सरकारी टीवी के मुताबिक, पुलिस ने बाद में हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि घटना को अंजाम देने की उसकी मंशा के बारे में जानकारी नही दी गई है। सुलेमानी ने 88 सदस्य विशेषज्ञ सभा में सेवा दी है जो ईरान के सर्वोच्च नेता की नियुक्ति करती है। वह ईरान के अशांत सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांतों मे सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खमेनेई के निजी प्रतिनिधि भी रह चुके है।

### वरिष्ठ मधेसी नेता उपेंद्र यादव नेपाल के बारा-2 संसदीय सीट से प्रतिनिधि सभा के सदस्य चुने गए

**काठमांडू।** वरिष्ठ मधेसी नेता एवं नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री उपेंद्र यादव बारा-2 संसदीय सीट से प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए है। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को यह जानकारी दी। नेपाल के तीन निर्वाचन क्षेत्रों--तनहुं-1, चितवन-2 तथा बारा-2--मे रविवार को उपचुनाव कराए गए थे। जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष यादव सत्तारूढ़ गठबंधन से एकमात्र व्यक्ति है जिन्होने उपचुनाव मे जीत हासिल की है। मंगलवार देर रात को घोषित अंतिम मतगणना परिणाम के अनुसार, वरिष्ठ मधेसी नेता को 28,415 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिव चंद्र कुशवाहा (जनमत पार्टी) को 23,334 वोट मिले। बारा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मंगलवार देर रात यादव को जीत का प्रमाणपत्र सौंपा। वही, सत्तारूढ़ गठबंधन को बड़ा झटका देते हुए दो अन्य सीटो--तनहुं-1 और चितवन-2 --निर्वाचन क्षेत्रों मे आरएसपी ने जीत दर्ज की। पूर्व टीवी पत्रकार एवं आरएसपी के अध्यक्ष रवि लमिछाने और प्रमुख अर्थशास्त्री स्वर्णिम वागले ने क्रमशः चितवन-2 और तनहुं-1 सीट पर जीत हासिल की।

### नाटो की तरह ही यूरोपीय संघ का तेजी से सैन्ईकरण हो रहा : रूस के विदेश मंत्री लावरोव

**संयुक्त राष्ट्र।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने आगाह किया है कि नाटो की तरह ही यूरोपीय संघ का तेजी से सैन्ईकरण हो रहा है और वह रूस को रोकने के अपने लक्ष्य को लेकर आक्रमक है। उन्होंने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हे इसमे कोई संदेह नही है कि अब यूरोपीय संघ, नाटो की तरह हो गया है। अब दोनो मे बहुत कम अंतर रह गया है। लावरोव ने कहा कि उन्होने (यूरोपीय संघ और नाटो ने) हाल ही मे एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए है, जिसके तहत 31-सदस्ईय नाटो सैन्य गठबंधन, 27-सदस्ईय यूरोपीय संघ के राजनीतिक और आर्थिक संगठन की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। रूस के विदेश मंत्री, 19 जनवरी को यूरोपीय संघ और नाटो के बीच हुई रणनीतिक साझेदारी का उल्लेख कर रहे थे। इस साझेदारी मे यूरोपीय संघ और नाटो दोनों ने पिछले साल 24 फरवरी को रूस द्वारा यूक्रेन पर किए गए आक्रमण को यूरोपीय-अटलांटिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया था।

### अमेरिकी प्रत्यर्पण वारंट पर ब्रिटेन में गिरफ्तार भारतीय को ज़मानत से इनकार

**लंदन।** अमेरिका के प्रत्यर्पण वारंट पर लंदन मे स्कॉटलैड यार्ड द्वारा गिरफ्तार किए गए एक भारतीय नागरिक को यहां की एक अदालत ने ज़मानत देने से इनकार कर दिया। उसे आतंकवाद के वित्तपोषण को निशाना बनाने वाली ब्रिटेन-अमेरिकी समन्वय कार्वाई के तहत गिरफ्तार किया गया था। तमिलनाडु के मदुरै में पैदा हुआ 65 वर्षीय सुंदर नागराजन मंगलवार को वीडियो लिंक के जरिए वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत मे पेश हुआ। उसके वकीलों ने कहा कि उसने अपने खिलाफ लगाए गए धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपो का खंडन किया है। जिला न्यायाधीश ब्रियोनी क्लार्क को यह भी बताया गया कि नागराजन हिंदू पृष्ठभूमि से है और वह इस्लामी आतंकवाद का समर्थन नही करता है। न्यायाधीश ने उसे ज़मानत देने से इनकार कर दिया और उसे हिरासत मे भेज दिया तथा उसे 23 मई को वीडियो लिंक के जरिए अदालत मे पेश होने को कहा। मेट्रोपोलिटन पुलिस की राष्ट्रीय प्रत्यर्पण ईकाई ने नागराजन को 18 अप्रैल को पश्चिमी लंदन के एक घर से गिरफ्तार किया था। अदालत को बताया गया कि हथियारों से लैस पुलिस अधिकारी उसे गिरफ्तार करने के लिए उसके घर में घुस गए तथा उसके सामान को जब्त कर लिया।

### ब्रिटेन के निवेश मंत्री द्विपक्षीय निवेश साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत दौरे पर

**लंदन।** प्रौद्योगिकी और जीवन विज्ञान के क्षेत्र मे द्विपक्षीय निवेश साझेदारी को मजबूत करने और व्यापार वार्ता को गति देने के उद्देश्य से ब्रिटेन के निवेश मंत्री लॉर्ड डोमिनिक जॉनसन बुधवार को भारत दौरे के लिए रवाना हुए। डिपार्टमेंट फॉर बिजनेस एंड ट्रेड (डीबीटी) ने बताया कि बेंगलुरू के बाद निवेश मंत्री, इंफोसिस और जेनसर सहित प्रमुख भारतीय कारोबारी और निवेशको से मिलने के लिए पुणे जाएंगे, ताकि ब्रिटेन में निवेशको की दिलचस्पी बढ़ाई जा सके। जॉनसन की यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर काम कर रहे अधिकारियो के बीच इस सप्ताह 9वें दौर की वार्ता हो रही है। पिछले साल अक्टूबर में मुंबई और नई दिल्ली का दौरा करने वाले जॉनसन ने कहा, भारत में फिर से आना और पुणे और बेंगलुरु शहरों का दौरा करना शानदार है। पिछले साल उन्होने अपोलो हॉस्पिटल्स, प्रॉडिप्ट और वॉकहार्ट सहित निवेशको और कारोबारियो से मुलाकात की थी। जॉनसन ने कहा, जीवन विज्ञान से एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) तक, अब ब्रिटेन में निवेश करने का समय है क्योंकि हम यूरोप में निर्विवाद रूप से निवेशको की पहली पसंद बनने के लिए दृढ़ है।

# जेल में बंद क्रेमलिन विरोधी नवलनी ने कहा : उम्रकैद हो सकती है

एपी। मास्को

**रूस** के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी ने कहा है कि वह चरमपंथ और आतंकवाद के नए आरोपों से जूझ रहे है जिसमें उन्हें उम्रकैद हो सकती है क्योंकि प्रशासन ने उनके खिलाफ नई सुनवाई की तैयारी कर ली है।

नवलनी ने सुनवाई के दौरान जेल से वीडियो लिंक से कहा कि चरपपंथ के आरोप उन्हें 30 सालों के लिए जेल में पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक जांचकर्ता ने उन्हें बताया है कि उन्हें आतंकवाद के आरोपों पर अलग से सैन्य अदालत की सुनवाई का सामना करना पड़ेगा और उन्हें उम्रकैद हो सकती है।

उनके शीर्ष सहयोगी ने कहा कि जांचकर्ता नवलनी के विरूद्ध आतंकवाद के आरोपों को एक बम हमले से जोड़ने का प्रयत्न कर रहे हैं। इस माह के प्रारंभ में इस बम हमले में एक जाना-माना रूसी सैन्य ब्लॉगर मारा गया था।

सरकारी भ्रष्टाचार उजागर कर चुके तथा क्रेमलिन विरोधी विशाल प्रदर्शन कर चुके नवलनी (46) को जर्मनी से यहां लौटने पर जनवरी 2021 में गिरफ्तार कर लिया गया था। उन्हें एक प्रकार का जहर दिया गया था और उसी के उपचार के सिलसिले में वह जर्मनी मे थे। आरोप है कि जहर देने के पीछे क्रेमलिन का हाथ था।

शुरू में नवलनी को पेरौल का उल्लंघन करने को लेकर ढाई साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। पिछले साल उन्हें जालसाजी एवं अदालत की अवमानना को लेकर नौ साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। वह फिलहाल मास्को के पूर्व में करीब 250 किलोमीटर दूर एक कड़ी सुरक्षा वाले कारागार में हैं।

# पोप ने बिशप की आगामी बैठक में महिलाओं को मताधिकार दिया

एपी। वेटिकन सिटी

**पोप** फ्रांसिस ने बिशप की एक आगामी बैठक में महिलाओं को मताधिकार देने का फैसला किया है, जो उन्हें निर्णय लेने की व्यापक जिम्मेदारियां प्रदान करने और कैथोलिक गिरजाघर के प्रबंधन में आम जन की भागीदारी बढ़ाए जाने को प्रदर्शित करता है।

फ्रांसिस ने वेटिकन संस्था सायनोड ऑफ बिशप के संचालन से जुड़े नियमों में बदलावों को मंजूरी दी है। इसकी समय-समय पर होने वाली बैठकों में विश्व भर से बिशप जुटते हैं।

वेटिकन ने उनके द्वारा मंजूरी प्रदान किए गए संशोधनों को बुधवार को प्रकाशित किया, जो गिरजाघरों के प्रबंधन में महिलाओं को व्यापक भूमिका दिए जाने को प्रदर्शित करता है। दशकों से, महिलाएं सायनोड में



मताधिकार दिए जाने की मांग करती आ रही थीं। इसकी अगली बैठक अक्टूबर में होने का कार्यक्रम है।

अब तक, सिर्फ पुरुष ही इसमें मतदान कर सकते थे। लेकिन नए बदलावों के तहत, पांच धार्मिक सिस्टर धार्मिक आदेशों के लिए मतदान प्रतिधनिधि के तौर पर पांच पादरियों के साथ यह जिम्मेदारी निभाएंगी। इसके अलावा, फ्रांसिस ने सायनोड के 70 गैर-बिशप सदस्यों को नियुक्त करने का भी फैसला किया है और कहा कि उनमें से आधी महिलाएं होंगी। उनके पास भी मताधिकार होगा।

शुद्धिपत्र
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर –23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005
सरफासी ऐक्ट के तहत ऋण खाता सं. एलबीडीईएल00003111981, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम टी धीर/हेमा के संबंध में सूचनाएं मांग सूचना दिनांकित 30 सितम्बर, 2022 जो समाचार पत्र पायनियर (हिन्दी) में प्रकाशित हुई थी। हम यह वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना किसी इरादे के, उक्त सूचनाओं में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा उपरिवर्णित सूचना में एलएएन नंबर एलबीडीईएल00003111981 के स्थान पर एलबीडीईएल00004132346 वर्णित किया गया है।
हम अतएव, आपसे कृपया सम्पत्ति पता एलबीडीईएल00003111981 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।
दिनांकित : 27–04–2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

शुद्धिपत्र
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005
ऋण खाता संख्या एलबीजीयूआर00004931127 कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम लता/दीपक चौधरी के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं, सांकेतिक कब्जा सूचना दिनांकित 11 जनवरी, 2022 तथा भौतिक कब्जा सूचना दिनांकित 28 मार्च, 2023 दि पायनियर (अंग्रेजी) एवं दि पायनियर (हिन्दी) में प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा सम्पत्ति सं. 1/6426 प्लॉट नंबर 18, प्रथम एवं द्वितीय तल, रोहतास नगर, शाहदरा, दिल्ली के स्थान पर प्लॉट नंबर 1/6426 प्लॉट नंबर 18, प्रथम एवं द्वितीय तल, रोहतास नगर, शाहदरा, दिल्ली वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको सम्पत्ति सं. 1/6426 प्लॉट नंबर 18, प्रथम एवं द्वितीय तल, रोहतास नगर, शाहदरा, दिल्ली के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।
दिनांकित : 27–04–2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# जापानी कंपनी का अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरने की कोशिश में दुर्घटनाग्रस्त

एपी। तोक्यो

**जापान** की एक कंपनी का अंतरिक्ष यान बुधवार को चंद्रमा पर उतरने की कोशिश के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



हादसे के कारण यान से संपर्क टूट गया और उड़ान नियंत्रक यह पता लगाने की कोशिशों में जुटे हैं कि आखिर वहां हुआ क्या। संपर्क टूटने के छह घंटे से अधिक समय बाद तोक्यों की कंपनी आईस्पेस ने उस बात की पुष्टि की, जिसका सभी को संदेह था। कंपनी ने कहा कि ऐसी उच्च संभावना है कि यान चंद्रमा की सतह पर उतरने की कोशिश करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

यह आईस्पेस के लिए बेहद निराशाजनक है, क्योंकि वह करीब साढ़े चार महीने से इस मिशन पर काम कर रहा था, जिसका मकसद चंद्रमा की सतह पर एक अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक उतारना था। ऐसा अभी तक केवल तीन देश ही कर पाए हैं। आईस्पेस के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ताकेशी हकमादा को यान से संपर्क टूट जाने के बाद भी उसके चंद्रमा पर सुरक्षित रूप से उतर जाने की उम्मीद थी। हकमादा जब अंतरिक्ष यान के चंद्रमा पर उतरने की कोशिश के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने की घोषणा कर रहे थे, तब वह और उनके सहकर्मी काफी गमगीन नजर आए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, यह माना जा रहा है कि यान चंद्रमा की सतह पर उतरे समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अगर यह मिशन सफल होता तो आइस्पेस चंद्रमा की सतह पर अंतरिक्ष यान उतारने वाली पहली निजी कंपनी बन जाती। हालांकि, हकमादा ने फिर कोशिश करने का संकल्प किया और कहा कि अगले साल एक यान को चंद्रमा की सतह पर भेजने की दिशा में पहले से ही काम शुरू कर दिया गया है। अभी तक केवल रूस, अमेरिका और चीन की आधिकारिक अंतरिक्ष एजेंसी के यान चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतर पाए हैं। इज़राइल की एक गैर-लाभकारी संस्था ने 2019 में चंद्रमा की सतह पर एक यान उतारने की कोशिश की थी, लेकिन उसे कामयाबी नहीं मिल पाई थी।

ICICI Bank
आंचलिक कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एनबीसीसी प्लेस, भीष्म पितामह मार्ग, प्रगति विहार, नई दिल्ली–110 003
पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाड्रा रोड, वडोदरा–390 007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू), मुंबई–400 051
सार्वजनिक सूचना–प्रतिभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–नीलामी
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("सरफासी ऐक्ट") के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ("नियमावली")के नियम 8(6) तथा नियम 9(1) के परंतुक के तहत अचल आस्ति की बिक्री
जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ("नियमावली") के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत एक सांविधिक मांग सूचना दिनांकित 13 दिसम्बर, 2021 को जारी की थी, जिसमें मैसर्स सेलूजन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, श्री फिरदोश रोहिन्टन महुवावाला ("कर्जदार/प्रतिभूति प्रदाता/व्यक्तिगत गारंटर") (इसमें आगे "सूचना–प्रेषिती" कहे गए हैं) से मैसर्स सेलूजन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड को स्वीकृत सुविधा के तहत 29 नवम्बर, 2021 तक बकाया रू. 2,10,39,140.39 (रुपए दो करोड़ दस लाख उन्तालीस हजार एक सौ चालीस तथा पैसे उन्तालीस मात्र) की राशि, भुगतान की तिथि तक, आगे ब्याज, चूक/दण्ड ब्याज और अन्य प्रभारों के साथ ("बकाया राशि") उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। कि सूचना प्रेषिती (सूचना प्रेषितीगण) उक्त मांग सूचना का पालन करने में असफल रहे हैं तथा उसकी उपेक्षा की है।
श्री फिरदोश रोहिन्टन महुवावाला द्वारा प्रतिभूत आस्ति (नीचे वर्णित अनुसार) आईसीआईसीआई बैंक द्वारा कर्जदार को मंजूर की गई सुविधा की प्रतिभूति के रूप में बंधक रखी गई है और जबकि, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के साथ पठित नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी ने नीचे वर्णित सम्पत्ति ("प्रतिभूत आस्ति") का कब्जा 16 नवम्बर, 2022 को प्राप्त कर लिया है।
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आईसीआईसीआई बैंक सरफासी ऐक्ट और नियमावली के प्रावधानों के तहत प्रतिभूति आस्ति (नीचे अनुसूची में वर्णितानुसार) की बिक्री "जैसी है जहां है आधार" "जो है जैसी है आधार" "जो भी है वहां है आधार" तथा "कोई आश्रय नहीं आधार" पर करने के लिए ऑफर्स आमंत्रित कर रहा है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

| प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रु. में) | धरोहर राशि जमा ("ईएमडी") (रु. में) | बोली वृद्धि मूल्य (रु. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि और समय | बयाना राशि जमा करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मौजे जेटलपुर के आर.एस. नंबर 83, 84, 85, 142 तथा 143 की भूमि में अवस्थित "बेनीसन कॉम्प्लेक्स" नामक स्कीम में अवस्थित कॉमर्शियल सम्पत्ति 405–बी, चतुर्थ तल, उक्त भूमि पर हरिभक्ति कालोनी संगठित है और उक्त राजस्व सर्वे में से आर.एस. नंबर 83 ए को द्विभाजित किया गया है, जो टीपी स्कीम नंबर 14, एफपी नंबर 7 टेन्योर–सी, सिटी सर्वे नंबर 1864, वडोदरा, गुजारत–390 007 में है, इसका निर्मित क्षेत्रफल परिमाप 1240 वर्ग फीट है और कार्पेट एरिया 1177 वर्ग फीट है, जो श्री फिरदोश रोहिन्टन महुवावाला के नाम है। | 90,00,000.00/– | 9,00,000.00/– | 1,00,000.00/– | 15 मई, 2023 (अप. 01.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक) पूर्व सूचना के साथ | 22 मई, 2023 अप. 04.00 बजे तक | 24 मई, 2023 (पूर्वा. 11.00 बजे से मध्या. 12.00 बजे तक) |

नियम और शर्तें
(1) ऑनलाइन नीलामी मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से ऑक्शन एजेन्सी की वेबसाइट नामतः https://icicibank.auctiontiger.net पर होगी तथा यह नीलामी https://icicibank.auctiontiger.net पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज में दिए गए नियम एवं शर्तों के तहत की जाएगी।
(2) निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में आगे और किसी स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी श्री करण कक्कड़ से +91–70427–92970 पर सम्पर्क करें अथवा karan.kakkar@icicibank.com पर लिखें।
(3) सूचना प्रेषिती(प्रेषितियों) को 02 अप्रैल, 2023 तक कुल बकाया राशि रु. 2,42,53,081.40 (रु. दो करोड़ बयालीस लाख तिरेपन हजार इक्यासी तथा पैसे चालीस मात्र) का भुगतान, उस पर आगे संविदात्मक दर पर ब्याज एवं अन्य प्रभारों सहित करने का अंतिम अवसर दिया जाता है। सूचना प्रेषिती(प्रेषितियों) द्वारा प्रतिभूत आस्ति छुड़ाने के लिए उक्त बकाया राशि 23 मई, 2023 को अथवा पूर्व चुकाई जानी अपेक्षित हैं, जिसमें असफल रहने पर प्रतिभूत आस्ति उपरिवर्णित कार्यक्रम के अनुसार बेच दी जाएगी।
(4) सूचना प्रेषिती(प्रेषितियों) को विशेष रूप से और सर्व साधारण को सरफासी ऐक्ट की धारा 13 (13) के निबंधनों में प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में किसी भी रूप में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई भी संव्यहार प्रतिभूत आस्ति पर आईसीआईसीआई बैंक की बकाया राशियों और उन पर, सूचना प्रेषिती (प्रेषितियों) द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को भुगतान/वसूली तक, संविदात्मक दरों पर ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, नकदीकृत क्षतियों तथा अन्य प्रभारों के अधीन होगा।
(5) प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताए कोई भी बोली स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा ई–नीलामी स्थगित/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार और विवेकाधिकार है।
(6) बिक्री सूचना के अंग्रेजी और स्थानीय भाषा के समाचारपत्र में प्रकाशन के बीच किसी विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी समाचारपत्र स्थानीय भाषा समाचारपत्र पर आविर्भावी होगा तथा यह अंतिम प्रति मानी जाएगी और इस प्रकार अस्पष्टता दूर की जाएगी।
नियमावली के नियम 9(1) के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का कानूनी नोटिस
सूचना प्रेषिती(प्रेषितियों) को एतद्द्वारा एकबार पुनः अधिसूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों सहित, ई–नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी तथा शेष बकाया राशि, यदि कोई होगी, ब्याज एवं लागत सहित वसूल की जाएगी। यदि किसी भी कारण से नीलामी असफल रहती है, आईसीआईसीआई बैंक सरफासी ऐक्ट और इसके नियमों के तहत आदेशितानुसार सूचना प्रेषिती(प्रेषितियों) को आगे कोई सूचना दिए बिना सरफासी ऐक्ट और तदधीन नियमावली में दी गई व्यवस्था के अनुसार बंधक सम्पत्ति की बिक्री गुप्त समझौते (प्राइवेट ट्रीटी) अथवा किसी अन्य उपाय द्वारा करने के लिए स्वतंत्र होगा।
हस्ता./–
तिथि : 27 अप्रैल, 2023
स्थान : दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# न्यायालय कानून के मौलिक ढांचे को न तो बदल सकता है, न नए सिरे से लिख सकता है : केंद्र

**नई दिल्ली ( भाषा )।** केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि अदालत न तो कानूनी प्रावधानों को नए सिरे से लिख सकती है, न ही किसी कानून के मूल ढांचे को बदल सकती है, जैसा कि इसके निर्माण के समय कल्पना की गई थी। केंद्र ने न्यायालय से अनुरोध किया कि वह समलैंगिक विवाहों को कानूनी मंजूरी देने संबंधी याचिकाओं में उठाए गए प्रश्नों को संसद के लिए छोड़ने पर विचार करे। केंद्र ने कहा कि शीर्ष अदालत बहुत ही जटिल विषय से निपट रही है, जिसका गहरा सामाजिक प्रभाव होगा और इसके लिए विभिन्न कानूनों के 160 प्रावधानों पर विचार करने की आवश्यकता होगी। केंद्र की दलील तब आई जब अदालत समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसने जोर देकर कहा कि विधायिका अकेले याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों से निपट सकती है।

केंद्र की ओर से न्यायालय में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ से कहा कि इन प्रावधानों पर फिर से विचार करना संसद के लिए भी एक जटिल कार्य होगा और न्यायपालिका ऐसा करने के लिए बिल्कुल भी तैयार और सशक्त नहीं है। मेहता ने कहा, मूल प्रश्न यह है कि इस बारे में फैसला कौन करेगा कि विवाह क्या है और यह किनके बीच है। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति एस. के. कौल, न्यायमूर्ति एस.आर. भट, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा शामिल हैं। केंद्र ने कहा कि कई अन्य विधानों पर भी इसका अनपेक्षित प्रभाव पड़ेगा, जिस पर समाज में और विभिन्न राज्य विधानमंडलों में चर्चा करने की जरूरत पड़ेगी। अपनी दलीलें पेश करते हुए, मेहता ने भारत और विदेशों में विभिन्न अदालतों द्वारा दिए गए कई निर्णयों का उल्लेख किया और कहा कि विधायिका की शक्ति का इस्तेमाल न्यायपालिका नहीं कर सकती है। मेहता ने कहा कि विवाह दो व्यक्तियों का व्यक्तिगत मामला है, इसके बावजूद, उम्र और तलाक के आधार जैसे विभिन्न तौर-तरीकों को तय करने के लिए विधायिकाएं हस्तक्षेप करती हैं।

## न्यायालय ने पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील क्षेत्र पर 2022 के अपने आदेश में संशोधन किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2022 के अपने उस आदेश में बुधवार को संशोधन किया, जिसमें निर्देश दिया गया था कि राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों जैसे प्रत्एक संरक्षित के एक किलोमीटर के दायरे में पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील क्षेत्र (ईएसजेड) जरूर होना चाहिए। न्यायालय केंद्र द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें दलील दी गई थी कि यदि निर्देशों में संशोधन नहीं किया गया तो पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों को काफी परेशानी होगी। सरकार ने दलील दी कि उसने नौ फरवरी, 2011 को राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभ्यारण्यों के चारों ओर के क्षेत्र को ईएसजेड घोषित करने के लिए पहले ही दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं और ए दिशानिर्देश राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से परामर्श करने के बाद तैयार किए गए थे।

## ईडी ने धनशोधन के आरोप मे टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल की बेटी सुकन्या को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अनुब्रत मंडल की बेटी सुकन्या मंडल को पशु तस्करी के एक मामले से जुड़े धन शोधन के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित मवेशी तस्करी मामले में इससे पहले अनुब्रत मंडल को गिरफ्तार किया था। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका सुकन्या मंडल से ईडी ने पहले कुछ मौकों पर पूछताछ की थी। टीएमसी की बीरभूम जिला इकाई के अध्यक्ष अनुब्रत मंडल को सीबीआई ने पशु तस्करी में कथित संलिप्तता के मामले में पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया था। सीबीआई की ओर से इस मामले में दाखिल किए गए आरोपपत्र में अनुब्रत मंडल का नाम भी है।




नागपुर में एनसीपी नेता अजित पवार के समर्थकों ने उनके महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री बनने वाले लगाए पोस्टर

## गुजरातियों को ठग कहने के मामले में तेजस्वी यादव के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला

**अहमदाबाद।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा कथित तौर पर गुजरातियों को लेकर की गई एक टिप्पणी पर बुधवार को यहां की एक अदालत में आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कराई गई है। तेजस्वी ने कहा था कि मौजूदा समय में केवल गुजराती ठग हो सकते हैं। अपर मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट डी.जे. परमार की अदालत में सामाजिक कार्यकर्ता और कारोबारी हरेश मेहता (63) ने भारतीय दंड संहिता की धारा-499 और 500 (आपराधिक मानहानि से जुड़ी) के तहत राजद नेता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मेहता के वकील पी.आर.पटेल ने कहा, हमने सबूत के तौर पर बयान की पेनड्राइव जमा की है और यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अदालत ने शिकायत स्वीकार कर ली है और एक मई को इसे सत्यापित करेगी। मेहता ने यह शिकायत 21 मार्च को 33 वर्षीय यादव द्वारा दिए गए बयान के आधार पर दर्ज कराई है।

# कांग्रेस ने सत्ता के लिए मजहब का इस्तेमाल किया: राजनाथ सिंह

**बेलगावी ( कर्नाटक )।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि उसने सत्ता में आने के लिए मजहब का इस्तेमाल किया। सिंह ने विपक्षी पार्टी को कर्नाटक की सत्ता में रहने के दौरान धार्मिक आधार पर चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करने के लिए भी आड़े हाथ लिया। यह केवल मुस्लिमों के तुष्टिकरण के लिए किया गया था। बेलगावी जिले के कागवाड़ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, भारत के इतिहास में अगर कोई पार्टी है जिसने सत्ता में आने के लिए धर्म या कहें कि मजहब का सहारा लिया है तो वह कांग्रेस है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक विधानसभा के लिए 10 मई को मतदान होगा जबकि मतगणना 13 मई को कराई जाएगी।

रक्षामंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हिंदू, मुस्लिम और ईसाई की राजनीति करती है। इस तरह की राजनीति कभी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुस्लिमों के तुष्टिकरण के लिए राज्य में धर्म के आधार पर चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई। सिंह ने कहा, अगर आर्थिक रूप से कमजोर मुस्लिमों और ईसाईयों को आरक्षण दिया जाता है तो हम उसका स्वागत करेंगे, लेकिन भारतीय संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने से महज कुछ दिन पहले ही राज्य की भाजपा सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग की 2बी श्रेणी के तहत मुस्लिमों के लिए की गई चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था समाप्त कर दी थी।

बाद में सरकार ने इस चार प्रतिशत आरक्षण को दो हिस्सों में बांट कर राज्य के दो सबसे प्रभावशाली समुदायों को दे दिया था। सरकार ने वोक्कालिगा के आरक्षण में 2सी श्रेणी के तहत दो प्रतिशत की वृद्धि की है जबकि लिंगायत को 2डी श्रेणी के तहत दो प्रतिशत और आरक्षण देने का फैसला किया था। इसके बाद मुस्लिमों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) में रखा गया था। सरकार के इस फैसले के खिलाफ कई मुस्लिम संगठनों ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। न्यायालय ने कर्नाटक सरकार को आरक्षण समाप्त करने के फैसले को नौ मई तक लागू नहीं करने का निर्देश दिया है।उस दिन शीर्ष अदालत मामले में सुनवाई करेगी। सिंह ने कहा, आप (कांग्रेस) क्या कर रहे हैं? आप देश को जाति, संप्रदाय और धर्म के आधार पर बांटना चाहते हैं?जहां तक भाजपा का सवाल है तो हम सच बोलते हैं और उसी के अनुरूप काम करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस भारतीय संविधान की भावना के विपरीत काम कर रही है। सिंह ने कहा कि राजनीति का मतलब केवल सरकार बनाना नहीं है बल्कि समाज और राष्ट्र का निर्माण करना है।



रक्षामंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस संविधान की अवमानना कर रही है जैसा उसने वर्ष 1975 में संविधान संशोधन कर किया था और देश में आपातकाल लगाकर लाखों लोगों को कारागार में डाल दिया था। उन्होंने दावा किया कि भाजपा कभी ऐसा पाप नहीं करेगी, भले सत्ता में आए या नहीं। सिंह ने दावा किया कि उनकी पार्टी ने कभी सरकार बनाने की राजनीति नहीं की बल्कि देश और समाज निर्माण के लिए राजनीति की। उन्होंने कहा, हम देश की भावना के खिलाफ काम नहीं कर सकते। यह हमारी सोच है।

सिंह ने कहा, भाजपा के चरित्र के बारे में कुछ भी छिपाने को नहीं है और पूरी दुनिया इस बारे में जानती है। उन्होंने दावा किया, भाजपा कभी जाति, नस्ल या धर्म के आधार पर भेदभाव में विश्वास नहीं करती। भाजपा इंसाफ और इंसानियत में विश्वास करती है। रक्षामंत्री ने कहा कि भाजपा 12वीं सदी के कर्नाटक के समाज सुधारक बसावेश्वर के सिद्धांतों का अनुपालन करती है।उन्होंने कहा, भाजपा बसावेश्वर के सिद्धांतों का अनुपालन करते हुए भारत में अपनी भूमिका निभा रही है। सिंह ने लोगों से 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा को दो तिहाई बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा, एकमात्र पार्टी है जो भ्रष्टाचार को खत्म कर सकती है, गरीबी का उन्मूलन कर सकती है और बेरोजगारी खत्म कर सकती है और वह पार्टी भाजपा है।

देश में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि भारत में पहले 74 हवाई अड्डे थे जो नरेंद्र मोदी के महज नौ साल के शासन में बढ़कर 140 हो गए हैं। तुमकुरू में हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की हेलीकॉप्टर निर्माण इकाई से मेक इन इंडिया हेलीकॉप्टर का निर्माण होगा। सिंह ने दावा किया कि केंद्र जिस तरह से मुफ्त कोविड-19 से बचाव का टीका मुहैया करा महामारी की स्थिति से निपटा, ऐसा किसी अन्य देश ने नहीं किया है। उन्होंने दावा किया, दुनिया में ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां पर भारत जैसा मुफ्त राशन दिया गया और अब भी 80 करोड़ लोगों को यह दिया जा रहा है। यह केवल भाजपा सरकार की वजह से संभव हो सका।

# हमारे परिवार के लिए संघर्ष का समय : प्रियंका वाद्रा

**चिकमगलुरू।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को चिकमगलुरू जिले के लोगों के साथ भावनात्मक संबंध जोड़ने का प्रयास करते हुए कहा कि यह अब परिवार के लिए संघर्ष का समय है, ठीक उसी तरह जैसे उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था जब वह करीब 45 साल पहले यहां आईं थीं। अपने भाई और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने की ओर इशारा करते हुए उन्होंने इसे झूठा मामला बताया जैसा इंदिरा गांधी के साथ हुआ था। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान और लोगों के आशीर्वाद से कांग्रेस उम्मीदवार विजई होंगे क्योंकि वे सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं।

श्रृंगेरी में एक मंदिर में दर्शन करने के बाद प्रियंका ने कहा, मैं शारदा देवी की पूजा करके आ रही हूं। वहां मैं शंकराचार्य से मिली। उन्होंने मुझसे पूछा कि इंदिरा गांधी ने यहां से चुनाव लड़ा था या नहीं? मैंने कहा कि हां वह चिकमगलुरू से चुनाव लड़ी थीं। उन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया। मैंने अपने भाई के लिए आशीर्वाद मांगा, उन्होंने आशीर्वाद दिया। कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जिले के बालेहोनूर में कांग्रेस द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, उन्होंने (शंकराचार्य ने) मुझे बताया कि मेरे पिता (दिवंगत राजीव गांधी) भी यहां आए थे, इंदिरा जी भी यहां आई थीं और जब इंदिरा जी यहां आई थीं तब वह उनके लिए संघर्ष का समय था। उन्होंने कहा, 1978 में जब इंदिरा जी यहां आई थीं तो उनके लिए संघर्ष का समय था और आज भी मेरे परिवार के लिए संघर्ष का समय है। उस समय भी आज की तरह बारिश हो रही थी। हम मानते हैं कि यह बारिश भगवान का आशीर्वाद है। बारिश शुभ संकेत है। इसलिए, यह मेरे लिए एक भावनात्मक क्षण है, कि मैं आपके सामने उसी मंच पर, उसी मैदान में और उसी तरह के मौसम में खड़ी हूं।

उल्लेखनीय है कि 1975 से 1977 तक आपातकाल की अवधि के बाद उत्तर प्रदेश में रायबरेली क्षेत्र से जनता पार्टी के राजनारायण से चुनाव हारने के एक साल बाद इंदिरा गांधी ने 1978 में चिकमगलुरू संसदीय क्षेत्र से लोकसभा उपचुनाव लड़ने का फैसला किया था। तब उनके प्रति निष्ठावान माने जाने वाले डीबी चंद्रे गौड़ा (जो बाद में भाजपा में शामिल हो गए) ने उनके लिए सीट खाली की थी और इंदिरा ने कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री और तब जनता पार्टी के उम्मीदवार वीरेंद्र पाटिल को 77,000 से अधिक मतों के अंतर से हराया था।



वह अपने परिवार की तीन पीढ़ियों की ओर से लोगों को दिल से धन्यवाद देती हैं। प्रियंका ने कहा कि जब इंदिरा जी अपने संघर्ष के सबसे कठिन समय का सामना कर रही थीं, चिकमगलुरू के लोग उनके साथ खड़े थे और उनका साथ नहीं छोड़ा। प्रियंका ने कहा, इंदिरा जी के खिलाफ भी एक मामला दर्ज करके उन्हें संसद से निकाला गया था। आप लोग उन्हें संसद में वापस लाए और यह विश्वास दिया था कि जनता साथ है। आज उनके पोते राहुल गांधी को उसी तरह से फर्जी मामला दर्ज कर संसद की सदस्यता से अयोग्य करार कराया गया है। राहुल गांधी और हमारे पूरे परिवार को विश्वास है कि जनता हमारे साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा, भगवान का आशीर्वाद, शिव जी का आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ रहेगा, क्योंकि हम सत्य की लड़ाई लड़ रहे हैं। कर्नाटक का यह चुनाव सच की लड़ाई भी है। राहुल गांधी को 23 मार्च को गुजरात के सूरत की एक अदालत ने 2019 के एक आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी करार दिया था।

## भविष्य में भाजपा विरोधी गठबंधन नही होने की स्थिति मे कांग्रेस की योजना तैयार: पटोले

**नागपुर।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विरोधी गठबंधन नहीं होने की स्थिति में अपनी योजना तैयार कर ली है। यह खुलासा पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के भविष्य को लेकर लगाए जा रहे कयासों के बीच किया। पटोले ने यह जानकारी एक सवाल के जवाब में दी। उनसे पूछा गया था कि मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में क्या एमवीए के तीनों घटक.... शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस एक साथ बने रहेंगे? कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मराठी समाचार चैनल टीवी-9 से बातचीत में कहा, हम उन सभी को एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं जो भाजपा के खिलाफ हैं, फिर चाहे वह राकांपा हो या शिवसेना(यूबीटी)। गठबंधन नहीं होने की स्थिति में पार्टी की रणनीति के बारे में पूछा गया तो पटोले ने कहा, हमारे (कांग्रेस के) पास योजना तैयार है। एमवीए की एकता को लेकर उस समय कयास लगने शुरू हो गए थे जब राकांपा प्रमुख शरद पवार ने वर्ष 2024 के चुनाव से पहले तीनों दलों की एकता पर आशंका जताई थी।

जब पटोले से पूछा गया कि एमवीए के किस घटक को महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री बनाने का मौका मिलेगा तो उन्होंने कहा कि इस तरह की चर्चा करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, फिलहाल इस पर चर्चा करने की जरूरत नहीं है क्योंकि अभी चुनाव नहीं हो रहे हैं लेकिन कांग्रेस रोज लोगों के मुद्दों को लेकर लड़ रही है। राकांपा नेता अजित पवार के मुख्यमंत्री पद के लिए स्वीकार्य होने के सवाल पर पटोले ने कहा, यह बहुत आसान है, जिस दल के सबसे अधिक विधायक होंगे, मुख्यमंत्री उसी का होगा। गौरतलब है कि रविवार को जब शरद पवार से पूछा गया था कि क्या एमवीए अगला लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ेगा तो उन्होंने कहा था, एक साथ काम करने की इच्छा है लेकिन हमेशा इच्छा ही पर्याप्त नहीं होती।

## उच्च न्यायालय की न्यायाधीश ने राहुल की अपील पर सुनवाई से खुद को अलग किया

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय की एक न्यायाधीश ने मोदी उपनाम को लेकर आपराधिक मानहानि के एक मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अपील पर सुनवाई से बुधवार को खुद को अलग कर लिया। गांधी ने दोषसिद्धि पर रोक नहीं लगाने के सत्र अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। गांधी की ओर से पेश वकील पी. एस. चम्पानेरी ने न्यायमूर्ति गीता गोपी के समक्ष मामले में विशेष उल्लेख किया और इसकी त्वरित सुनवाई का अनुरोध किया। अदालत ने, हालांकि संक्षिप्त सुनवाई के बाद कहा, मेरे समक्ष (उल्लेख) न करें। चम्पानेरी ने कहा कि अदालत ने बुधवार को इस मामले के उल्लेख की अनुमति उन्हें दी थी, लेकिन जब इसकी सुनवाई शुरू हुई तो न्यायमूर्ति गोपी ने सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। अब इस संबंध में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के समक्ष एक अनुरोध रखा जाएगा ताकि मामले की सुनवाई के लिए कोई अन्य पीठ का गठन किया जाए। चम्पानेरी ने कहा कि इस मामले का उल्लेख न्यायमूर्ति गोपी की अदालत के समक्ष इसलिए किया गया था क्योंकि उनकी अदालत आपराधिक पुनरीक्षण मामले की सुनवाई करती है। सूरत की एक निचली अदालत ने 23 मार्च को गांधी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिया गया। दोषसिद्धि के खिलाफ गांधी की याचिका सूरत के सत्र न्यायाधीश ने 20 अप्रैल को खारिज कर दी थी।

# भारत पिछले साल रक्षा पर सबसे अधिक खर्च करने वाला चौथा देश रहा : सिपरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** पिछले साल रक्षा पर सबसे अधिक खर्च करने वाला दुनिया का चौथा देश रहा। भारत ने वर्ष 2021 के मुकाबले वर्ष 2022 में छह प्रतिशत अधिक राशि खर्च की। यह जानकारी स्वीडिश थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी रिपोर्ट में दी है। सैन्य व्यय रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने कुल रक्षा बजट की करीब 23 प्रतिशत राशि उपकरणों और अवसंरचना विकास पर व्यय की जिसमें चीन से लगती सीमा पर व्यय शामिल है जहां पर पड़ोसी देश के साथ तनाव चल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के रक्षा बजट का अधिकतर हिस्सा वेतन और पेंशन पर व्यय हुआ।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने वर्ष 2022 में कुल 81.4 अरब डॉलर की राशि रक्षा पर खर्च की जो वर्ष 2021 के मुकाबले छह प्रतिशत और वर्ष 2013 के मुकाबले 47 प्रतिशत अधिक है। सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया, भारत के रक्षा बजट में वृद्धि चीन और पाकिस्तान के साथ लगती सीमा पर मौजूद तनाव को प्रतिबिंबित करती है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 के दौरान दुनिया भर में रक्षा पर होने वाले खर्च में अकेले अमेरिका की हिस्सेदारी 39 प्रतिशत है। इसके बाद 13 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ चीन का स्थान आता है। रूस, भारत और सऊदी अरब क्रमश: 3.9 प्रतिशत, 3.6 प्रतिशत और 3.3 प्रतिशत रक्षा व्यय के साथ तीसरे, चौथे और पांचवे स्थान पर हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 में विश्व के रक्षा व्यय में 63 प्रतिशत हिस्सेदारी शीर्ष पांच देशों की है। सिपरी के मुताबिक वर्ष 2022 में सबसे बड़े 15 व्ययकर्ता देशों की विश्व सैन्य खर्च में हिस्सेदारी 82 प्रतिशत है तथा यह खर्च ।,842 अरब डॉलर है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में विश्व सैन्य व्यय में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह 2,240 अरब डॉलर हो गई है। यूरोप में कम से कम 30 साल में सैन्य व्यय में सबसे तेजी से वृद्धि हुई है। गौरतलब है कि वर्ष 2021 में भारत 76.6 अरब डॉलर सैन्य व्यय के साथ, रक्षा क्षेत्र पर खर्च के मामले में तीसरा देश था जबकि वर्ष 2016 में वह 55.9 अरब डॉलर के साथ पांचवा सबसे अधिक सैन्य व्यय करने वाला देश था।

# केरल के स्कूलों में एनसीईआरटी के हटाए गए हिस्सों को पढ़ाए जाने की संभावना

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल** में छात्रों को एनसीईआरटी की 11वीं और 12वीं कक्षा की पुस्तकों के उन हिस्सों को भी पढ़ाए जाने की संभावना है जिसे पाठ्यपुस्तकों से हटा दिया गया था। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों से हटाई जाने वाली सामग्री में महात्मा गांधी की हत्या और आरएसएस पर प्रतिबंध से संबंधित जानकारी भी शामिल है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने हाल ही में, पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत करने के नाम पर अपनी कक्षा 12 वीं की इतिहास की पाठ्यपुस्तक से महात्मा गांधी से संबंधित कुछ अंशों को हटा दिया था जिसमें यह भी हिस्सा शामिल है कि कैसे हिंदू-मुस्लिम एकता की उनकी खोज ने हिंदू चरमपंथियों को उकसाया। वह हिस्सा भी हटा दिया गया जहां महात्मा गांधी की हत्या के बाद सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाए जाने का जिक्र था। इन हिस्सों को हटाए जाने के बाद पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

सामान्य शिक्षा विभाग की एक स्वायत्त संस्था राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) इन हटाए गए हिस्सों को राज्य के पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए अपनी पाठ्यक्रम संचालन समिति के निर्णय पर विचार कर रही है। समिति की बैठक मंगलवार को हुई। समिति ने सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी को सरकार और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के साथ विचार-विमर्श के बाद इस मामले पर अंतिम निर्णय लेने का जिम्मा सौंपा है।

घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए शिवनकुट्टी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि एससीईआरटी और पाठ्यचर्या समिति राज्य के सामान्य शिक्षा विभाग के शैक्षणिक मामलों पर निर्णय लेती है।

मंत्री ने बताया कि एनसीईआरटी के साथ किए गए एक समझौता ज्ञापन के अनुसार, केरल उनकी 44 पाठ्यपुस्तकों का उपयोग कर रहा है और उनमें से उच्च-माध्यमिक स्तर पर इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र सहित अन्य विषयों की सामग्री में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। उन्होंने कहा, पाठ्यचर्या समिति ने सर्वसम्मति से इन पाठ्य पुस्तकों से हटाए गए उन सभी भागों को पाठ्यक्रम में शामिल करने और राज्य में छात्रों को पढ़ाने का निर्णय लिया। मुझे सरकार और मुख्यमंत्री को निर्णय के बारे में सूचित करने और इस संबंध में आवश्यक निर्णय लेने का काम सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के साथ विचार-विमर्श के बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा।

# शिअद नेता प्रकाश सिंह बादल को श्रद्धांजलि देने उमड़े लोग

**भाषा।** चंडीगढ़

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के कार्यालय में प्रकाश सिंह बादल को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहां, पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रहे बादल को श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता पहुंचे थे। शिअद के वरिष्ठ नेता बादल को सांस लेने में समस्या पेश आने के बाद 16 अप्रैल को मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने मंगलवार रात करीब आठ बजे अंतिम सांस ली। वह 95 वर्ष के थे। पंजाब सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री के सम्मान में बृहस्पतिवार को अवकाश घोषित किया है। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, राज्य के सभी सरकारी कार्यालय, विभाग, बोर्ड, निगम और शैक्षणिक संस्थान बृहस्पतिवार को बंद रहेंगे।

केंद्र सरकार पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री के सम्मान में 26 और 27 अप्रैल को दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा पहले ही कर चुकी है। सात दशक से अधिक समय तक पंजाब की राजनीति में सक्रिय रहे शिअद नेता के पार्थिव शरीर को एक एंबुलेंस से यहां पार्टी मुख्यालय में लाया गया। पार्टी के शोक संतप्त समर्थक, शिअद के दिवंगत नेता के अंतिम दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़े रहे और सरदार प्रकाश सिंह जी बादल अमर रहे के नारे लगाए। लोगों की भारी मौजूदगी के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, पटियाला से सांसद परनीत कौर सहित कई नेताओं ने प्रकाश सिंह बादल को श्रद्धांजलि दी।

चौटाला अपने प्रिय मित्र एवं शिअद के वरष्ठि नेता को श्रद्धांजलि देते हुए अपने आंसू रोक नहीं पाए। चौटाला और बादल, क्रमश: हरियाणा और पंजाब के दो शक्तिशाली राजनीतिक परिवार हैं। दोनों परिवारों के बीच लंबे और घनिष्ठ संबंध हैं। बादल पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के करीबी मित्र थे, जिन्हें ताऊदेवी लाल के नाम से जाना जाता था। चौटाला ने बाद में बादल को किसानों का मसीहा कहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार दोपहर चंडीगढ़ पहुंचने के बाद सीधे शिअद कार्यालय पहुंचे। पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी उनके साथ थे।

प्रधानमंत्री ने बादल के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किए और फिर शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल के बगल में बैठे। प्रधानमंत्री मोदी, शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल का हाथ थामे उनके पिता के निधन पर दुख व्यक्त करते नजर आए। मोदी कुछ समय के लिए शिअद कार्यालय में रुके। बादल के पार्थिव शरीर को यहां शिअद के मुख्य कार्यालय में रखा गया है, ताकि लोग उनके अंतिम दर्शन कर सकें। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस, कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, पटियाला की सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुनील जाखड़, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, भाजपा की पंजाब इकाई के प्रमुख अश्विनी शर्मा ने भी शिअद के दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी।

चन्नी और कौर ने भी शिअद के दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। बादल के दामाद आदेश प्रताप सिंह कैरों, पोते अनंतवीर सिंह बादल, बिक्रम सिंह मजीठिया, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता जसवीर सिंह गढ़ी भी शिअद कार्यालय पहुंचे थे। केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश और पूर्व मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने अस्पताल में सुखबीर के प्रति संवेदना व्यक्त की, जहां उनके पिता ने मंगलवार को अंतिम सांस ली थी। पूर्व मंत्री मनप्रीत सिंह बादल भी वहां मौजूद थे। सुखबीर और मनप्रीत दोनों को अस्पताल में प्रकाश सिंह बादल के पार्थिव शरीर के पास देखा गया।

पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्टल, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और कांग्रेस नेता लाल सिंह सहित अन्य नेता पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए शिअद कार्यालय पहुंचे। शिअद के दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर को कुछ घंटों के लिए यहां पार्टी मुख्यालय में रखा गया और बाद में प्रकाश सिंह बादल के पार्थिव शरीर को राजपुरा, पटियाला, संगरूर, बरनाला, रामपुरा फूल और बठिंडा होते हुए मुक्तसर स्थित पूर्व मुख्यमंत्री के पैतृक गांव बादल ले जाया गया। फूलों से सजी एंबुलेंस को बिक्रम सिंह मजीठिया चला रहे थे और उनके बगल में सुखबीर सिंह बादल बैठे थे। मुक्तसर जाने के रास्ते में कई जगहों पर पार्टी समर्थकों और लोगों ने एंबुलेंस पर फूल बरसाए। शिअद के एक नेता ने कहा कि प्रकाश सिंह बादल का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को दोपहर एक बजे मुक्तसर के बादल गांव में किया जाएगा।

# केकेआर ने आरसीबी को 21 रन से हराया

भाषा। बेंगलुरू

**सलामी** बल्लेबाज जेसन रॉय के अर्धशतक और कप्तान नितीश राणा की तेजतर्रार पारी के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को 21 रन से हराकर लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा।नाइट राइडर्स के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम कप्तान विराट कोहली (37 गेंद में 54 रन, छह चौके) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 179 रन ही बना सकी। उनके अलावा सिर्फ महिपाल लोमरोर (34) और दिनेश कार्तिक (22) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

नाइट राइडर्स की ओर से लेग स्पिनरों वरूण चक्रवर्ती (27 रन पर तीन विकेट) और सुयश शर्मा (30 रन पर दो विकेट) ने मिलकर पांच विकेट चटकाए। आंद्रे रसेल (29 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट हासिल किए। नाइट राइडर्स ने इससे पहले रॉय (29 गेंद में पांच छक्कों और चार चौकों से 56 रन) और कप्तान राणा (21 गेंद में 48 रन, चार छक्के, तीन चौके) की पारियों से पांच विकेट पर 200 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे आरसीबी की शुरुआत खराब रही और टीम ने पावर प्ले में 58 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए।

इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे कप्तान फाफ डुप्लेसी (17) ने उमेश यादव पर लगातार दो छक्के मारे लेकिन सुयश की गेंद को बाउंड्री पर रिंकू सिंह के हाथों में खेल गए। सुयश ने इसके बाद शाहबाज अहमद (02) को



पगबाधा किया जबकि ग्लेन मैक्सवेल (05) ने चक्रवर्ती की गेंद पर डेविड वाइसी को कैच थमाया। कप्तान कोहली हालांकि एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने पदार्पण कर रहे वैभव आरोड़ा पर चौके के साथ खाता खोला और फिर सुयश पर लगातार दो चौके मारे। लोमरोर ने सुनील नारायण पर दो छक्के मारे जबकि कोहली ने सुयश पर चौके के साथ 11वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर इसी ओवर में दो रन के साथ 33 गेंद में मौजूदा टूर्नामेंट का अपना पांचवां अर्धशतक बनाया।लोमरोर ने चक्रवर्ती पर अपना तीसरा छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर बाउंड्री पर रसेल को कैच दे बैठे।

उन्होंने 18 गेंद में तीन छक्के और एक चौका मारा। आरसीबी को अगले ओवर में बड़ा झटका लगा जबकि रसेल की गेंद पर वेंकटेश अय्यर ने बाउंड्री पर कोहली का शानदार कैच लपका। सुयश प्रभुदेसाई भी नौ गेंद में 10 रन बनाकर रन आउट हुए जिससे टीम का स्कोर छह विकेट पर 138 रन हो गया। मेजबान टीम को अंतिम पांच ओवर में 63 रन की जरूरत थी। अगले दो ओवर में सिर्फ 15 रन बने जबकि रसेल ने वानिंदु हसरंगा (05) को पवेलियन भेजा।

चक्रवर्ती के अगले ओवर में भी सिर्फ चार रन बने जबकि दिनेश कार्तिक (22) ने रिंकू को कैच थमा दिया जिससे आरसीबी की रही सही उम्मीद भी टूट गई। आरसीबी को अंतिम दो ओवर में 44 रन की दरकार थी और टीम इस स्कोर के आसपास भी नहीं पहुंच सकी। इससे पहले कोहली ने टॉस जीतकर नाइट राइडर्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद रॉय और जगदीशन ने पहले विकेट के लिए तेजी से 83 रन जोड़े। रॉय ने मोहम्मद सिराज (33 रन पर एक विकेट) के पहले ओवर में दो चौके जड़ने के बाद उनके अगले ओवर में भी चौका मारा। जगदीशन ने भी डेविड विली पर चौके से खाता खोला और फिर उनके अगले ओवर में दो बार गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। रॉय ने शाहबाज अहमद का स्वागत चार छक्कों से किया जिससे नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 66 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** जेसन रॉय बो विशाख 56, नारायण जगदीशन का विली बो विशाख 27, वेंकटेश अय्यर का मैक्सवेल बो हसरंगा 31, नितीश राणा का विशाख बो हसरंगा 48, आंद्रे रसेल बो सिराज 01, रिंकू सिंह नाबाद 18, डेविड वाइसी नाबाद 12, **अतिरिक्त:** 07 **कुल: 20 ओवर में पांच विकेट पर:** 200 रन **विकेट पतन:**1-83, 2-88, 3-168, 4-169, 5-185 **गेंदबाजी:** सिराज 4-0-33-1, विली 3-0-31-0, हसरंगा 4-0-24-2, शाहबाज 1-0-25-0, विशाख 4-0-41-2, हर्षल 4-0-44-0

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** विराट कोहली का अय्यर बो रसेल 54, फाफ डुप्लेसी का रिंकू बो सुयश 17, शाहबाज अहमद पगबाधा बो सुयश 02, ग्लेन मैक्सवेल बो वाइसी का चक्रवर्ती 05, महिपाल लोमरोर का रसेल बो चक्रवर्ती 34, दिनेश कार्तिक का रिंकू बो चक्रवर्ती 22, सुयश प्रभुदेसाई रन आउट 10, वानिंदु हसरंगा का स्थानापन्न बो रसेल 05, डेविड विली नाबाद 11, विजयकुमार विशाख नाबाद 13, **अतिरिक्त:** 06 **कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर:** 179 रन, **विकेट पतन:** 1-31, 2-51, 3-58, 4-113, 5-115, 6-137, 7-152, **गेंदबाजी:** अरोड़ा 2-0-22-0, उमेश 1-0-19-0, सुयश 4-0-30-2, चक्रवर्ती 4-0-27-3, रसेल 4-0-29-2, नारायण 4-0-41-0, राणा 1-0-8-0

# हम अर्जुन की रफ्तार बढ़ाने पर काम करेंगे : शेन बॉन्ड

भाषा। अहमदाबाद

**मुंबई** इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा है कि वह अर्जुन तेंदुलकर की गेंदों की गति बढ़ाने पर काम करेंगे जो अभी लगभग 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं।

पंजाब किंग्स के खिलाफ अर्जुन तेंदुलकर ने 48 रन लुटाए थे जिसमें उनके एक ओवर में 31 रन बने थे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ हालांकि उन्होंने अच्छी वापसी की तथा दो ओवर में नौ रन देकर एक विकेट लिया। बॉन्ड ने मुंबई की 55 रन से हार के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिछले मैच में जो कुछ हुआ उसके बाद उसने आज अच्छी गेंदबाजी की। इतने अधिक दर्शकों के सामने खेलना आसान नहीं होता है। हम उसकी रफ्तार बढ़ाने पर काम करेंगे लेकिन आज हमने उससे जैसा कहा था उसने वैसा ही किया।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन ने लंबे इंतजार के बाद 16 अप्रैल को उसी वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल में पदार्पण किया जिसमें उनके पिता सचिन तेंदुलकर ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। उन्होंने तब दो ओवरों में 17 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इसके बाद पंजाब किंग्स वाले मैच को छोड़कर उन्होंने प्रत्एक मैच में अपनी गेंदबाजी




से प्रभावित किया। बॉन्ड ने कहा, यह कई चीजों का संयोजन होता है। हम वैसा नहीं कर पा रहे हैं जैसा हमें करना चाहिए। हमारी रणनीति बेहद सरल है। हम गौर करते हैं किसी क्षेत्र में गेंदबाजी करने के क्या परिणाम निकलते हैं। जब हमारी वह रणनीति नहीं चल पाती है तो हम तुरंत ही उसमें कुछ बदलाव करते हैं। उन्होंने कहा, यह निराशाजनक है कि जब हम लक्ष्य का पीछा करते हुए बैकफुट पर होते हैं तो अपनी रणनीति में अंतर नहीं कर पाते हैं।

## आईपीएल के बीच में आर्चर की कोहनी की सर्जरी, इस सप्ताह खेलने के लिए फिट

**लंदन।** इंग्लैड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का आईपीएल के बीच मे कोहनी का छोटा आपरेशन हुआ। मुंबई इंडियंस के लिए खेलते समय उनकी पुरानी चोट फिर उभर आई थी और वह 19 दिन से ब्रेक पर थे। ब्रिटिश अखबार डेली टेलिग्राफ के अनुसार आर्चर सर्जरी के लिए बेल्जियम गए थे। उनकी सर्जरी एंटवर्प के मशहूर सर्जन रोजर वान रिएत ने की जो कोहनी के विशेषज्ञ है। अब वह रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलने के लिए फिट है। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ मुंबई इंडियंस का पहला मैच खेला था और चार ओवर मे 33 रन दिए थे। उन्हें उस मैच में कोई विकेट नही मिली। इसके बाद वह 19 दिन ब्रेक पर थे और वापसी करते हुए पंजाब के खिलाफ चार ओवर मे 42 रन दे डाले जबकि एक ही विकेट मिली। आर्चर को मुंबई ने आठ करोड़ रुपए मे खरीदा था लेकिन कोहनी की दिक्कत के कारण वह पिछला पूरा सत्र नही खेल सके। बेल्जियम में हुआ आपरेशन पिछले 25 महीने मे उनका पांचवां आपरेशन है।

## चैपमैन, इफ्तिखार कैरियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर, सूर्य शीर्ष पर

**दुबई।** न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और पाकिस्तान के इफ्तिखार अहमद पांच मैचो की श्रृंखला खत्म होने के बाद आईसीसी टी20 पुरुषों की रैंकिंग मे कैरियर की सर्वोच्च पायदान पर पहुंच गए। सूर्यकुमार यादव रैंकिंग मे शीर्ष पर है और शीर्ष दस मे अकेले भारतीय है। श्रृंखला मे सर्वाधिक 290 रन बनाने वाले चैपमैन ने 48 पायदान की छलांग लगाकर 35वें स्थान पर कब्जा किया। इससे पहले वह फरवरी 2018 मे 54वें स्थान पर पहुंचे थे। वही आखिरी मैच मे 36 रन बनाने वाले इफ्तिखार छह पायदान चढकर 38वें स्थान पर पहुंच गए है। मोहम्मद रिजवान दूसरे और बाबर आजम तीसरे स्थान पर हैं। इफ्तिखार इससे पहले पिछले साल नवंबर मे 43वें स्थान पर पहुंचे थे।

## महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट : भारत ने नेपाल को हराकर शृंखला में बराबरी की

**पोखरा।** सिमु दास और फूला सारेन के अर्धशतकों की मदद से भारत ने नेपाल को नौ विकेट से हराकर महिलाओ की द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला में 1 -1से बराबरी की। नेपाल ने मंगलवार को पहला मैच जीता था। नेपाल के खिलाफइस श्रृंखला केलिए भारतीय टीम पहली बार बनाई गई है। सिमु को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच शुक्रवार को काठमांडो मे खेला जाएगा। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 172 रन बनाए। जवाब में भारत ने 14 . 3 ओवर मे एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सिमु ने 66 और फूला ने 65 रन की नाबाद पारियां खेली।

## एशियाई खेल गोल्फ ट्रायल: महिलाओं में अवनी, पुरुषों में खलिन शीर्ष पर

**कोलकाता।** अवनी प्रशांत दूसरे दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से बुधवार को यहां एशियाई खेलों के गोल्फ ट्रायल में शीर्ष पर पहुंच गई। पहले दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाने वाली अवनी का कुल स्कोर आठ अंडर 136 है। अवनी के बाद दूसरे स्थान पर कर्नाटक की एक अन्य गोल्फर प्रणवी उर्स है। दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का स्कोर बनाने वाली प्रणवी अवनी से एक शॉट पीछे है। पुरुष वर्ग में खलिन जोशी शीर्ष पर बरकरार है। पहले दौर में 67 का स्कोर बनाने के बाद खलिन ने दूसरे दौर में 68 के स्कोर से कुल नौ अंडर 135 के स्कोर के साथ 2016 के ओलंपियन एसएसपी चौरसिया (69 और 68) पर दो शॉट की बढ़त बना ली है।

# चेन्नई सुपर किंग्स से पार पाना आसान नहीं होगा राजस्थान रॉयल्स के लिए

भठजठ। जयपुर

**पिछले** दो मैचों में हार से पस्त राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में गुरुवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वापसी करने की उम्मीद से मैदान पर उतरेगा लेकिन लगातार तीन जीत से उत्साह से ओतप्रोत महेंद्र सिंह धोनी की टीम से पार पाना उसके लिए आसान नहीं होगा।

रुतुराज गायकवाड़, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे की शानदार बल्लेबाजी से चेन्नई ने पिछले तीन मैचों में आसान जीत दर्ज की। ऐसे में इस मैच में चेन्नई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों और राजस्थान के विश्वस्तरीय स्पिनरों के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। कॉनवे ने इस सत्र में अभी तक शानदार बल्लेबाजी करके सात मैचों में 314 रन बनाए हैं जबकि अजिंक्य रहाणे के आक्रामक तेवर सभी टीमों पर भारी पड़ रहे हैं। उन्होंने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ केवल 29 गेंदों पर नाबाद 71 रन की तेजतर्रार पारी खेली थी। रहाणे अभी तक पांच मैचों में 209 रन बना चुके हैं और उनका स्ट्राइक रेट 199.04 है। रॉयल्स के लिए यह राहत की बात है कि उसने इस सत्र में चेन्नई के खिलाफ पिछला मैच जीता था। उस मैच में भी धोनी ने एक समय चेन्नई को जीत के करीब पहुंचा दिया था लेकिन आखिर में उनकी टीम को घरेलू दर्शकों के सामने तीन रन से हार का सामना करना पड़ा था।

लेकिन तब से लेकर चीजें काफी बदल चुकी हैं तथा चेन्नई पांच जीत से 10 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच चुका है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुरुवार को होने वाले मैच में जीत से उसने प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को मजबूती मिलेगी। इसके लिए वहां राजस्थान को उसके घरेलू मैदान पर हराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

लगातार दो मैचों में हार से राजस्थान अपनी टीम का अभियान वापस पटरी पर लाने के लिए बेताब होगा और चेन्नई की मजबूत टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगा। यदि राजस्थान को चेन्नई को हराना है तो उसके चोटी के बल्लेबाजों जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिच से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है और ऐसे में राजस्थान के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी।

राजस्थान रॉयल्स भले ही अपने घरेलू मैदान पर खेल रहा होगा लेकिन इस बात की पूरी संभावना है कि दर्शकों से धोनी को अपार समर्थन मिलेगा जैसे कि कुछ दिन पहले कोलकाता में हुआ था। माना जा रहा है कि धोनी अंतिम बार आईपीएल में खेल रहे हैं।

## गोवा में अक्टूबर में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि राज्य में अक्टूबर 2023 में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सावंत इन खेलों की तैयारियों के संबंध में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। गोवा के खेल मंत्री गोविंद गौड़े ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

सावंत ने कहा, राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन समारोह 23 या 24 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। यह प्रधानमंत्री के कार्यक्रम पर निर्भर करेगा। उन्होंने इसके साथ ही बताया कि खेल 10 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। खेलों का उद्घाटन समारोह दक्षिण गोवा के फतोर्डा में स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

आईओए प्रमुख उषा ने कहा कि गोवा राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है।

# रोहित शर्मा को आईपीएल से थोड़े समय के लिए विश्राम देना चाहिए : सुनील गावस्कर

भाषा। नई दिल्ली

**अपने** जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि मुंबई इंडियंस और भारत के कप्तान रोहित शर्मा को मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से थोड़े समय के लिए विश्राम लेना चाहिए ताकि वह जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए खुद को तरोताजा रख सकें।

गावस्कर ने कहा कि रोहित मुंबई इंडियंस के आईपीएल अभियान के दौरान आखिरी तीन चार मैचों में वापसी कर सकते हैं ताकि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए लय में रहें। डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से लंदन के ओवल में शुरू होगा जबकि आईपीएल का फाइनल 28 मई को खेला जाएगा।

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में अभी तक सात मैच खेले हैं और रोहित को बल्लेबाजी में मिश्रित



सफलता मिली है। उन्होंने आईपीएल में अब तक 181 रन बनाए हैं जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। उनका औसत 25.86 और स्ट्राइक रेट 135.07 है।

क्रिकइंफो के अनुसार गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं इमानदारी से यह कहना चाहूंगा कि रोहित को कुछ समय के लिए विश्राम लेना चाहिए और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए खुद को फिट रखना चाहिए। वह आखिर के कुछ मैचों के लिए वापसी कर सकते हैं लेकिन अभी उन्हें खुद को कुछ समय के लिए विश्राम देना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि इस स्तर पर उन्हें थोड़ा विश्राम की जरूरत है। वह आखिर के तीन या चार मैचों के लिए वापसी कर सकते हैं ताकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए उनकी लय बनी रहे।

गावस्कर ने कहा कि हो सकता है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के महत्व को देखते हुए रोहित उसके बारे में सोचने लग गए होंगे। उन्होंने कहा, अभी मैं मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी क्रम में कुछ बदलाव देखना चाहूंगा। वह (रोहित) थोड़ा चिंतित नजर आ रहा है। हो सकता है कि इस स्तर पर वह डब्ल्यूटीसी (फाइनल) के बारे में सोच रहा हो, मैं नहीं जानता। मुंबई इंडियंस की टीम अभी तक साम मैचों में तीन जीत से सातवें स्थान पर काबिज है और गावस्कर का मानना है कि कोई चमत्कार ही उसे प्लेऑफ में जगह दिला सकता है।

## एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** महिला हॉकी टीम चीन के हांगझू में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के सिलसिले में पांच मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी।

भारतीय टीम का यह दौरा 18 मई को शुरू होकर 27 मई को समाप्त होगा। भारतीय टीम पहले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम का सामना करेगी जबकि अंतिम दो मैच ऑस्ट्रेलिया ए टीम से खेलेगी। सभी मैच एडिलेड में खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच 18 मई को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा जबकि इसके बाद अगले दो मैच 20 और 21 मई को खेले जाएंगे। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया ए से 25 और 27 मई को मैच खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम अभी विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है जबकि भारतीय टीम आठवें स्थान पर है। भारतीय टीम का यह दौरा एशियाई खेलों की तैयारी के सिलसिले में आयोजित किया जाएगा जिनका आयोजन इस साल सितंबर अक्टूबर में होना है। भारतीय कोच यानेके शोपमैन ने इस दौरे के बारे में कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलने से हमें यह आकलन करने में मदद मिलेगी कि हम दुनिया की चोटी की महिला टीमों के सामने किस स्थिति में हैं।



जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल टी20 क्रिकेट मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी।

## गुजरात को नेट्स पर लंबे अभ्यास सत्र का फायदा मिल रहा है: अभिनव मनोहर

भाषा। अहमदाबाद

**गुजरात** टाइटंस के बल्लेबाज अभिनव मनोहर ने कहा कि टीम के बल्लेबाजों को नेट्स पर लंबे अभ्यास सत्र का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फायदा मिल रहा है। घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक की तरफ से खेलने वाले इस 28 वर्षीय बल्लेबाज ने मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 21 गेंदों पर 42 रन की आक्रामक पारी खेली जिससे गुजरात ने यह मैच 55 रन से जीता। उनके अलावा डेविड मिलर और राहुल तेवतिया ने भी आक्रामक पारियां खेली जबकि शुभमन गिल ने अर्धशतक जड़ा। मनोहर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारी टीम बहुत अधिक अभ्यास करती है। हम अभ्यास सत्र में बहुत अधिक समय बिताते हैं और बल्लेबाजों को पर्याप्त अभ्यास का मौका मिलता है जिससे वास्तव में हमें मदद मिल रही है। उन्होंने कहा, हमने आईपीएल से पहले दो अभ्यास शिविरों में हिस्सा लिया था जिससे वास्तव में हमें फायदा मिला। मैं टीम में अपनी भूमिका जानता हूं। फ्रेंचाइजी ने हमें हमारी भूमिका को लेकर स्पष्ट तौर पर बता रखा है और इससे भी हमें मदद मिलती है। अपनी पारी के दौरान तीन छक्के और इतने ही चौके लगाने वाले मनोहर ने कहा कि क्रीज पर दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज मिलर से बातचीत करने से भी उन्हें फायदा मिला।

# सिंधू, श्रीकांत, त्रिसा-गायत्री प्री क्वार्टर फाइनल में, सेन बाहर

भाषा। दुबई **एशिया बैडमिंटन**

**भारत** के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन एशिया बैडमिंटन चैम्पियनशिप में बुधवार को पहले दौर से बाहर हो गए जबकि ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत आसान जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इंडोनेशिया की लैनी त्रिया मायासारी और रिबका सुगिआर्तो को 17 – 21, 21 – 17, 21 – 18 से मात देकर अंतिम 16 में जगह बनाई। मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने चीनी ताइपे की वेन चि सू को 21 – 15, 21 – 20 से हराया। अब उनका सामना विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज चीन की हान यूइ से होगा। विश्व चैम्पियनशिप में पूर्व रजत पदक विजेता किदाम्बी श्रीकांत ने अदनान इब्राहिम को 21 – 13, 21 – 8 से हराया। अब वह दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी कोदाइ



नाराओका से खेलेंगे। वहीं त्रिसा और जॉली ने पहला गेम गंवाने के बाद दोनों ने दमदार वापसी की और दूसरे गेम में 5 – 0 की बढत बना ली। यह गेम जीतकर उन्होंने मुकाबला निर्णायक गेम में खींचा। तीसरे गेम में मुकाबला बराबरी का था और एक समय भारतीय जोड़ी पिछड़ रही थी। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी ने मिश्रित युगल के पहले दौर में मलेशिया के चान पेंग सुन और चिया यि सि को 21 – 12, 21 – 16 से हराया। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सेन को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी लोह कीन यू ने 21 – 7, 23 – 21 से हराया। बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 24वें स्थान पर खिसके सेन को कठिन ड्रॉ मिला था।

मालविका बंसोड़ को दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी अकाने यामागुची ने 25 – 23, 21 – 19 से हराया। पुरुष युगल में केपी गारगा और विष्णुवर्धन गौड़ को जापान के ताकुरो होकी और योग कोबायाशी ने 21 – 15, 21 – 17 से मात दी। वहीं पी एस रविकृष्णा और शंकर प्रसाद उदयकुमार को मलेशिया के मान वेइ चोंग और केइ वुन ती के हाथों 12 – 21, 17 – 21 से पराजय झेलनी पड़ी।

## स्पेन के फुटबॉल क्लब से हारी भारत की अंडर-17 टीम

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 फुटबाल टीम को स्पेन दौरे के अपने दूसरे अभ्यास मैच में मैड्रिड के लेगानेस अंडर-18 क्लब से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की अंडर-17 टीम इस साल जून-जुलाई में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप तैयारियों के सिलसिले में अभी स्पेन के दौरे पर है। भारतीय टीम ने इससे पहले पिछले सप्ताह एटलेटिको डी मैड्रिड अंडर-17 के खिलाफ अभ्यास मैच में 4-। से जीत हासिल की थी। भारतीय टीम ने लेगानेस के खिलाफ सकारात्मक शुरुआत की और खेल शुरू होते ही आक्रामक रवैया अपनाया। भारत के पास चौथे मिनट में ही गोल करने का मौका था लेकिन तब डैनी मेइती लैशराम के क्रॉस पर लगाया गया शाश्वत पवार का शॉट विरोधी टीम के गोलकीपर ने रोक दिया। मैच आगे बढ़ने के साथ भारतीय खिलाड़ियों ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखने की अच्छी कोशिश की लेकिन स्पेन के क्लब में 35वें मिनट में जवाबी हमला करके पहला गोल दाग दिया।

# करुणारत्ने और मधुशंका के शतक, श्रीलंका 1/357 रन

एपी। गॉल

**सलामी** बल्लेबाजों दिमुथ करुणारत्ने और निशान मधुशंका ने रिकॉर्ड साझेदारी के साथ शतक जड़े जिससे श्रीलंका ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन बुधवार को यहां एक विकेट पर 357 रन बनाए। कप्तान करुणारत्ने दिन के खेल के दौरान आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। वह लंच से ठीक पहले कर्टिस कैंफर की गेंद पर पवेलियन लौटे। उन्होंने 133 गेंद में 15 चौकों से 115 रन बनाए।

करूणारत्ने के आउट होने के बाद मधुशंका (नाबाद 149) और कुसाल मेंडिस (नाबाद 83) ने दिन के खेल के दौरान आयरलैंड को और सफलता हासिल नहीं करने दी। दोनों दूसरे विकेट के लिए 129 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। भारी बारिश के कारण चाय के विश्राम से कुछ समय पहले खेल रोकना पड़ा जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया।

मधुशंका ने 234 गेंद की अपनी



पारी में 18 चौके और एक छक्का मारा है जबकि मेंडिस की 96 गेंद की पारी में सात चौके और पांच छक्के शामिल हैं। चौबीस साल के मधुशंका ने हैरी टेक्टर पर डीप मिड विकेट पर चौके के साथ जब अपना पहला शतक पूरा किया तो कप्तान ने उन्हें गले लगा लिया।

मधुशंका हालांकि 131 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब आयरलैंड के कप्तान एंड्री बालबिर्नी ने ऑफ स्पिनर एंडी मैकबिर्नी की गेंद पर पहली स्लिप में उनका आसान कैच टपका दिया। इससे पहले करूणारत्ने ने सिर्फ 116 गेंद में शतक पूरा किया जो उनके करियर का 16वां और श्रृंखला का दूसरा शतक है। यह उनके करियर का सबसे तेज शतक भी है। इससे पहले 2021 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जोहानिसबर्ग में 123 गेंद में शतक जड़ा था।

करुणारत्ने ने मधुशंका के साथ पहले विकेट के लिए 228 रन जोड़ जो गॉल में पहले विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। इस जोड़ी ने 2000 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाए सनथ जयसूर्या और मर्वन अटापट्टू के रिकॉर्ड को तोड़ा। करुणारत्ने के आउट होने के बाद मेंडिस ने तूफानी बल्लेबाजी की। पहले टेस्ट में 140 रन बनाने वाले मेंडिस ने सिर्फ 59 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने मैथ्यू हैम्फ्रे पर लगातार तीन छक्के मारे।